सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-55 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 12 अगस्त 2025
17 सफर 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# कुछ लोग सांसदों के लिए बने कोसी टावर को बिहार चुनाव के चश्मे से देखेंगे : मोदी

■ प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर कसा तंज



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सांसदों के लिए नए फ्लैट्स के उद्घाटन के दौरान विपक्ष पर तंज कसा। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग सांसदों के लिए बने बहुमंजिला फ्लैटों के कोसी टावर को बिहार विधानसभा चुनावों के चश्मे से देखेंगे। बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बने 184 नए टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैट्स के एक टावर का नाम बिहार की कोसी नदी के नाम पर है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि परिसर के चार टावरों के नाम कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली नदियों के नाम पर रखे गए हैं। मुझे संसद में अपने सहयोगियों के लिए आवासीय परिसर का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला। चार टावरों के नाम कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली हैं, जो भारत की चार महान नदियां हैं। कुछ लोगों को कोसी नाम के टावर से असहजता महसूस होगी। वे इसे नदी के रूप में नहीं, बल्कि बिहार चुनावों के चश्मे से देखेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि अब दिल्ली में सांसदों को रहने में आसानी होगी। सांसदों के लिए घरों की उपलब्धता बढ़ेगी। मैं इन फ्लैटों के निर्माण में लगे इंजीनियरों और कर्मचारियों को बधाई देता हूं। हमारे सांसदों को नए आवासों में कोई परेशानी नहीं होगी। वे अपने काम पर ज्यादा ध्यान दे पाएंगे। इन बहुमंजिला इमारतों में 180 से अधिक सांसद एक साथ रह सकेंगे। 2014 से अब तक 350 सांसद आवास बनाए जा चुके हैं।

पीएम ने कहा कि जैसा कि मैंने पहले कहा था कि किराये के भवनों में चलने वाले मंत्रालयों के किराये पर सरकार को सालाना लगभग 1500 करोड़ रुपये का खर्च आता था। इसी तरह पर्याप्त संख्या में सांसद आवासों के अभाव में सरकारी खर्च बहुत ज्यादा था। सांसद आवासों की कमी के बावजूद 2014 से 2024 तक कोई नया आवास नहीं बनाया गया। हमने इस काम को एक अभियान की तरह लिया। 2014 से अब तक 350 सांसद आवास बनाए जा चुके हैं। यह परिसर सांसदों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। प्रत्येक फ्लैट में 5,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल है, जिसमें कार्यालय और स्टाफ के लिए जगह भी है। यह परियोजना गृह 3-स्टार रेटिंग और राष्ट्रीय भवन संहिता के अनुरूप है। इमारतें भूकंपरोधी हैं और दिव्यांगों के लिए अनुकूलित हैं। इस परिसर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है और यह संसद सदस्यों की कार्यात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक सुविधाओं की पूरी श्रृंखला से सुसज्जित है। हरित प्रौद्योगिकी को सम्मिलित करते हुए, यह परियोजना जीआरआईएचए 3-स्टार रेटिंग के मानकों का पालन करती है।

### पीएम ने सिंदूर का पौधा लगाया

इससे पहले प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बने 184 नए टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैट्स का उद्घाटन किया। इस दौरान मोदी ने सिंदूर का पौधा भी लगाया। साथ ही फ्लैटों के पीछे काम करने वाले श्रमजीवियों से बातचीत की। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित थे।

# आय-आधारित आरक्षण की मांग वाली जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार

■ केंद्र को नोटिस जारी कर 10 अक्टूबर तक मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट उस जनहित याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गया, जिसमें केंद्र को सरकारी नौकरियों में आरक्षण की अधिक न्यायसंगत व्यवस्था के लिए नीतियां बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने रमाशंकर प्रजापति और यमुना प्रसाद द्वारा दायर जनहित याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी कर 10 अक्तूबर तक जवाब मांगा। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि वे भारी विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहें क्योंकि इस जनहित याचिका के दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं।

याचिका में कहा गया है कि यह दृष्टिकोण संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 को मजबूत करेगा और मौजूदा कोटा में बदलाव किए बिना समान अवसर सुनिश्चित करेगा। याचिका में कहा गया है, दशकों से आरक्षण के बावजूद, आर्थिक रूप से सबसे वंचित लोग अक्सर पीछे छूट जाते हैं और आरक्षित श्रेणियों के अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति वाले लोग लाभ प्राप्त करते हैं। आय के आधार पर प्राथमिकता देने से यह सुनिश्चित होगा कि मदद वहीं से शुरू हो जहां इसकी आज सबसे ज्यादा जरूरत है। अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणियों से संबंधित दोनों याचिकाकर्ता, इस याचिका के माध्यम से इन समुदायों के भीतर आर्थिक असमानताओं को उजागर करना चाहते हैं, जिसके कारण मौजूदा आरक्षण नीतियों के तहत लाभों का असमान वितरण हुआ है।

याचिका में तर्क दिया गया कि आरक्षण की रूपरेखा वंचित समुदायों के उत्थान के लिए बनाई गई थी। लेकिन वर्तमान प्रणाली इन समूहों के अपेक्षाकृत समृद्ध आर्थिक स्तर और उच्च सामाजिक स्थिति वाले पृष्ठभूमि वाले लोगों को ही लाभ पहुंचाती है। इससे आर्थिक रूप से सबसे वंचित सदस्यों की अवसरों तक पहुंच सीमित हो जाती है। याचिका में कहा गया है, आरक्षण नीति में आर्थिक मानदंडों को शामिल करने की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लाभ उन लोगों को मिले जिन्हें वास्तव में सहायता की आवश्यकता है। इस सुधार प्रस्ताव का उद्देश्य जाति-आधारित आरक्षण को समाप्त या कमजोर करना नहीं, बल्कि उन्हें उनके इच्छित उद्देश्य को और अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए परिष्कृत करना है।

# सांसदों को लेकर जा रहे एयर इंडिया के विमान में आई तकनीकी दिक्कत

■ विमान की कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोक लेखा समिति के अध्यक्ष के. सी. वेणुगोपाल ने रविवार देर रात दावा किया कि तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की एक उड़ान, जिसमें वह और कई अन्य सांसद सवार थे, एक बड़े हादसे के बेहद करीब पहुंच गई थी। दूसरी ओर, एअर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि उड़ान संख्या एआई2455 को रविवार शाम तकनीकी खराबी के कारण चेन्नई डायवर्ट किया गया।

वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, तिरुवनंतपुरम से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआई2455 आज एक भयानक हादसे से बाल-बाल बची, जिसमें मैं, कई सांसद और सैकड़ों यात्री मौजूद थे। उन्होंने आगे कहा, यह यात्रा देरी से शुरू हुई और जल्द ही एक डरावने अनुभव में बदल गई। उड़ान भरते ही विमान में असामान्य झटके महसूस हुए। लगभग एक घंटे बाद कप्तान ने सिग्नल सिस्टम में खराबी की घोषणा की और विमान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया गया।

कांग्रेस नेता ने बताया, लगभग दो घंटे तक हम चेन्नई हवाई अड्डे के ऊपर चक्कर लगाते रहे, क्योंकि उतरने की अनुमति नहीं मिली। पहली बार उतरने की कोशिश के दौरान एक डरावना पल आया, जब हमें बताया गया कि रनवे पर दूसरा विमान मौजूद है। कप्तान की त्वरित सूझबूझ से विमान ने दोबारा उड़ान भरी और सभी की जान बच गई। दूसरी कोशिश में विमान सुरक्षित उतर सका।

वेणुगोपाल ने जोर देकर कहा, हमें कप्तान की कुशलता और थोड़ी किस्मत ने बचाया। यात्रियों की सुरक्षा को भाग्य के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। मैं नागर विमानन महानिदेशालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से अनुरोध करता हूं कि इस घटना की तुरंत जांच की जाए, दोषियों की जवाबदेही तय हो।

## यूक्रेनी राष्ट्रपति ने की पीएम मोदी से बात

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लंबी और विस्तृत बातचीत की। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि इस वार्ता में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों और मौजूदा अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक हालात पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को यूक्रेनी जनता के प्रति उनके गर्मजोशी भरे समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने आगे कहा कि उन्होंने पीएम मोदी को रूस के हमलों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किस तरह रूसी सेना यूक्रेन के शहरों और गांवों को निशाना बना रही है। विशेष रूप से उन्होंने जापोरिजिया के बस स्टेशन पर हुए एक दिन पहले हुए हमले का जिक्र किया, जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हमला जानबूझकर एक सामान्य शहरी ढांचे पर किया गया।

# सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा : योगी

मानसून सत्र

■ माता प्रसाद पांडेय वरिष्ठ नेता, उनके कंधे पर बंदूक रख गोली चला रहे लोग



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के आरोपों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा के कार्यकाल में व्यापारियों से गुंडा टैक्स वसूला जाता था। सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल एक दिखावा है। उनकी पार्टी और लोकतंत्र नदी के दो छोर हैं।

माता प्रसाद पांडेय के आरोपों पर सीएम ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष एक वरिष्ठ नेता हैं। कुछ लोग उनके कंधे पर बंदूक रखकर गोली चला रहे हैं। उन्हें अनावश्यक रूप से मोहरा बनाया जा रहा है। आपको ऐसा होने नहीं देना चाहिए। गोरखपुर के विरासत कॉरिडोर के मुद्दे पर सपा की राजनीति को सीएम ने नकारात्मक और विकास विरोधी बताया।

सीएम ने कहा कि गोरखपुर का विरासत कॉरिडोर जिले के सबसे पुराने बाजार, घंटाघर और गीताप्रेस जैसे ऐतिहासिक स्थानों को जोड़ने का काम करेगा। नेता प्रतिपक्ष से तीन दिन पहले हमने गोरखपुर विरासत कॉरिडोर का निरीक्षण किया था। वहां के एक-एक व्यापारी से बात की। यह गोरखपुर का पुराना बाजार है, जहां कंजेशन और अवैध कब्जे की समस्या थी। हमने सड़क निर्माण और कंजेशन दूर करने का काम शुरू किया है। उन्होंने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में इस क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं हुआ। हर साल 700 से 1500 बच्चों की मौत इन्सेफलाइटिस से होती थी। नेता प्रतिपक्ष के विधानसभा क्षेत्र और सिद्धार्थनगर में सैकड़ों बच्चे मरते थे। लेकिन, आपने कुछ नहीं किया। कहा कि सपा सरकार में संभल में नग्न तांडव हुआ। वर्तमान सरकार वहां शुद्धिकरण अभियान चला रही है।

### सपा से सुरक्षा और विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती

सीएम ने कहा कि गोरखपुर के व्यापारियों ने माता प्रसाद पांडेय के दौरे का विरोध किया था। क्योंकि, सपा के कार्यकाल में व्यापारियों को भय और गुंडा टैक्स का सामना करना पड़ा था। व्यापारी अभी तक उनके शोषण को नहीं भूले हैं। व्यापारियों ने आपका सम्मान पूर्वक विरोध किया। लेकिन, सपा से सुरक्षा और विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती।

# पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने दी गीदड़भभकी

■ असीम मुनीर ने भारत के खिलाफ परमाणु युद्ध की दी धमकी



**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने अमेरिकी धरती पर दिए गए एक भाषण में भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते हुए चेतावनी दी है कि अस्तित्व का खतरा पैदा होने पर पाकिस्तान आधी दुनिया को तबाह कर देगा। फ्लोरिडा के टैम्पा में व्यवसायी और मानद वाणिज्य दूत अदनान असद द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में बोलते हुए सेना प्रमुख ने कहा, हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं। अगर हमें लगता है कि हम बर्बाद हो रहे हैं तो हम आधी दुनिया को बर्बाद कर देंगे।

सोशल मीडिया पर वायरल एक समाचार की मानें तो अमेरिका की धरती से मुनीर ने उद्योगपति मुकेश अंबानी को भी धमकी देने की बात सामने आ रही है, हालांकि यह धमकी अप्रत्यक्ष रूप से बताई जा रही है।

रिपोर्टों के अनुसार अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश के खिलाफ परमाणु युद्ध के लिये दी गई उनकी यह पहली परमाणु धमकी हैं। फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के कमान परिवर्तन समारोह में भाग लेने के लिए टाम्पा में हैं। दो महीने से भी कम समय में यह उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा है जो अमेरिका-पाकिस्तान के बीच नए सैन्य संबंधों का संकेत है। इससे क्षेत्र में अमेरिकी मंशा को लेकर भारत में गंभीर सवाल उठ रहे हैं। फील्ड मार्शल मुनीर ने सिंधु नदी के चैनलों पर भारत द्वारा बनाए जाने वाले किसी भी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की भी धमकी दी। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि इस कदम से 25 करोड़ पाकिस्तानियों को भुखमरी का खतरा हो सकता है। उन्होंने कथिततौर पर कहा हम भारत द्वारा बांध बनाने का इंतजार करेंगे।

### भारत ने अमेरिका को दिखाया आईना

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर द्वारा अमेरिकी धरती से दी गई परमाणु धमकी से पता चलता है कि पड़ोसी देश ऐसे हथियारों के मामले में एक गैर-जिम्मेदार देश है, पाकिस्तान में परमाणु हथियारों के सरकार से इतर तत्वों के हाथों में पड़ जाने का वास्तविक खतरा है। सूत्रों ने कहा कि मुनीर की टिप्पणी इस बात का लक्षण है कि उस देश में लोकतंत्र मौजूद नहीं है। मुनीर की टिप्पणी पाकिस्तान में एक चलन का हिस्सा है, क्योंकि जब भी अमेरिका पाकिस्तानी सेना का समर्थन करता है, तो वह हमेशा अपनी आक्रामकता का असली रंग दिखाता है। उन्होंने कहा कि यह इस बात का लक्षण है कि पाकिस्तान में लोकतंत्र नहीं है।

## दंगा फैलाने में 10 भाजपाइयों समेत 160 पर एफआईआर दर्ज

**फतेहपुर।** मकबरा में घुसकर तोड़फोड़ के आरोप में 10 भाजपाइयों समेत 160 लोगों के खिलाफ सोमवार शाम एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश में 10 टीमें गठित कर दबिश दी जा रही है। एफआईआर के बाद दोनों पक्षों में दहशत का माहौल है। मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

आबूनगर बवाल के मामले में पुलिस की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसपी ने बताया कि विवादित मकबरा में कुछ लोगों ने घुसकर तोड़फोड़ की है। आरोपियों के खिलाफ दंगा व धार्मिक उन्माद फैलाने, गैर कानूनी तरीके से जमावड़ा लगाकर सभा करने, बलवा, सेवन सीएल के तहत संपत्ति को नुकसान की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## नियम पालन न करने पर 476 राजनीतिक दलों पर होगा एक्शन

■ सीईओ को निर्देश-जारी करें कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने सोमवार को कहा कि उसने 476 पंजीकृत लेकिन अप्रतिष्ठित राजनीतिक दलों को लिस्ट से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन दलों ने जरूरी नियमों का पालन नहीं किया है और पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव नहीं लड़ा है। यह कदम उस एक दिन बाद आया है जब आयोग ने ऐसे 334 दलों को लिस्ट से हटा दिया था, जिन्होंने चुनावी कानूनों और नियमों का पालन नहीं किया।

आयोग ने बताया कि इस दूसरी सूची में शामिल 476 दल देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को निर्देश दिया गया है कि वे इन राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करें। इसमें सबसे ज्यादा दल उत्तर प्रदेश से 121, महाराष्ट्र में 44, तमिलनाडु में 42 और दिल्ली में 41 हैं।




सियासत

## चुनाव आयोग की मांग पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जवाब

# मैं शपथपत्र पर हस्ताक्षर क्यों करूं? यह उनका डाटा है

■ पुलिस और सरकार हमें 30 सेकंड भी मार्च नहीं करने दे रही



**नई दिल्ली।** वोट चोरी विवाद के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शपथपत्र पर हस्ताक्षर करने को लेकर बड़ा बयान दिया है। राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, मैं शपथपत्र पर हस्ताक्षर क्यों करूं? यह उनका डाटा है, मेरा नहीं। इससे पहले विपक्षी सांसदों ने सोमवार को कथित वोट चोरी के खिलाफ संसद से चुनाव आयोग तक मार्च निकाला, लेकिन पुलिस ने बीच में रोककर सभी को हिरासत में ले लिया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जब चुनाव आयोग द्वारा उनसे वोट चोरी के आरोप पर शपथपत्र पर हस्ताक्षर करने के अनुरोध के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं शपथपत्र पर हस्ताक्षर क्यों करूं? यह उनका डेटा है, मेरा नहीं। उन्हें इसे अपनी वेबसाइट से लेना चाहिए। वे बस ध्यान भटका रहे हैं। और किसी को यह नहीं सोचना चाहिए कि यह केवल बंगलूरू में हुआ है; यह देश के कई निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ है। आज चुनाव आयोग कुछ छिपाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि एक दिन सब कुछ सामने आ जाएगा।

राहुल ने कहा, भारत के लोकतंत्र की हालत देखिए। 300 सांसद चुनाव आयोग से मिलकर एक दस्तावेज पेश करना चाहते थे, लेकिन उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी गई। वे डरे हुए हैं। अगर 300 सांसद आ गए और उनकी सच्चाई सामने आ गई तो क्या होगा? यह लड़ाई अब राजनीतिक नहीं रही। यह लड़ाई संविधान और एक व्यक्ति एक वोट के लिए है। हमने कर्नाटक में साफ तौर पर दिखा दिया है, यह मल्टीपल मैन, मल्टीपल वोट था। पूरा विपक्ष इसके खिलाफ लड़ रहा है। चुनाव आयोग के लिए अब छिपना मुश्किल होगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, पुलिस और सरकार हमें 30 सेकंड भी मार्च नहीं करने दे रही है। वे हमें यहीं रोकना चाहते हैं। देश में कैसा लोकतंत्र है? सांसदों को चुनाव आयोग जाने की आजादी नहीं है। अब वे कह रहे हैं कि सिर्फ 30 लोग ही आ सकते हैं।

### अखिलेश यादव ने लांघा पुलिस बैरिकेडिंग



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के विरुद्ध विपक्षी दलों के प्रदर्शन में सोमवार को अखिलेश यादव ने अलग छाप छोड़ी। सुरक्षाकर्मियों को छकाते हुए पुलिस बैरिकेडिंग लांघने की उनकी तस्वीर पूरे दिन भर मीडिया में छाई रही। अखिलेश यादव की यह तस्वीर उन लोगों को हैरत में डालने वाली थी जो यह मानकर चलते थे कि अखिलेश यादव सड़क की राजनीति में कहीं नहीं टिकते हैं अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग के विरुद्ध धरने में जिस जीवटता का प्रदर्शन किया है, उससे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। सपा को इसका लाभ मिल सकता है। अखिलेश यादव यह जानते हैं कि बिहार के बाद भाजपा सबसे ज्यादा ध्यान उत्तर प्रदेश पर ही देगी। चुनाव आयोग पहले ही कह चुका है कि चरणबद्ध तरीके से एसआईआर की प्रक्रिया पूरे देश में चलाई जाएगी।

# थारू शिल्पग्राम में अब नई रौनक, सौर ऊर्जा से होगा आलोकित परिसर, थारू म्यूजियम बनेगा आकर्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा के जंगलों के बीच बसे थारू जनजाति की संस्कृति और हुनर को अब दुनिया के सामने और भव्य रूप में पेश करने की तैयारी शुरू हो गई है। तहसील पलिया के सुदूरवर्ती वन क्षेत्र में स्थित थारू शिल्पग्राम को एक पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के लिए जिला प्रशासन ने मास्टर प्लान तैयार किया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में इको टूरिज्म निदेशक प्रखर मिश्रा भी विशेष रूप से शामिल हुए डीएम ने कहा कि थारू शिल्पग्राम न सिर्फ थारू जनजाति की कला, परंपरा और जीवनशैली को सहेजने का केंद्र बनेगा, बल्कि यह क्षेत्रीय पर्यटन के नए आयाम भी स्थापित करेगा। इसके लिए परिसर को पूरी तरह सौर ऊर्जा से संतृप्त करने का निर्णय लिया गया, जिससे यह पर्यावरण अनुकूल और सतत ऊर्जा का आदर्श उदाहरण बने बैठक में तय किया गया कि शिल्पग्राम परिसर में थारू म्यूजियम बनाने का प्रस्ताव संस्कृति विभाग को भेजा जाएगा। जिसमें थारू जनजाति की पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प, लोकगीत, नृत्य और दैनिक जीवन की झलकियां प्रदर्शित होंगी। इसके लिए पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना लागू की जाएगी डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिल्पग्राम के संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां 20 सितंबर तक पूरी कर ली जाएं। संचालन के लिए गठित समिति का सोसाइटी एक्ट के तहत पंजीकरण भी इसी अवधि में करा दिया जाएगा, ताकि आगे कार्यक्रमों और गतिविधियों का संचालन व्यवस्थित ढंग से हो सके नवंबर में प्रस्तावित दुधवा महोत्सव को लेकर भी बैठक में योजना बनी। डीएम ने बताया कि महोत्सव का आयोजन शिल्पग्राम के आसपास स्थल चिह्नित कर किया जाएगा, जिससे यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक थारू संस्कृति, भोजन और हस्तशिल्प का आनंद एक साथ उठा सकेंगे बैठक में परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजाति विकास परियोजना यूके सिंह ने थारू शिल्पग्राम को नई पहचान देने की कार्ययोजना साझा की। बैठक में पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार, रत्नाकर मिश्रा, डीसी (एनआरएलएम) जितेंद्र कुमार मिश्र, बीडीओ पलिया सर्वेश कुमार तिवारी, उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह मौजूद रहे।

## आरोपियों की बस्ती पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर दिया धरना और की पंचायत

**लखीमपुर-खीरी।** फत्तेपुर सैधरी गांव में युवक की हत्या के मामले में सोमवार को एक बार फिर कई संगठनों के लोग जुटे। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के आह्वान पर एकत्र हुए लोगों ने आरोपियों की बस्ती पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर धरना दिया और पंचायत की। टकराव को देखते हुए कई थानों का फोर्स लगा दिया गया है। सदर कोतवाली के गांव फत्तेपुर सैधरी में चार अगस्त को प्रेम प्रसंग को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। दोनों पक्ष के पांच लोगों को चोटे आई। गांव निवासी वर्षीय भाई अमित की लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई थी।पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ा दी। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन आरोपियों के दूसरे समुदाय के होने की वजह से टकराव के हालात बने रहे। हिंदूवादी संगठनों लोगों का कहना है कि आरोपियों की बस्ती और घर अवैध हैं। इस पर बुलडोजर चलाया जाए। सोमवार को एक बार फिर संगठनों के लोग बाईपास पर जुट गए। वे बस्ती पर बुलडोजर चलने तक धरने पर बैठ गए। वहीं पंचायत शुरू कर दी। एहतियातन एएसपी की अगुवाई में सीओ सिटी और शहर कोतवाल के अलावा कई थानों की पुलिस फोर्स लगाई गई है। इस दौरान हिन्दू संगठनों के लोगों और पुलिस के बीच कई बार बहसबाजी भी हुई।

## अवैध तमंचा के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीर।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को अवैध तमंचा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक की पहचान सुहैल ख़ान पुत्र इकलाख, निवासी ग्राम सुखदासपुर नेवदिया थाना माधोटांडा पीलीभीत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 315 बोर का एक तमंचा और 315 बोर के दो कारतूस बरामद हुए हैं। उसे हिरासत में लेकर कोतवाली लाया गया। मामले में थाना गोला में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्त को नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई कर चालान भेज दिया गया है।

## पलिया से गौरीफंटा बार्डर जा रहा एक गैस से भरा कैप्सूल टैंकर सड़क किनारे पलटा

**लखीमपुर-खीरी।** दुधवा गौरीफंटा रोड पर पिछले पांच दिन पहले पलिया से गौरीफंटा बार्डर जा रहा एक गैस से भरा कैप्सूल अचानक सड़क किनारे पलट गया था। कैप्सूल में गैस भरी होने के चलते सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने इस रोड पर वाहनों का संचालन बंद कर दिया था। सोमवार को करीब चार जेसीबी के माध्यम से गैस के कैप्सूल को उठाकर बार्डर पहुंचाया गया जिसके बाद पांचवें दिन रोडों पर वाहनों का संचालन शुरू कर दिया गया। बता दें कि गुरुवार को भारत से नेपाल सीमा को जोड़ने वाली गौरीफंटा रोड पर गौरीफंटा कोतवाली से करीब दस किमी पहले भारत से नेपाल जा रहा एक गैस से भरा कैप्सूल टैंकर सड़क किनारे जा पलटा था।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मझगई पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 251/2025 धारा 103(1)/109/352 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त दिनेश पुत्र रामगुलाम निवासी कुन्डली निकट त्रिकोलिया थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी को आलाकत्ल एक अदद चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया है।

## 1 नफर जिला बदर/हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खीरी पुलिस द्वारा, 01 नफर जिला बदर/हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त इरफान उर्फ दरोगा पुत्र इलियास नि0 ग्राम मूसेपुर खुर्द थाना को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया । जिसके संबंध में थाना खीरी पर मु0अ0सं0 554/2025 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा अधिनियम व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया है।

## घर के पास नहाते समय ऊपर से गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से 28 वर्षीय युवक की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहीमपुर कॉलोनी में सोमवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। घर के पास नहाते समय ऊपर से गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई गांव इब्राहिमपुरी निवासी जितेंद्र गुप्ता पुत्र रमाशंकर गुप्ता कॉस्मेटिक सामान की फेरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। सोमवार सुबह वह नहा रहे थे, तभी ऊपर से निकला हाईवोल्टेज बिजली का तार अचानक टूटकर गिर पड़ा। करंट लगते ही वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर गए। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और तीन छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था, जिसकी मौत से परिवार पर संकट का पहाड़ टूट पड़ा।

## चोरी की तीन बाइक व मोबाइल के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** शारदानगर पुलिस ने चोरी की तीन बाइक व मोबाइल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है पुलिस ने सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान रौली पुल के पास से गांव नौधन भंगहा निवासी निशू पाल पुत्र रामपाल और ग्राम चुरवल पकरिया निवासी मनोज पुत्र अमेरिका प्रसाद को गिरफ्तार किया है दोनों के पास से चोरी की तीन बाइकें और एक मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है।

## प्रेमी के शादी से इंकार किए जाने से 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखीमपुर-खीरी।** पढुआ थाने के एक गांव में प्रेमी के शादी से इंकार किए जाने से क्षुब्ध 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है गांव प्रमोधापुर निवासी उत्तम का पुत्र विशाल और काजल के बीच पिछले चार वर्षों से प्रेम संबंध था। करीब दो माह पहले काजल के परिवार ने शादी का प्रस्ताव भेजा था, जिस पर सहमति भी बनी थी। रविवार शाम विशाल ने अचानक शादी से मना कर दिया। इससे आहत होकर काजल ने सोमवार सुबह करीब नौ बजे घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया आत्महत्या की खबर मिलते ही आरोपी और उसके घर वाले अपने घरों से भाग निकले। मृतक काजल के पिता ने आरोप लगाया कि विशाल आर्थिक रूप से संपन्न है और दहेज न मिलने के कारण उसने शादी से इंकार किया। उनका कहना है कि युवक के परिवार ने कई बार उन्हें धमकाया भी था मृतका दो बहनों में छोटी थी, बड़ी बहन की शादी पहले ही हो चुकी है। घटना के बाद से गांव के लोगों में रोष है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## घाघरा व शारदा नदियों में छोड़े गए पानी ने धौरहरा तहसील में किया जनजीवन अस्त-व्यस्त 30 मीटर लंबा बांध टूटकर नदी में समाया

**लखीमपुर-खीरी।** घाघरा व शारदा नदियों में छोड़े गए पानी ने धौरहरा तहसील में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। घाघरा का पानी जहां छह गांवों में घुस गया, वहीं शारदा नदी के उफान से लखपेडा गांव के दक्षिण में बना करीब 30 मीटर लंबा बांध टूटकर नदी में समा गया पहाड़ों और मैदानी इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। बनबसा से शारदा नदी से पानी छोड़े जाने से नदियों ने विकराल रूप ले लिया है। घाघरा नदी का पानी गनापुर, डुडंकी, माझा सुमाली, गौढ़ी, परसा, ओझापुरवा और कैरातीपुरवा गांव में भर गया है। वहीं शारदा नदी पर लखपेड़ा के पास बंधा फट जाने से लखपेडा, खनवापुर, फत्तेपुर, खंडवा, लाखुन और सुजावलपुर समेत कई गांव जलमग्न हो गए हैं सैकड़ों हेक्टेयर कृषि क्षेत्र भी बाढ़ की चपेट में आ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि महीनों से जर्जर हो चुके बांध की मरम्मत के लिए लगातार प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन अफसरों ने सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर अस्थायी मिट्टी डालकर मामला टाल दिया। नतीजतन, चेतावनी देते बांध ने आखिरकार दम तोड़ दिया उधर, रैनी गांव के पास नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और वहां का बांध भी टूटने की कगार पर है। अगर यह बांध टूटा, तो एक दर्जन गांव और सैकड़ों हेक्टेयर फसलें डूबने का खतरा बन जाएगा।

## सड़क किनारे झाड़ियों में एक अधेड़ के पड़े होने से राहगीरों में मचा हड़कंप

**लखीमपुर-खीरी।** नेशनल हाईवे 730 पर गोला कोतवाली क्षेत्र के शाहबुदीनपुर गांव के पास सड़क किनारे झाड़ियों में एक अधेड़ के पड़े होने से राहगीरों में हड़कंप मच गया। लोगों के अनुसार यह व्यक्ति कई दिनों से झाड़ियों में पड़ा देखा जा रहा था, लेकिन उसकी ओर किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला कि अधेड़ जीवित है और शराब के नशे में है। उसकी उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। उसने फटे-पुराने कपड़े पहन रखे थे और उसके पास से तेज शराब की गंध आ रही थी।

## शिक्षक एमएलसी चुनावः मतदेय स्थलों पर होगी कड़ी निगरानी, 23 केंद्रों की लिस्ट जारी

**बरेली।** आगामी बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर साफ किया कि इस बार मतदान केंद्रों की दूरी और सुविधाओं पर कोई समझौता नहीं होगा। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश हैं कि मतदेय स्थलों का चयन पुनरीक्षण प्रक्रिया से पहले ही तय कर लिया जाए। नियम के मुताबिक किसी भी मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए अधिकतम 16 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय नहीं करनी होगी। कोशिश होगी कि यह दूरी न्यूनतम रहे और हर केंद्र पर पीने के पानी, शौचालय और बैठने की व्यवस्था जैसी सभी बुनियादी सुविधाएं मौजूद हों।

**23 केंद्रों की लिस्ट थमाई**

जिले में फिलहाल शिक्षक निर्वाचन के लिए 23 मतदेय स्थल तय हैं। राजनीतिक दलों को इनकी सूची थमाते हुए डीएम ने कहा कि अगर किसी केंद्र के स्थान में बदलाव की जरूरत हो, तो तत्काल प्रस्ताव भेजें। इन सुझावों पर मतदेय स्थलों के पुनर्गठन के समय विचार किया जाएगा।

**मैदान में उतरेंगे एसडीएम**

जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को आदेश दिए कि वे अपने-अपने इलाकों के केंद्रों का मौके पर जाकर निरीक्षण करें और देखें कि सुविधाएं पूरी हैं या नहीं।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी पर बलिदानियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों को माध्यम से दी गई श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** शासन के निर्देशों एवं मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा के मार्ग निर्देशन में आजादी का अमृत काल महोत्सव के अंतर्गत काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी वर्षगांठ के अवसर पर ज़िला प्रशासन बिजनौर द्वारा नाट्य दीप फाउंडेशन धामपुर के सहयोग से, विकास भवन सभागार में एक प्रेरणादायी देशभक्ति गीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्रांतिकारियों के त्याग व बलिदान को गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्मरण किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल', अशफ़ाक उल्ल खाँ, ठाकुर रोशन सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद सहित उनके साथियों के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन कर,



राष्ट्र की एकता व प्रगति के प्रति संकल्प व्यक्त किया।

बाढ़ के बीच गूंजी देशभक्ति, बिजनौर में काकोरी शताब्दी समारोह संपन्न कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राजेंद्र चौधरी ने ज़िला प्रशासन बिजनौर तथा सभी उपस्थित जन को साधुवाद देते हुए कहा कि जनपद में चारों ओर बाढ़ सारीखी आपदा की स्थिति होने के बावजूद, अत्यंत सीमित समय में आयोजन की सुनियोजित व्यवस्था करना अत्यधिक चुनौतीपूर्ण कार्य है, किन्तु मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक मूल्यों के संवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता ने इसे बहुत ही सुगम बना दिया। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह में देशभक्ति गीतों की गूंज, बलिदानियों को नमन कलाकार ललित सागर, सागर कुमार, प्रदीप कुमार, किरण राजपूत ने ÷सरफ़रोशी की तमन्ना÷, ÷ऐ वतन वतन मेरे÷, ÷विजयी विश्व तिरंगा प्यारा÷, ÷मेरा रंग दे बसंती चोला÷, चिट्ठी आयी है जैसे देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभागार में देशप्रेम और गर्व की लहर दौड़ा दी। संगतकार परवेश कुमार को ढोलक तथा संजय कश्यप को कैसिओ कीबोर्ड के लिए खूब सराहा गया। यह आयोजन न केवल स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का अवसर बना, बल्कि यह संदेश भी छोड़ गया कि स्वतंत्र भारत की नींव त्याग, साहस और अटूट देशभक्ति पर आधारित है, जिसे हमें सहेजना और नई पीढ़ी को सौंपना है।

इस अवसर पर दिनकर विद्यार्थी डीसी नरेगा ने कहा कि स्वतंत्रता केवल विरासत नहीं बल्कि जिम्मेदारी है, जिसे निभाने के लिए हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना होगा। ÷काकोरी ट्रेन एक्शन स्वतंत्रता संग्राम का साहसिक अध्याय है, जिसने अंग्रेजी शासन की नींव को हिला दिया। इन बलिदानियों ने हमें सिखाया कि राष्ट्र की आज़ादी और अखंडता के लिए एकजुट होकर कार्य करना अनिवार्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में वीरेंद्र यादव, अरविन्द कुमार, चंद्रेश कुमार, राकेश कुमार, मनस्वी राजेंद्र आदि का विशेष सहयोग रहा। सफल सञ्चालन डॉ. राजेंद्र चौधरी ने किया।

## रिटायर्ड शिक्षा अधिकारी के मकान पर भतीजे ने किया कब्जा, विरोध पर दी जान से मारने की धमकी, FIR हुई दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बारादरी क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने सगे भतीजे और मोहल्ले के एक व्यक्ति पर गाली-गलौज, धमकी देने और मकान पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस मामले में बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बारादरी के फालतूनगंज निवासी रिटायर्ड जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र सिंह वर्तमान में नोएडा में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मंगलवार को निजी काम से बरेली आए थे। उनका आरोप है कि उनका सगा भतीजा योगेश परिवार सहित उनके बरेली वाले मकान में रहता है। अब वह धमकी दे रहा है कि मकान छोड़कर भाग जाओ, वरना जान से मार देंगे। पीड़ित के मुताबिक शनिवार को योगेश उनके कमरे के बाहर आकर गंदी-गंदी गालियां देने लगा और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने तुरंत 112 नंबर पर कॉल किया, लेकिन पुलिस पहुंचने से पहले योगेश फरार हो गया। इसके बाद उन्होंने बारादरी पुलिस को लिखित शिकायत की और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों के बीच समझौता करा दिया।

पीड़ित शैलेन्द्र सिंह का आरोप है कि इसके बाद मोहल्ले का रहने वाला सरन पुत्र बाबूराम उनके घर में घुस आया और पुलिस वालों से कहा कि वह मामला निपटा देगा। जब उन्होंने विरोध किया तो सरन ने भी पुलिस के सामने ही जान से मारने की धमकी दी और कहा यह मकान छोड़कर भाग जाओ। पीड़ित का कहना है कि सरन और योगेश आपस में मिले हुए हैं और मकान पर गैर-कानूनी कब्जा करने की फिराक में हैं।

पीड़ित ने बारादरी थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर धनंजय पांडे का कहना है कि तहरीर मिल गई है, मामले की जांच की जा रही है।

# बहनों ने भाईयों के हाथों पर बांधा प्यार

## बाबूराम तमर ने उपहारों के साथ दिया बहनों को आशीर्वाद

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** ब्लॉक नजीबाबाद के ग्राम कमालपुर खाईखेड़ी के निवासी भारतीय किसान यूनियन (टिकैत )के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर की बहनों ने उनके हाथ पर राखी बांधकर प्यार बांटा। जिसमें ट्विंकल, पूनम सहरावत, शीतल चौधरी, बबली देवी, मनोज देवी ने बाबूराम तोमर की कलाई पर राखी बांधकर अपने भाइयों के जीवन में सुख समृद्धि और भाईयों की लम्बी उम्र की कामना की। राखी बांधने पर बाबूराम तोमर ने अपनी बहनों को उनकी रक्षा का वचन देकर उपहार दिए जिसे पाकर बहनों के चेहरे खुशी से खिल गए। इस दौरान बाबूराम तोमर ने भी अपनी बहनों को आशीर्वाद देकर उनके सुखी और समृद्ध जीवन जीने का आशीर्वाद दिया। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने सभी देशवासियों और संगठन के सभी साथियों को रक्षाबंधन की मुबारकबाद।



## उर्स-ए-रज़वी की तैयारियों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बरेली।** 107वें उर्स-ए-रज़वी और उर्स-ए-अमीन-ए-शरीअत की तैयारियों को लेकर सोमवार को नबीरा-ए-आला हज़रत व ऑल इंडिया रज़ा एक्शन कमेटी (आरएसी) का बड़ा प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा। बारिश के बावजूद भारी संख्या में जुटे पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर इंतज़ामात को दुरुस्त करने की मांग की। ज्ञापन में रेलवे और बस स्टेशनों से दरगाह व उर्स स्थलों तक सुरक्षा व्यवस्था, निर्माण स्थलों पर विशेष ध्यान, बारिश में जलभराव रोकने और सड़कों के गड्ढे भरने, बरेली व आसपास जिलों को जोड़ने वाली सड़कों की मरम्मत, सुचारू बिजली आपूर्ति व जर्जर तार-ट्रांसफॉर्मर बदलने, दरगाह व रास्तों पर पेयजल व पानी टैंकर, इस्लामिया मैदान व जामियातुर्रज़ा में अस्थायी शौचालय, यातायात रूट डायवर्जन, अस्पतालों में अतिरिक्त बेड व मेडिकल टीम, मथुरापुर व ख़ानकाहे अमीन-ए-शरीअत पर सुविधाएं, विशेष बस सेवा और जंक्शन से चौपुला मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग शामिल रही।

# जिला कारागार में हर्षोल्लास के साथ बनाया गया राखी का पर्व

## जेलर रविन्द्र नाथ ने दी सभी देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं बधाई

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिला कारागार में शनिवार को रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, क्योंकि रक्षाबंधन का




त्यौहार खास और अटूट प्रेम का बंधन होता है। इस दिन सभी बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतार कर राखी बांधती है। जिसके चलते बिजनौर जिला कारागार में भी हर्ष उल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया राखी बांधने पर सभी भाइयों ने अपने बहनों की रक्षा का वचन दिया और सुख समृद्धि जीवन का आशीर्वाद दिया। वहीं जेल र रविन्द्र नाथ बताया कि इस अवसर पर बंदियों के लिए विशेष व्यवस्था की। सुबह 9 बजे से ही जेल के बाहर महिलाओं की भीड़ जमा होने लगी। जेल प्रशासन ने महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पहले से ही तैयारियां करी गई, जेल के मुख्य द्वार पर मुलाकात पर्ची के लिए विशेष काउंटर लगाए गए, साथ ही महिलाओं के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। जिला कारागार जेलर ने आगे बताया कि मिलने आई सभी बहनों को बंधियों से मिलने के लिए पर्याप्त समय दिया गया, जिससे कि भाई बहन का प्यार अटूट बना रहे। जेलर के अनुसार, दोपहर तक लगभग 650 से अधिक बहनों ने 400 से अधिक बंदियों से मुलाकात की, समाचार लिखे जाने तक मुलाकात का दौर लगातार जारी है, जब तक बहनें आती रहेंगी, तब तक मुलाकात कराई जाएगी। कैदियों ने भी हर्षोल्लास के साथ इस त्यौहार को मनाया। जेल में बंद कैदियों के लिए यह विशेष दिन था, जब वे अपने परिवार के साथ कुछ समय बिता सके। जेल प्रशासन द्वारा किए गए इन विशेष इंतजामों की सभी ने सराहना की। वहीं जेलर रविंद्र नाथ ने सभी देशवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं।

## फरीदपुर सहकारी बैंक घोटाले का मास्टरमाइंड बैंक मैनेजर गिरफ्तार, रकम हड़पने के लिए खोले गए थे 550 फर्जी खाते

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** सहकारी बैंक शाखा फरीदपुर में करोड़ों का घोटाला करने वाले निलंबित शाखा प्रबंधक गौरव वर्मा को आखिरकार पुलिस ने दबोच लिया।

गौरव पर किसानों और विधवाओं के खातों से सरकारी योजनाओं की भारी-भरकम रकम हड़पने का आरोप है। पुलिस ने उसे रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे फरीदपुर इलाके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

यह पूरा मामला करीब 1.31 करोड़ रुपये के गबन का है। जांच में सामने आया कि बैंक शाखा के कर्मचारी चंद्र प्रकाश, दीपक पांडे, मुकेश कुमार गंगवार के साथ मिलकर गौरव वर्मा ने किसान सम्मान निधि और विधवा पेंशन निधि में सेंध लगाई।

मामला 8 जुलाई को तब खुला, जब जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के वरिष्ठ सहायक अंकित कुमार ने थाने में तहरीर दी।

गौरव वर्मा ने पूछताछ में कबूल किया कि मई 2022 में शाखा प्रबंधक बनने के बाद उसने लिपिक चंद्र प्रकाश के कहने पर अपने सिस्टम का आईडी-पासवर्ड उसे दे दिया। इसके बाद चंद्र प्रकाश ने करीब 550 फर्जी खाते खोलकर गलत आधार नंबर से लिंक कर दिया।

इन्हीं खातों के जरिए लगभग 90 लाख रुपये निकाल लिए गए। गौरव ने यह भी बताया कि उसके आने से पहले ही पूर्व शाखा प्रबंधक मुकेश गंगवार के कार्यकाल में करीब 40-45 लाख रुपये का गबन हो चुका था। फिलहाल बैंक में करीब 60 लाख रुपये ही बचे हैं।

निरीक्षक अपराध रविन्द्र कुमार नैन, उपनिरीक्षक लोकेश तोमर और कांस्टेबल महेश ने मिलकर गौरव को दबोचा। पुलिस अब बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी है और बैंक के सभी वित्तीय लेनदेन की बारीकी से जांच कर रही है।

## भारत का पहला लोकप्रिय जीरा ड्रिंक बिंदु फिज़ जीरा मसाला अब पूर्वी, पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश में उपलब्ध

**गोरखपुर।** भारत का पहला जीरा ड्रिंक बिंदु फिज़ जीरा मसाला हाउस ऑफ बिंदु का प्रमुख उत्पाद है, अब पूर्वी, पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश में उपलब्ध है। यह उत्पाद 14,000 से अधिक खुदरा दुकानों के ज़रिए वितरित किया जा रहा है, जिसमें 30 सुपर स्टॉकिस्ट और 78 सब-डिस्ट्रीब्यूटर जुड़े हैं, जो शहरों से लेकर तहसील स्तर तक अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। उत्तर भारत में बढ़ती मांग को देखते हुए, कंपनी ने हरिद्वार (उत्तर प्रदेश) में एककॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटीकी स्थापना की है। ब्रांड की उपस्थिति जनरल ट्रेडऔरमॉडर्न ट्रेड- दोनों चैनलों में सुनिश्चित की गई है। इस विस्तार के तहत गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, अयोध्या, मेरठ और बरेली जैसे प्रमुख शहरों को विशेष रूप से लक्षित किया गया है।

एसजी कॉरपोरेट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सत्य शंकर ने बताया - बिंदु फिज़ जीरा मसाला सिर्फ एक



ड्रिंक नहीं, बल्कि एक भावना है, जो दक्षिण भारत के उपभोक्ताओं से गहराई से जुड़ी है, क्योंकि यह भारत का पहला पारंपरिक जीरा पेय है। अब यह लोकप्रिय एथनिक ड्रिंक उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तर भारत, एनसीआर, पश्चिम और पूर्वी भारत के बाजारों में भी उपलब्ध होगी। हमारा उद्देश्य है ऐसे स्वाद और फ्लेवर के साथ एक अग्रणी फूड और बेवरेज कंपनी बनना जिसे हर भारतीय अपनी पहचान मान सके। हमारा विज़न है भारत का सबसे प्रिय घरेलू ब्रांड बनना, जो सिर्फ स्वाद नहीं, बल्कि खुशियों भी दे सके। भारत में लोग अब पारंपरिक स्वादों वाले ड्रिंक्स को खूब पसंद कर रहे हैं।

इसी को देखते हुए एसजी कॉरपोरेट्स ने अपने ड्रिंक्स को जल्दी और ताज़ा हालत में ग्राहकों तक पहुँचाने के लिए उत्तर और पूर्व भारत में कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के साथ साझेदारी की है। इससे सामान जल्दी बनता है, समय की बचत होती है और बाज़ार की ज़रूरत के हिसाब से फटाफट डिलीवरी हो पाती है।यह नया सेटअप पहले से मौजूद पुट्टूर, संगारेड्डी और विशाखापट्टनम के उनके आधुनिक प्लांट्स को और मज़बूती देता है। इससे पूरे भारत में ब्रांड की मैन्युफैक्चरिंग की ताकत बढ़ गई है। एसजी कॉरपोरेट्स अब उत्तर प्रदेश, पंजाब और दिल्ली-एनसीआर जैसे बड़े बाज़ारों में अपने एथनिक ड्रिंक्स को ज़ोरदार तरीके से लॉन्च कर रहा है।कंपनी की नज़र देशभर में 5 लाख दुकानों तक पहुंच बनानेपर है।

# जन्म और मृत्यु की सूचना न देने वाले निजी अस्पतालों पर जुर्माने का प्रावधान

**पंजीकरण को लेकर सभी संबंधित विभागों का किया गया अभिमुखीकरण**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** प्रत्येक निजी अस्पताल के लिए अनिवार्य है कि वह जन्म मृत्यु के मामलों को इक्कीस दिनों के भीतर संबंधित नगर निगम या नगर निकाय को सूचित कर दे। ऐसा न करने वाले अस्पतालों पर जुर्माने का प्रावधान है। यह जानकारी उपनिदेशक और सहायक महारजिस्ट्रार डॉ गौरव पांडेय ने दी। उन्होंने जन्म मृत्यु पंजीकरण को लेकर नगर निगम, नगर पंचायत, पंचायती राज विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के अभिमुखीकरण कार्यशाला में प्रस्तुति तथा प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा और अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार की मौजूदगी में नगर निगम सभागार में सोमवार को किया गया। इस दौरान जन्म मृत्यु संबंधित सभी प्रावधानों, व्यावहारिक गैप्स और तकनीकि जानकारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

उप निदेशक डॉ पांडेय ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति का जन्म और मृत्यु पंजीकरण अनिवार्य है। इससे उस व्यक्ति और उसके परिजनों को तो लाभ होता ही है, सरकार को नीति निर्माण में भी मदद मिलती है। सरकारी अस्पतालों में जन्म और मृत्यु के मामलों में अस्पताल को स्वतः संज्ञान लेकर इक्कीस दिनों के भीतर जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना है। ऐसे अस्पतालों के मुखिया ही रजिस्ट्रार होते हैं। निजी अस्पतालों को जन्म और मृत्यु के मामलों में नगर निकाय या नगर निगम को सूचित करना अनिवार्य है। ऐसा न करने वाले अस्पतालों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए। विलंबित जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के मामलों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन अनिवार्य तौर पर होना चाहिए। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों में लिपिकिय त्रुटियों के सुधार का अधिकार जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वाले रजिस्ट्रार के पास ही होती है। यह प्रमाण पत्र जारी करने का अधिकार भी सिर्फ रजिस्ट्रार में निहित है।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि यह कार्यशाला जन्म मृत्यु पंजीकरण संबंधित तकनीकि जानकारियों की दृष्टि से बेहद अहम है। सरकारी अस्पतालों में जन्म और मृत्यु के मामलों में पंजीकरण इक्कीस दिन के भीतर सीधे अस्पताल जारी करेंगे। इससे अधिक की अवधि के मामलों में सीएमओ की अनुमति अनिवार्य है। वहीं निजी अस्पतालों में जन्म या मृत्यु के मामलों में नगरीय क्षेत्र में नगर निगम या नगर निकाय, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी प्रमाण पत्र जारी कर सकते हैं।

अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग और जनगणना निदेशालय के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के बाद प्रमाण पत्र जारी करने के मामलों में त्रुटि कम हो सकेगी। अपर नगर आयुक्त दुर्गेश कुमार ने इस अवसर पर विभिन्न सवालों के जवाब दिये और कार्यशाला को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

## कुलपति ने किया एएमयू की इंग्लिश चैनल चैम्पियन आफरीन को सम्मानित

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की बी.पी.एड. की छात्रा और विश्वविद्यालय की पहली ऐसी तैराक आफरीन जबीं, जिसने इंग्लिश चैनल को सफलतापूर्वक पार किया है, आज लंदन से लौटने के बाद एएमयू की कुलपति प्रो. नइमा खातून से मिलीं।

प्रो. खातून ने अफरीन को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उन्हें 'एएमयू की खेल प्रतीक' करार दिया और विश्वास जताया कि वह आगे भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन करती रहेंगी। 29 जुलाई 2025 को आफरीन ने डोवर (यूके) से कैप ग्रिस-नेज (फ्रांस) तक 34 किलोमीटर की एकल तैराकी मात्र 13 घंटे 13 मिनट में पूरी की, जिससे वह विश्व के चुनिंदा सहनशक्ति तैराकों की सूची में शामिल हो गई। इस उपलब्धि ने एएमयू, पश्चिम बंगाल और पूरे देश को गर्व से भर दिया है। आफरीन ने अपने माता-पिता, एएमयू और देश का इस साहसिक प्रयास में निरंतर समर्थन देने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व ओलंपिक खेलों में करने की आकांक्षा व्यक्त की।

# सीडीओ की अध्यक्षता में एचआईवी सघन जागरूकता अभियान की समन्वय बैठक

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** मुख्य विकास अधिकारी के0के0 सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एच0आई0वी0/एड्स सघन जागरूकता अभियान की समन्वय बैठक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि एच0आई0वी0/एड्स जागरूकता के तहत अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जनपद में सघन जागरूकता अभियान किया जाना है जिसमे अग्रिम दो माह की अवधि में विभिन्न गतिविधियां सम्पादित की जानी है। उन्होंने निर्देशित किया कि सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद की 150 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत स्तरीय बैठकों का आयोजन किया जाए जिसमे स्थानीय स्तर पर पंचायती राज विभाग/ग्राम्य विकास विभाग/युवा कल्याण विभाग- मंगलदल के सहयोग से एवं ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सदस्य, पंचायत मित्र तथा ग्रामवासियो आदि सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की प्रतिभागिता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नामित व्यक्ति द्वारा संवेदीकरण किया जाएगा।

उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत बैठक के साथ-साथ डोर टू डोर कैम्पेन किया जाए जिसमे नामित स्वास्थ्यकर्मी द्वारा अन्य स्टोक होल्डर के सहयोग से चिन्हित ग्राम पंचायत में न्यूनतम 15 घरों में विजिट कर आईईसी सामग्री का वितरण/चस्पा किया जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में संचालित 10 निजी महाविद्यालयों का चिन्हीकरण कर महाविद्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए जागरूकता सत्र का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के किसी उच्च शिक्षण संस्थान/सदर बाजार/रेलवे स्टेशन/बस स्टैण्ड में से किसी एक जगह पर जिसका चयन जिलाधिकारी के अनुमोदन से आज किया जाए उस जगह पर एक फ्लैक्स बोर्ड गतिविधि का आयोजन किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहयोग से 30 स्कूलों का चिन्हीकरण कर जनजागरूकता कार्यक्रम/आउटरीच गतिविधियों का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के माध्यम से सम्पादित किया जाए, आउटरीच गतिविधियों के अंतर्गत स्कूल के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को आईईसी वितरण एवं आवश्यकतानुसार एच0आई0वी0/एड्स विषय पर प्रतुतीकरण के माध्यम से संवेदीकरण किया जाए।

# दर्दनाक हादसा : 8 वर्षीय मासूम आफरीन की नाले में डूबकर मौत

**नगर निगम की लापरवाही बनी मौत की वजह**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** शहर में सोमवार की शाम मूसलाधार बारिश के बीच घोसीपुरा मोहल्ले में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। लाला टोली निवासी अनीश की 8 वर्षीय बेटी आफरीन, टीले वाली मस्जिद के मदरसे से पढ़ाई खत्म कर घर लौट रही थी। इसी दौरान वह फिसलकर खुले नाले में जा गिरी।

तेज पानी के बहाव में मासूम लगभग 50 मीटर दूर बह गई। स्थानीय लोगों ने उसे निकालने की भरपूर कोशिश की और पहले एक निजी अस्पताल, फिर जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, नाले का निर्माण नगर निगम द्वारा लंबे समय से किया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं। नाले के किनारे कोई सुरक्षा बैरिकेड या चेतावनी बोर्ड नहीं लगाया गया था। कई महीनों से चींटी की चाल से हो रहा यह निर्माण कार्य अब एक मासूम की जान ले चुका है। इस घटना के बाद क्षेत्र में नगर निगम और ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण स्थल पर समय रहते सुरक्षा इंतज़ाम किए जाते, तो आफरीन आज ज़िंदा होती।

## श्रावणी पर्व पर यज्ञोपवीत संस्कार व ऋषि तर्पण कार्यक्रम सम्पन्न

**उरई (जालौन)।** शनिधाम में श्रावणी पर्व पर मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान और पूजन-अर्चन आयोजित किया गया। इस दौरान यज्ञोपवीत संस्कार व ऋषि तर्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

श्रावणी पर्व, जिसे श्रावणी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। यह पर्व धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। आचार्य पंडित दुर्गेश द्विवेदी के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने यज्ञोपवीत संस्कार और ऋषि-तर्पण किया। शनिधाम मंदिर के महंत ब्रजेश महाराज ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन पवित्र नदियों या सरोवर में स्नान कर भगवान शिव की आराधना की जाती है।

# ब्लॉक प्रमुख एवं वीडियो के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



**गोरखपुर।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक प्रमुख ई. शशी प्रताप सिंह एवं वीडियो बृजेश यादव ने किया।

यात्रा में हाथों में लहराते तिरंगे और होठों पर गूंजते देशभक्ति गीतों ने वातावरण को पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग दिया। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगातार गूंजते रहे। इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना था।

ब्लॉक प्रमुख ई. शशी प्रताप सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। यह हमारी एकता, अखंडता और त्याग का प्रतीक है। इस यात्रा के माध्यम से हम हर व्यक्ति के हृदय में राष्ट्रप्रेम की ज्योति और प्रखर करना चाहते हैं। मुझे गर्व है कि आज हमारे क्षेत्र के लोगों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ इसमें भाग लेकर देशभक्ति की मिसाल पेश की। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री विजय मिश्रा, उपेंद्र यादव, एनआरएलएम अनुराग कश्यप, विनय उपाध्याय, अनिल गौड़, अनिल कुमार, दिलीप कुमार, उपेंद्र पांडे, सचिन, अशोक सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# एमजीयूजी की नर्सिंग छात्राओं ने चलाया जांच और जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर एमजीयूजी के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग सप्तम सेमेस्टर और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने सोमवार को विभिन्न आयु वर्ग (पांच वर्ष से कम, किशोर, वयस्क एवं बुजुर्ग) के लिए जांच और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

शारिरिक परीक्षण के बाद छात्राओं ने अलग अलग आयु वर्ग के लोगों को पोषण संबंधी जरूरतों की जानकारी देते हुए उनके लिए आवश्यक भोज्य पदार्थों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान बच्चों को हाथ धोने और दांत साफ करने का तरीका भी समझाया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं का मार्गदर्शन शिक्षिकाओं गरिमा चौधरी, साक्षी गुप्ता एवं सौम्या ने किया।

इसी क्रम में जीएनएम प्रथम वर्ष की छात्राओं ने शिक्षिकाओं सुमन यादव व सुधा यादव के मार्गदर्शन में खत्रीपुरा गांव में जन स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसमें उन्होंने रोल प्ले, कठपुतली शो, चार्ट पेपर और फ्लैश कार्ड के माध्यम से सुपरफूड्स स्वास्थ्य और कल्याण, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और रोकथाम पर जागरूकता फैलाई। बताया कि सुपरफूड से कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ हैं। जैसे आंवला विटामिन सी से भरपूर है रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। हल्दी में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। अदरक पाचन तंत्र को मजबूत करता है। सर्दी-जुकाम में लाभकारी तुलसी इम्युनिटी बढ़ाती है और संक्रमण से लड़ने में सहायक होती है।

# दिल्ली में विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी का विरोध जालौन में सपा-कांग्रेस का प्रदर्शन, चुनाव आयोग का पुतला फूंका



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिला मुख्यालय उरई में सोमवार को सपा और कांग्रेस ने संयुक्त रूप से जोरदार प्रदर्शन किया। दिल्ली में विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में ढ्ढह्रष्ठ्ठ गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा।

शहीद भगत सिंह चौराहे पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर, पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय और कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सेंगर के नेतृत्व में सपा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और झंडे लेकर जोरदार नारेबाजी की। लोकतंत्र बचाओ केंद्र सरकार हाय-हाय और चुनाव आयोग इस्तीफा दो जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग का पुतला फूंककर आक्रोश व्यक्त किया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज दबा रही है।

सपा और कांग्रेस नेताओं का कहना था कि विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी लोकतंत्र पर सीधा हमला है।जो दर्शाता है कि केंद्र सरकार चुनाव में निष्पक्षता नहीं चाहती। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। सपा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग अपनी निष्पक्ष भूमिका निभाने में विफल साबित हो रहा है और सत्ता पक्ष के इशारों पर काम कर रहा है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश के नागरिकों को यह समझना होगा कि अगर विपक्ष की आवाज को यूं ही दबाया जाता रहा तो आने वाली पीढ़ियों के लिए लोकतंत्र केवल किताबों के पन्नों में रह जाएगा। वहीं, सपा जिला नेतृत्व ने चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार लोकतंत्र केवल किताबों के पन्नों में रह जाएगा वहीं, सपा जिला नेतृत्व ने चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग ने अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव नहीं किया, तो आने वाले दिनों में विरोध और भी उग्र होगा।

# असादपुर कायम में नगर निगम संपत्ति को नगर निगम ने कराया कब्जा मुक्त



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के निर्देश पर नगर निगम के संपत्ति विभाग द्वारा आज बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम असादपुर कायम स्थित गाटा संख्या 181 की 4910 वर्ग मीटर सरकारी ऊसर भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए नगर निगम संपत्ति का बोर्ड लगाया गया। गाटा संख्या 271 पर स्थित सरकारी भूमि पर भी नगर निगम संपत्ति का बोर्ड स्थापित किया गया।

वर्तमान समय में उक्त भूमि का अनुमानित मूल्य लगभग 9 करोड़ रुपये है। नगर आयुक्त के निर्देश पर इस कार्रवाई से सरकारी भूमि को अतिक्रमण से बचाने और नगर निगम की संपत्ति को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर आयुक्त ने कहा अतिक्रमण मुक्त करने की यह प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी और नगर निगम की एक-एक इंच भूमि को सुरक्षित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि नगर निगम की संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्यवाई अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव व सहायक नगर आयुक्त के निर्देशन में विजय गुप्ता (संपत्ति लिपिक), प्रवर्तन टीम, संपत्ति विभाग की टीम तथा तहसील कोल की टीम की संयुक्त मौजूदगी में संपन्न हुई।

## 13 अगस्त को गूंजेगा तिरंगे का जयघोष निकलेगी भव्य रैली

**अलीगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यालय कक्ष में बैठक आहूत की गई।

बैठक में सीडीओ ने विचार विमर्श करते हुए निर्धारित किया कि 13 अगस्त को प्रातः 8:00 बजे सुभाष चौक से भव्य एवं विशाल हर घर तिरंगा रैली का शुभारंभ किया जाएगा, जो कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर पर संपन्न होगी। इस रैली में स्कूली बच्चों की सक्रिय भागीदारी के साथ आम जन की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि रैली का आकर्षण पीएसी की 38वीं वाहिनी के बैंड दल की मधुर धुनें और देशभक्ति गीत होंगे, जो पूरे माहौल को देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत कर देंगे। रैली के समापन के उपरांत कल्याण सिंह हैबिटेट ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट पुलिस ने फरार चल रहे अपहरण कर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायाल से जेल भेज दिया। मिली जानकारी से थानेदार मदन मोहन मिश्र के नेतृत्व में उपनिरीक्षक हर्षित,कास्टेबिल अशोक कुमार,सुधाकर यादव संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त देवेंद्र पुत्र राधेश्याम यादव निवासी डुमरैला टोला छोटकी बारी अपने घर के पास सड़क पर मौजूद है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## सुरेश कुमार शुक्ल अखंड हिन्दू वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत

**गोरखपुर ।** अखंड हिन्दू वाहिनी के राष्ट्रीय संस्थापक रुद्र तिवारी वीरू भैया के निर्देश पर संगठन के राष्ट्रीय सचिव विनोद कुमार ने सहजनवां ब्लाक के हरपुर निवासी सुरेश कुमार शुक्ल को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया। इनके मनोनयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है। बधाई देने वालो में शनि शुक्ल,गंगा शुक्ल,हमीद अंसारी,जाहिर अंसारी रामजीत,विपिन कुमार,शीत अनेक लोगों ने बधाई दी है।

## अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

**गोरखपुर ।** रोहतास जिले के वार्ड 31नील कोठी देहरी खुर्शीद खान जो गीडा सेक्टर 22 में बिजली का दुकान चलाते थे। शनिवार को दोपहर 12 बजे के करीब अपने सहयोगी अमन पांडेय के साथ गोरखपुर किसी कार्य से बाइक से जा रहे थे। नौसढ़ के पास पहुंचे थे। की अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दिया। जिसमें अमन पांडेय की मौके पर मौत हो गई। जबकि खुर्शीद खान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीड़ित की पत्नी अफसाना खातून की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## जनसुनवाई करते समय पुलिस अधीक्षक ने लापवाही करने वालों को सिखाया



**अम्बेडकरनगर।** पुलिस कार्यालय की जनसुनवाई सोमवार को उस वक्त एक्शन मोड में बदल गई, जब केशव कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। शिकायतें खत्म होते ही उनका लहजा बदल गया सख्त आवाज में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेताया, अब नोटबुक में नाम लिखना शुरू कर दो अगली बार शिकायत आई तो कुर्सी खाली करवानी पड़ेगी। हर फरियादी को न्याय का भरोसा देते हुए उन्होंने मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण कराया और बाकी के लिए समय सीमा तय कर दी।

## पुलिस टीम ने चोरी की घटना का किया खुलासा

**अलीगढ़।** संजीव अरोरा पुत्र ओमप्रकाश अरोरा निवासी-रोहिणी दिल्ली के द्वारा थाना सासनीगेट पर सूचना दी कि वह बृहस्पतिवार को अलीगढ में अपनी फैक्ट्री जो तमोली पाडा पर आया हुआ था, जहाँ उन्होनें अपना बैग जिसमें रकम करीब 5 लाख रुपये थे जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है । थाना स्तर से टीम का गठन कर अज्ञात चोरो की तलाश हेतु सीसीटीवी व अन्य साक्ष्य संकलन की मदद से 02 अभियुक्त 1. मोहन उर्फ गोलू पुत्र भूरी सिंह निवासी नगला मसानी निकट वाल्मिकी चौराहा प्रजापति चौक थाना देहली गेटअलीगढ 2. बोतल उर्फ फरहान कुरैशी स्व0 अफजाल कुरैशी नि0 मदार गेट थाना कोतवाली नगर अलीगढ का नाम प्रकाश में आया।

# कृमि संक्रमण से बचाव के लिए साल भर में दो बार दवा खाना जरूरी : सीएमओ

**जिले भर में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** जिले भर में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) मनाया गया। इसके तहत एक से उन्नीस वर्ष तक के लाभार्थियों को पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाई गई। सीएमओ डॉ राजेश झा ने शहर के एडी गर्ल्स इंटर कॉलेज से अभियान का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने सामने छात्राओं को दवा का सेवन कराया। सीएमओ डॉ झा ने बताया कि पेट में कृमि संक्रमण को रोकने के लिए साल भर में छह-छह माह के अंतराल पर दो बार पेट से कीड़े निकालने की दवा खाना आवश्यक है ।

सीएमओ डॉ झा ने बताया कि जिले के करीब पंद्रह लाख लाभार्थियों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। जो लाभार्थी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर दवा का सेवन नहीं कर सके हैं उन्हें 14 अगस्त को माप अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी। जिले के 2893 सरकारी स्कूलों, 3300 निजी स्कूलों और सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों को पेट से कृमि निकालने की दवा खिलाई जानी है।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएच डॉ एके चौधरी ने बताया कि स्वस्थ आदतों का विकास करके भी कृमि संक्रमण से बचा जा सकता है । शरीर में कृमि संक्रमण के कारण खून की कमी, कुपोषण, थकावट व बीमारी एवं कमजोरी की दिक्कत हो जाती है । इससे बचाव के लिए प्रत्येक छह माह में खिलाई जाने वाली दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। इसी कड़ी में ग्यारह अगस्त को दवा खिलाई गई है। इसका सेवन शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सामने ही किया जाना चाहिए। अभियान में किसी कारण दवा न खाने वाले लाभार्थियों के अभिभावक, उनसे जुड़े शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उन्हें 14 अगस्त को को मॉप अप राउंड के दौरान इस दवा का सेवन अवश्य करवा दें।

## हाईवे पर स्थित यूरिया पंपों की संयुक्त छापेमारी 7 संचालकों को नोटिस

**उरई (जालौन)।** जनपद में अवैध रूप से डीईएफ यूरिया अथवा अनुदानित नाइट्रोजनयुक्त यूरिया के दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासनिक टीम द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। उप जिलाधिकारी कालपी, जिला कृषि अधिकारी एवं उनकी टीम ने नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर स्थित कई यूरिया पंपों पर संयुक्त छापेमारी एवं निरीक्षण अभियान चलाया।

इस दौरान लगभग सात संचालकों को नोटिस थमाए गए तथा छह संचालकों के सैंपल जांच हेतु भरे गए। जिन प्रतिष्ठानों पर नोटिस दिए गए उनमें परासर मोटर्स, जे.के. कंप्यूटर्स धर्मकांटा, विमल मोटर्स, जय बाबा खाटूश्याम, संतोष कुमार मोटर्स काशीखेड़ा एवं ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कदौरा प्रमुख हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि यह कार्यवाही शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है, ताकि आगामी रबी सीजन में अनुदानित उर्वरकों की कालाबाजारी एवं गैरकृषि उपयोग पर रोक लगाई जा सके।

# झूला विवाद ने लिया हिंसक रूप युवक और किशोरियों में हाथापायी



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** कुठौंद कस्बे में लगे मेले में शाम एक विवाद हो गया। झूला झूलने को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक और दो युवतियों में मारपीट होने लगी। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मामला कुठौंद थाना क्षेत्र के रिलायंस टावर के पास लगे मेले का है, जहां रविवार को खुले झूले के दौरान एक युवक ने झूले में बैठी दो किशोरियों के साथ अभद्रता कर दी। इसके बाद झूला बंद होने पर गुस्साई किशोरियों ने झूले से उतरकर युवक को उलाहना दिया। जिस पर युवक ने भी किशोरियों से कुछ कह दिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों किशोरियों और युवक के बीच मारपीट होने लगी।

मेले में मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कराया। वहीं, मेले में मौजूद किसी शख्स ने इस पूरे मामले का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले को लेकर थाना पुलिस का कहना है कि घटना उनके संज्ञान में आई है। वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# थार और फॉर्च्यूनर सवार दबंगों ने भाई-बहन से की अभद्रता, भाई को पीटा




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** थाना इनायतनगर क्षेत्र में रायबरेली हाईवे पर थार और फॉर्च्यूनर सवार दबंग युवकों द्वारा भाई-बहन के साथ की गई अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद हरकत में आई पुलिस ने दोनों आरोपी सगे भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।घटना कल देर शाम की है, जब पीड़ित युवक अपनी बहन का इलाज कराकर ई-रिक्शा से इनायतनगर स्थित घर लौट रहा था। रास्ते में ओवरटेक करने के प्रयास में थार और फॉर्च्यूनर में सवार युवकों ने ई-रिक्शा को रोका और अपने 8-10 साथियों के साथ मिलकर युवक की जबरदस्त पिटाई कर दी।भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस मारपीट के दौरान पीड़ित की बहन ने साहस दिखाते हुए पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो और बहन के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।इनायतनगर थाना प्रभारी के अनुसार, दोनों आरोपी सगे भाई हैं, जिनकी पहचान वीडियो और चश्मदीदों के माध्यम से की गई है। उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, और पूरे मामले की विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस का कहना है कि इस मामले में अन्य शामिल आरोपियों की भी पहचान की जा रही है, और जल्द ही सभी को कानूनी शिकंजे में लिया जाएगा।

## बंधन स्वच्छता का कार्यक्रम में दिखा स्वच्छता के प्रति समर्पण, छात्राओं ने सफाई कर्मियों को बांधी राखी

**अयोध्या।** नगर पंचायत भदरसा, अयोध्या में स्वच्छता की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए बंधन स्वच्छता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।शासन की मंशा एवं अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के निर्देशों के अनुरूप इस आयोजन का संचालन अनुराग मौर्या द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत ढ्ढश्वष्ट गतिविधियों के अंतर्गत किया गया।

## सीएचसी रुदौली ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, एक दिन में हुए 10 सीजेरियन ऑपरेशन



**रुदौली अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली ने रविवार को स्वास्थ्य सेवाओं में नया कीर्तिमान स्थापित किया। केंद्र पर एक ही दिन में 10 प्रसूताओं के सीजेरियन ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अपर्णा कोहली के नेतृत्व में कार्यरत चिकित्सक दल व नर्सिंग स्टाफ ने यह उपलब्धि हासिल की। सभी प्रसूताएं व नवजात शिशु स्वस्थ बताए गए हैं।जिसमें रुदौली नगर के पुरे खान निवासी रेखा पत्नी निरंजन गुप्ता,भेलसर निवासी मंजू पत्नी राम मिलन, रूदौली नगर के ।

मोहल्ला सालार निवासी नसरीन बानो पत्नी मो नफीस, पूरे मलना निवासी कल्पना पत्नी रोहित तिवारी,सहनी निवासी खुशबू पत्नी रमा कांत यादव,गौरिया मऊ निवासी कृष्णावती पत्नी मनोज कुमार,बेतौली निवासी मायावती पत्नी जोगिंदर ,रानी कटरा जगन्नाथपुर बाराबंकी निवासी यास्मीन बानो पत्नी सलीमन, गेरौंडा निवासी चांदनी पत्नी सूरज विश्वकर्मा का सीजेरियन ऑपरेशन कराया गया है।

सीएमओ अयोध्या डॉ. सुशील कुमार बानियान ने बताया कि केंद्र पर आधुनिक सुविधाओं और टीम भावना के चलते अब मरीजों को बेहतर इलाज के लिए शहर की ओर रुख नहीं करना पड़ता। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सीएचसी रुदौली की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए चिकित्सा टीम डा अपर्णा कोहली,डा गुंजन राव,डा धर्मेन्द्र कुमार एनेस्थीसिया,डा कौशलेन्द्र मौर्या, स्टाफ नर्स सुषमा,वर्षा,शशि ,संदीप ओ टी टेक्नीशियन सहित अन्य स्टाप को बधाई दी।

# स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहा विस्तार,अब जिले की सीएचसी-पीएचसी पर झटपट पहुंचेंगी दवाएं




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बीकापुर में लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में आधुनिक ड्रग वेयर हाउस का निर्माण कराया गया है। यह जिले का पहला अत्याधुनिक वेयर हाउस है, जहां वैक्सीन स्टोरेज की व्यवस्था अलग से की गई है। इसके निर्माण के साथ दवाओं के देरी से पहुंचने की शिकायत भी समाप्त हो जाएगी। क्योंकि यह जिले की 13 सीएचसी दो दर्जन से अधिक पीएचसी और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तत्वावधान में बीकापुर की पुरानी पीएचसी के स्थान पर अक्टूबर 2023 में इस अत्याधुनिक ड्रग वेयरहाउस का निर्माण शुरू कराया गया था। पहले जिले में दवाओं का भंडारण और वितरण दर्शननगर में एक किराए के भवन से किया जाता था, जो अपर्याप्त सुविधाओं और सीमित स्थान के कारण कई चुनौतियों का सामना करता था। नया ड्रग वेयरहाउस इन समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बीकापुर और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों ने इस ड्रग वेयरहाउस के निर्माण का स्वागत किया है। स्थानीय निवासी रामप्रकाश वर्मा ने कहा कि पहले दवाओं की कमी के कारण हमें कई बार परेशानी होती थी। अब इस नए वेयरहाउस से उम्मीद है कि स्वास्थ्य केंद्रों में दवाएं समय पर उपलब्ध होंगी।

**जानिये, क्या है ड्रग वेयर हाउस की खासियत**

यह ड्रग वेयरहाउस अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इसमें दवाओं के भंडारण के लिए एक बड़ा हॉल बनाया गया है, जिसमें तीन से चार अतिरिक्त कक्ष भी शामिल हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूर्व सांसद ने निकाला तिरंगा यात्रा



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के मसौली मंडल मे सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा उन वीर जवानों के सम्मान में निकाली गई जिन्होंने पाकिस्तान की धरती पर आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर भारत की सैन्य शक्ति, रणनीतिक कौशल और आत्मनिर्भर रक्षा क्षमताओं का परिचय दिया. इस यात्रा का नेतृत्व किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह गप्पू व पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने किया। ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित साधन सहकारी समिति बड़ागांव से शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा संगठन और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए. लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाए और देशभक्ति के नारों से माहौल को गुंजायमान कर दिया। किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह गप्पू ने यात्रा के दौरान जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, ÷पाकिस्तान एक आतंकवाद समर्थक देश है, लेकिन वह यह भूल जाता है कि अब यह नया भारत है. अब भारत पहले चेतावनी नहीं देता, सीधे स्ट्राइक करता है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने जो साहसिक कदम उठाए हैं, वे पहले की सरकारों में असंभव माने जाते थे. ऑपरेशन सिंदूर इसका जीवंत प्रमाण है। पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने आगे कहा कि यह तिरंगा यात्रा सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत के शौर्य, संकल्प और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है. यह हमारे जवानों के प्रति कृतज्ञता और देश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सार्वजनिक प्रदर्शन है. तिरंगा यात्रा शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई, जिसमें क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और देशभक्ति की भावना को और सशक्त किया। तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत बड़ागांव से शुरु होकर कस्बा बांसा, भूलीगंज, मसौली होते हुए मसौली चौराहे पर समाप्त हुई सफल तिरंगा यात्रा पर मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा ने नेताओं एव कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, आशुतोष अवस्थी, रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा, सतीश विश्वकर्मा, पर्यावरण प्रेमी आशीष वर्मा, प्रधान अनिल वर्मा, देवीशंकर उर्फ़ पप्पू सोनी, नितिन मौर्य, दिनेश रावत, आशीष द्विवेदी, राम किशोर रावत, मंडल महामंत्री प्रवीण मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम केवल, प्रेमनंद वर्मा डा0 कमलेश चौहान, अतुल गुप्ता, रितेश सिंह रावत, प्रधान संजय रावत, श्रीकांत, उमाकांत, शमशेर बहादुर सहित भारी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# राजकीय बालिका कालेज की छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली, जहां प्रधानाध्यापक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, वहीं छात्राओं की आवाज से देशभक्ति के नारें बुलंद होते रहे। ज्ञात हो कि प्रधानाचार्य डॉक्टर मंजु श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में आज छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल रैली आयोजन किया गया। हाथ में तिरंगा एवं भारत माता की जय घोष एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जय घोष के साथ रैली जैदपुर थाने पहुंची चौराहे से ही भीषण बारिश प्रारंभ हो गई किंतु छात्राओं का जोश कम न हुआ। रैली में लगभग 400 छात्रों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की प्रवक्ता श्रीमती अलका डां साधना चौहान सहायक अध्यापक श्रीमती दीपिका पटेल सुश्री शैलेन्द्री श्री आनंद सोनी डॉ नगमा तबस्सुम एवं पी टी ए शिक्षक जसवंत, कोमल, आयशा एवं मंजीत, लिपिक सारिका के सहयोग से रैली सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## डूडा की स्वयं सहायता समूह ने 60हजार तिरंगा झंडा बनाया

**बाराबंकी।** स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व के अवसर पर हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत दीन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों को शासन से 58300 तिरंगों का निर्माण करते हुए जनपद बाराबंकी के समस्त निकायों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्ध करवाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। परियोजना अधिकारी डूडा संजय शुक्ला ने बताया कि योजना के अंतर्गत गठित नया सवेरा क्षेत्र स्तरीय समिति,आवास विकास बाराबंकी द्वारा कुल 10 स्वयं सहायता समूहों की 100 महिलाओं के माध्यम से झंडों का निर्माण किया जा रहा। झंडा निर्माण का समस्त कार्य शहर मिशन प्रबंधक गरिमा सिंह की मॉनिटरिंग में कराया जा रहा है।

आज दिनांक तक 45000 झंडों को निर्मित कर समूहों ने निकायों को उपलब्ध करवा दिया है। समूह को झंडों के निर्माण हेतु शासन से 50त्न धनराशि प्राप्त हो चुकी है शेष धनराशि झंडा आपूर्ति के उपरांत समूह को सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी।

## सड़क हादसे में मारे गए दो महिला अधिकारियों को गई श्रद्धांजलि



**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)।** हरख में सड़क हादसे में मृत अधिकारियों को श्रद्धांजलिः दो महिला अधिकारियों की याद में शोक सभा, 2 मिनट का मौन रखा। जानकारी के अनुसार हरख ब्लॉक में 8 अगस्त को हुए एक दुखद सड़क हादसे में जान गंवाने वाली दो महिला अधिकारियों को आज श्रद्धांजलि दी गई। हरख के राजा बाजार में एक चलती बस पर गूलर का पेड़ गिरने से एडीओ एसटी जूही सक्सेना और एडीओ डब्ल्यू मीना श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। खंड विकास अधिकारी प्रीती वर्मा और ब्लॉक प्रमुख रवि रावत के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम प्रधान और स्थानीय लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में दोनों दिवंगत अधिकारियों की याद में 2 मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि के दौरान महिला कर्मचारी सेलजा तिवारी भावुक हो गईं। सभी उपस्थित लोगों ने दोनों अधिकारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 15 अगस्त को लेकर जैदपुर थाने में पीस कमेटी बैठक आयोजित

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)।**आगामी पर्व व पंद्रह अगस्त के मद्देनजर जैदपुर थाना परीसर में पीस कमेटी की बैठक थाना प्रभारी के नेतृत्व में सीओ सदर की मौजूदगी में संपन्न हुयी। जिसमें शान्ति पुर्वक निपटाने की बात कही गयी। जहां कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों के भारी संख्या में लोग मौजूद थे। बताते चलें कि रविवार को जैदपुर थाना परीसर में प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में सीओ सदर सौरभ श्रीवास्तव की मौजूदगी में आगामी पर्वो को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जहां आपस में मिलजुल कर शान्ति पुर्वक सभी पर्व को मनाने की बात कही गयी, आगे कहा गया कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर पुलिस को तत्काल सूचना दें। पुलिस दिनों रात आप लोगों के साथ है। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद किसान यूनियन से नेता मनीराम गौतम, कफील खान, मक्की मियां, शारूख नसीम सभासद, सायम रिजवी,शाहे आलम ,आलम चौधरी,शहवार हुसैन,सहित गणमान्य लोगों के साथ तमाम क्षेत्रीय प्रधान लोग भी मौजूद थे।

# या हुसैन की सदाओं के बीच निकला इमाम हुसैन का जुलूस

## मौलाना यासूब ने मजलिस को किया खिताब, राजकुमार व छोटेलाल ने पढ़ा नोहा





*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पैगम्बर -ए-इस्लाम हज़रत मुहम्मद (सलै0) के नवासे हज़रत इमाम हुसैन (अ स) एव उनके 72 साथियों की शहादत की याद हिन्दू मुस्लिम ग़म मनाते है। वही बाराबंकी जनपद में हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली। यहाँ पर दो हिन्दू भाइयो ने इमाम हुसैन को खिराजे अकीदत पेश करते हुवे नोहखवानी की। वही देवा रोड स्थित स्व कल्बे अब्बास के अजाखाने में सफर का जुलूस निकाला गया। जिसमें हिंदुस्तान के शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना यासूब अब्बास मिर्ज़ा ने मजलिस को संबोधित किया। मजलिस के बाद अलम, ताबूत गहवारे अली असग़र का जुलूस निकाल जो अपने पुराने रास्ते देवा रोड, रफी नगर लाइन पुरवा होता हुआ देर रात स्व अली शब्बर के अजाखाने में समाप्त हुआ जहाँ पर खतीबे अहलेबैत अली अब्बास ने अलविदाई की मजलिस को खिताब किया। जुलूस में गाजीपुर जनपद से आई अन्जुमन-ए- असगरिया कदीम के साहबे बयाज राजकुमार पांडेय अपने पुत्र ऋषि पांडेय के साथ इमाम हुसैन को खिराजे अकीदत पेश किया। वहां मौजूद अजादारों ने खूब सराहा। वही हरदोई के तहसील पिहानी से आई अन्जुमन-ए-हुसैनिया कदीम के साहबे बयाज छोटे लाल भी नोहखवानी की। ये पहली बार बाराबंकी की सरज़मीन पर आए, जिनको सुनने के लिये शहर के अलावा आसपास के गाँवो से भी मौला के चाहने वाले लोग मौजूद रहे। इसके अलावा अन्जुमन बर्क-ए-हैदरी कश्मीरी मोहल्ला रोड लखनऊ, अन्जुमन पैगामे हुसैनी जैदपुर, अन्जुमन फ़रोगे अजा देवरा सादात के अलावा शहर की अन्जुमन गुंचाए अब्बासिया, अन्जुमन गुलामे अस्करी, अन्जुमन इमामिया के नवजवान नोहखवानी व सीनाजनी की। मौलाना यासूब अब्बास मिर्ज़ा ने मजलिस को संबोधित करते हुवे कहा कि आज पूरी दुनिया मे इमाम हुसैन का चेहल्लुम मना रही। कर्बला इराक में पूरी दुनिया के शिया सुन्नी पहुच रहे है। उन्होंने आगे कहा कि इमाम हुसैन किसी एक मसलक के नही है बल्कि पूरी कायनात के इमाम है। हिंदुस्तान में भी हमारे हिन्दू माँ बहने अपने इमाम हुसैन का ग़म मनाती है। जनपद के ग्राम कैसरवा सादात में भी कर्बला के बहत्तर शहीदों का चेहल्लुम मनाया गया। जुलूस के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रही। मजलिस समाप्ति से पहले शायर कशिश सांडेलवी, अजमल किन्तुरी, ज़िना जाफराबादी, मुजफ्फर इमाम, मोहम्मद आबान हुसैन, क़ायम मेहदी, मोहम्मद ने पेशखानी की प्रोग्राम का संचालन कामियाब सांडेलवी ने किया। प्रोग्राम में आये सभी मौला के अजादारों का सिकन्दर अब्बास रिज़वी, शब्बर रिज़वी ने शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर वक्फ बड़ेल कर्बला सिविल लाइन के अध्यक्ष सय्यद मुजाहिद हुसैन नक़वी, कल्बे जावेद सभासद सादिक हुसैन, शिवा शर्मा, मोहम्मद फैसल किसान नेता मोनू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## अल्लाह के अलावा जो कुछ दुनियां में है वो मखलूक है: मौलाना मीसम

**बाराबंकी।(अवधनामा संवाददाता)।** अल्लाह के अलावा जो कुछ दुनियां में है वो मखलूक है। इस्लाम के नज़रिये में आदम अ को मिट्टी और पानी से बनाया गया। अल्लाह ने आदम अ को अपनी मर्ज़ी से जैसा चाहा वैसा बनाया। मिट्टी उनसुर नहीं अनासिर का मजमुआ है। पंजतन की ज़ात वह ज़ात है जिसे मलायका को भी सर उठाकर देखना पड़ता है। अली अ. की जमा को आलीन कहते हैं जिन पर आदम का सजदा नहीं पंजतन का तअररुफ अर्श पर अली अ., फर्श पर मोहम्मद स. अ. व. और चादर में फ़ातिमा ज़हरा हैं। यह बात जावेद अस्करी द्वारा आयोजित क़र्बला सिविल लाइन में सालाना मजलिस को सम्बोधित करते हुए आली जनाब मौलाना मीसम ज़ैदी ने कहा उन्होंने यह भी कहा सूफियत और शीयत में तौहीद के नज़रिये अलग अलग हैं।

# अनियंत्रित बोलेरो दवा की दुकान मे घुसा, तीन घायल




*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** चौक थानाक्षेत्र के लालपुर में सोमवार को एक अनियंत्रित बोलेरो ने दवा की दुकान में घुसकर अफरा-तफरी मचा दी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गबडुआ निवासी खुशबुद्दीन अपने एक साथी संग बोलेरो से निचलौल से घर लौट रहा था। सुबह समय करीब 7 बजे लालपुर पहुँचते ही बोलेरो अचानक अनियंत्रित होकर दरहटा निवासी गिरिजेश की दवा की दुकान में घुस गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दुकान का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर मौजूद लोग दबकर घायल हो गए। घटना में दरहटा लालपुर निवासी दयानंद, पकड़ियार खुर्द निवासी कविलाश और लक्ष्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पाकर चौक उपनिरीक्षक राहुल कुमार मयफोर्स मौके पर पहुंचे, बोलेरो को कब्जे में लिया और घायलों को गुरुगोरखनाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक ने वनमंत्री से की मुलाकात

*अवधनामा संवाददाता*



**महाराजगज।** सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने आज लखनऊ में विधानसभा सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के वन मंत्री अरुण सक्सेना से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने अपने क्षेत्र के किसानों की एक अहम समस्या को उठाते हुए मंत्री को अवगत कराया कि वन क्षेत्र के समीप बसे गांवों के किसान लंबे समय से जंगली पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने से परेशान हैं। विधायक ने बताया कि जंगली सूअर, नीलगाय एवं अन्य आवारा पशु खेतों में घुसकर किसानों की मेहनत पर पानी फेर देते हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक हानि झेलनी पड़ती है। विधायक ने कहा कि किसानों की आजीविका का मुख्य साधन खेती है, और जब उनकी फसल बार-बार नष्ट होती है, तो यह न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को कमजोर करता है, बल्कि उनके मनोबल को भी गिराता है। उन्होंने सुझाव दिया कि वन क्षेत्र से सटे गांवों में तार बाड़ (फेंसिंग) की व्यवस्था कर दी जाए जिससे जंगली और आवारा पशु खेतों में प्रवेश न कर सकें। इससे किसानों की फसल सुरक्षित रहेगी और वे निश्चिंत होकर खेती कर सकेंगे। इस संबंध में विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने वन मंत्री को एक लिखित पत्र भी सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया कि पिपरा गुरु गोविंद राय से चौक बाजार, कटहरा होते हुए चेहरी तक जंगल के किनारे तार बाड़ ( फेंसिंग ) कार्य जनहित में करता जाय । उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह कार्य शीघ्र कराया जाए जिससे किसानों के धान की फसल को बचाया जा सके । वन मंत्री ने विधायक की मांग को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि इस विषय पर विभागीय स्तर पर विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने मंत्री का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि शीघ्र ही किसानों को इस समस्या से राहत मिलेगी।

## दहेज़ हत्या मामले में पति व सास गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय कस्बे के मीराबाई नगर वार्ड में गत 1 अगस्त को नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में कोठीभार पुलिस ने मृतका के पति व सास को सोमवार को प्रातः गिरफ्तार कर लिया। विगत 20 फरवरी को नौगढ़ निवासी दीपक जायसवाल की पुत्री मानसी जायसवाल की शादी सिसवा कस्बे के रवि जायसवाल से हुई थी। 1 अगस्त को संदिग्ध परिस्थियों में मानसी का शव घर के तीसरी मंजिल पर पाया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। घटना के अगले दिन मानसी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पति, सास, ननद व ननदोई के विरुद्ध दहेज़ हत्या का केस दर्ज कर मामले की विवेचना में लग गई थी। पुलिस आरोपियों की तलाश भी कर रही थी।

# बेसिक शिक्षकों का एफएलएन प्रशिक्षण का शुभारंभ

## पहले बैच में 100 शिक्षक होंगे प्रशिक्षित



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय बीआरसी पर सोमवार को बेसिक शिक्षकों का एफ़एलएन प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी बंशीधर सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षण कौशल को और बेहतर बनाएगा। इस प्रशिक्षण से शिक्षक आपने शिक्षण को बालकेंद्रित बनाने में सफ़ल होंगे। प्रशिक्षक एआरपी अरविन्द जायसवाल ने कहा कि यह प्रशिक्षण नवीन पुस्तकों पर समझ विकसित करने के लिए आयोजित किया गया है। बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षण का अहम योगदान होता है। शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए इस प्रशिक्षण से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। प्रशिक्षक अरुण सिंह ने बताया कि पहले बैच में कुल 100 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर ए आर पी सूरज यादव, देवेंद्र पटेल ने भी अपने विचार रखें। प्रशिक्षण में पूनम शर्मा, नीरज, वंदना, श्रीप्रकाश मिश्रा, रिजवान, प्रभाकर , आशुतोष,अयूब अली, सुनीता यादव, कुसुम यादव, गिरधारी, पंकज सिंह, नंदू गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निकाली गई तिरंगा रैली



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार को मुख्यालय पर तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली कलेक्ट्रेट परिसर से चलकर पुलिस लाइन पर समाप्त हुई।

तिरंगा रैली में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, डीडीओ सतीश सिंह, डीपीआरओ वाचस्पति झा, बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक, स्वयं सहायता समूह की महिलायें, पंचायती राज विभाग के कर्मचारी, पुलिस विभाग के जवान, एनसीसी कैडेट, जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी गण द्वारा प्रतिभाग किया गया। तिरंगा रैली में लगभग 1000 से अधिक लोगो द्वारा प्रतिभाग किया गया। तिरंगा रैली को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा झण्डा लगाये तथा उसकी फोटो अपलोड करे।

## भाजपा पदाधिकारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा गूंजा देश का नारा



**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन कस्बे के भाजपा कार्यालय से सोमवार को भाजपा के मण्डल अध्यक्ष दुग नरायन सिंह के नेतृत्व मे विकास खण्ड लोटन के पदाधिकारियों ने तिरंगा यात्रा रैली निकाला।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के मौजूदगी में पुरा कस्बा होते हुए सोहास बजार तक मोटरसाइकिल रैली निकाली गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा जिलाअध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा 10अगस्त से लेकर 12अगस्त तक तिरंगा यात्रा चलेगा और 13अगस्त से 14अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाना है। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष दुग नारायण सिंह, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय,अनील कुमार जयसवाल, मुसे सिंह,शिवम् विश्व, अनुराग कसौधन कृष्ण दत्त तिवारी, तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विकास कार्यों में लापरवाही पर सीडीओ सख्त, नोटिस जारी

**देवी अवस्थी, गोण्डा।** जनपद स्तर पर संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा में मई, जून एवं जुलाई, 2025 की प्रगति अत्यंत निराशाजनक पाई गई है। विशेष रूप से जिला पंचायत राज, नेडा, बेसिक शिक्षा विभाग, पर्यटन, जल निगम (जल जीवन मिशन - ग्रामीण), सी0एम0आई0एस0 पोर्टल, विद्युत एवं नियोजन विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभागों द्वारा अपेक्षित कार्य नहीं किए गए हैं।

इन विभागों की लचर प्रगति के चलते मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग में निरंतर गिरावट दर्ज की गई है, जो प्रशासनिक स्तर पर गंभीर चिंता का विषय है।मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा बैठक के दौरान नाराज़गी व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार निर्देश देने के बावजूद यदि विभागीय अधिकारी कार्यों में अपेक्षित सुधार नहीं कर पा रहे हैं, तो उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

## डीएम ने विभिन्न खाद की दुकानों का किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**कमी पाए जाने पर डीएम ने दुकानों को सील करते हुए एफआईआर दर्ज कराने का दिया निर्देश**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सोमवार को मेसर्स कृष्ण मुरारी खाद भण्डार, धेन्सा बाजार का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया। वितरण रजिस्टर में 712 बोरी के सापेक्ष 151 बोरी उपलब्ध पाया गया। मेसर्स जायसवाल खाद भण्डार, करजहवा के औचक निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया। वितरण रजिस्टर में 701 बोरी के सापेक्ष 411 बोरी उपलब्ध पाया गया व मेसर्स ओमकार ट्रेडर्स, करजहवा के निरीक्षण के दौरान निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया। वितरण रजिस्टर में 1588 बोरी के सापेक्ष 33 बोरी उपलब्ध पाया गया जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर दुकान सील कराया। जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि सुसंगत धाराओ में एफआईआर दर्ज कराये।

## झांसा देकर शादी करने व धर्म परिवर्तन कराने का वांछित गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता, गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक महोदय विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-598/25, धारा 127(2), 115(2), 351(3), 79, 89 बीएनएस व 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधि0 2021 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आजम हसन शेख उर्फ विनीत सिंह उर्फ बिल्टू पुत्र अकबर अली नि0 बरूईपुर साउथ 24 काजीपारा मस्जिद थाना बरूईपुर जनपद कलकत्ता पश्चिम बंगाल को बर्धमान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म से गिरफ्तार कर लिया गया।

एक अगस्त को थाना को0 नगर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी थी कि विपक्षी आजम हसन शेख उर्फ विनीत सिंह उर्फ बिल्टू पुत्र अकबर अली द्वारा उसके साथ हिन्दू होने का झांसा देकर शादी की गई।

# अंजुमन फेदा ए कासिम की जानिब से हुई तरही शब्बेदारी, भारी संख्या में अकीदतमंद रहे मौजूद

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार शाम क्षेत्र के हल्लौर स्थित इमाम बारगाह हुसैनिया अली हसन में अंजुमन फिदा-ए-कासिम की जानिब से तरही शब्बेदारी का आयोजन किया गया। जिसमें माहताब हैदर के तिलावते कलाम पाक से शब्बेदारी का आगाज़ हुआ। ततपश्चात हैदर करार व हमनवा ने जनाबे कासिम से मंसूब मर्सियाख्वानी की। इस दौरान भारी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

मजलिस को संबोधित करते हुए इमाम ए जुमा व जमाअत मौलाना शाहकार हुसैन जैदी ने कहा कि रसूले खुदा मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम ने इस्लाम को सही रूप में दुनिया तक पहुंचाने के लिए नवासे इमाम हुसैन ने अपनी व 71 साथियों की कुर्बानी देकर इस्लाम को मजबूती प्रदान की। मौलाना ने कहा कि हजरत कासिम अपने चाचा हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के पास आए और मैदान में जाने की इजाजत मांगी। इमाम हुसैन अलै. ने मना कर दिया। हजरत कासिम अपने खेमे में मायूस बैठ गए। उनकी मां ने सबब पूछा और याद दिलाया कि आपके बाबा हजरत हसन अलैहिस्सलाम ने आपको तावीज बांधी थी और कहा था मुसीबत में इसे खोलना। हजरत कासिम ने तावीज खोली तो उसमें एक खत था। खत हजरत इमाम हुसैन अलै. को दिया गया। इमाम अलै. ने कासिम को इजाजत दे दी। कासिम मैदान में आए और यजीदी फौज की तलवार से जख्मी होकर अपने चाचा को मदद के लिए बुलाया। हजरत इमाम हुसैन अस मैदान में पहुंचे तो यजीदी फौजें भागने लगीं। कासिम की लाश घोड़ों की टापों से पामाल हो गई। इमाम हुसैन अस कासिम की लाश के टुकड़े खेमे में लाए। कासिम की मां लाश देख कर रोते-रोते बेहोश हो गई। मजलिस से पूर्व इमाम बारगाह अबु तालिब से हज़रत कासिम के शबीहे ताबूत के साथ नौहा मातम करता हुआ इमाम बारगाह हुसैनिया अली हसन तक आया। इसमें कासिम की मेंहदी पढ़ी गई। वहीं बाहर से आए नौहाख्वां शबीह हैदर अरफी मुजफरनगर ने अपनी दर्द भरी आवाज में नौहाख्वानी की जिस पर अकीदतमंदों ने मातम किया। अमेठी से आई अंजुमन सिपाहे हुसैनी ने अपने मकसूस अंदाज में नौहा पढ़ा। वहीं सैथल बरेली से आई अंजुमन यादगारे हुसैनी ने भी अपने मकसूस अंदाज में नौहा मातम किया। इसके बाद मुकामी अंजुमन फरोग मातम रजि की जानिब से फरहान ने नौहा पढ़ा।

## मंगलवार को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा बैठक सम्पन्न

**जलालपुर अम्बेडकर नगर।** भारतीय जनता पार्टी के जलालपुर नगर मंडल द्वारा आगामी तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस यात्रा का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा, जो सरस्वती स्कूल से शुरू होकर शिवाजी तिराहे पर समाप्त होगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने कहा कि यह यात्रा देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक होगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से इसे सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी के साथ जुटने का आह्वान किया। इस बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र, मानिक चंद सोनी, बेचन पांडे, सुरेश गुप्ता, शिवराम मिश्र, कार्यक्रम संयोजक आनंद मिश्र, विकाश निषाद, नगर उपाध्यक्ष अरुण मिश्र, शीतल सोनी, आशाराम मौर्य, सभासद प्रतिनिधि दिलीप यादव, रामतीर मिश्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कटान प्रभावित गांवों का एडीएम ने किया निरीक्षण, दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** रविवार को अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर ने डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत राप्ती नदी कटान से प्रभावित ग्राम बनगाई नानकार और रमवापुर कोहल चक उर्फ बड़हरा का स्थलीय निरीक्षण किया। लगातार हो रही बारिश और राप्ती नदी में बढ़े जलस्तर के कारण इन गांवों में कटान की रफ्तार तेज हो गई है, जिससे कई मकान, खेत और संपर्क मार्ग खतरे में आ गए हैं।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने प्रभावित क्षेत्रों का बारीकी से जायजा लिया और वहां मौजूद ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि नदी का पानी तेज धार के साथ जमीन काट रहा है, जिससे कई परिवारों की आजीविका और रहने की जगह खतरे में पड़ गई है। उन्होंने प्रशासन से कटान रोकने के लिए पुख्ता और स्थायी समाधान की मांग की।

अपर जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग और आपदा प्रबंधन टीम को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि कटान प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल बचाव कार्य तेज किए जाएं। उन्होंने रेत के बोरे, पत्थरों और अन्य रोकथाम सामग्री को तुरंत उपलब्ध कराने और संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बढ़ाने के आदेश दिए। एडीएम ने यह भी कहा कि प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और जरूरत पड़ने पर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे नदी के किनारे जाने से बचें और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दें।बताते चलें कि पिछले एक सप्ताह से राप्ती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके चलते डुमरियागंज क्षेत्र के कई गांव कटान की चपेट में हैं। बनगाई नानकार और रमवापुर कोहल चक उर्फ बड़हरा में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। कटान की रफ्तार न थमने पर दर्जनों घर और भूमि नदी में समा सकती है। प्रशासन द्वारा प्रभावित गांवों में बचाव कार्य जारी है और अधिकारियों का कहना है कि खतरे को देखते हुए प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि लोगों की जान और संपत्ति को नुकसान से बचाया जा सके।

## केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग अध्यक्ष का एनटीपीसी टांडा का दौरा

**अंबेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा परियोजना में 9 और 10 अगस्त 2025 को केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष जिष्णु बरुआ और सदस्य (तकनीकी) रमेश बाबू वी. पहुंचे।अयोध्या हवाई अड्डे पर आगमन पर एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा और वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

दो दिवसीय दौरे के दौरान अतिथियों ने संयंत्र संचालन, सुरक्षा उपायों और परियोजना की विकासात्मक पहलों का अवलोकन किया। उन्होंने सरयू भवन गेस्ट हाउस, एनएफएनडीआरसी, स्टेज- कंट्रोल रूम और प्रशासनिक भवन का निरीक्षण कर अधिकारियों से संवाद किया। 10 अगस्त को उन्होंने सतत विकास पहल के तहत वृक्षारोपण में भाग लिया और सरयू घाट का भ्रमण किया। इस दौरान परिचालन उत्कृष्टता, भविष्य की दक्षता और स्थिरता बढ़ाने की योजनाओं पर चर्चा हुई। एनटीपीसी परिवार ने आगंतुकों के सुझावों और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया।

# एसएसबी और ढेबरूआ पुलिस की संयुक्त टीम ने चार लोगों को 52.9 ग्राम स्मैक के साथ किया गिरफ्तार





अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरूआ पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट के चार आरोपितों को 52.09 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक(हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 02 मोबाइल फोन, 20470 भारतीय रुपया व 945 नेपाली मुद्रा, घटना में शामिल 01 चार पहिया वाहन बरामद कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

रविवार को थाना ढेबरूआ पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान प्रशान्त कुमार प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ढेबरूआ के नेतृत्व में आज चौकी प्रभारी बढ़नी मय पुलिस बल व एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ मलगहिया मोड पर पहुच कर गाड़ियों की चेकिंग की जा रही थी कि एक सफेद कार आते हुये दिखाई दी उक्त गाड़ी को पुलिस बल द्वारा रोका गया तो गाड़ी मे तीन पुरुष और एक महिला बैठे हुये थे। सभी को गाड़ी से बाहर निकलवाकर बारी बारी से पूछताछ व जामा तलाशी ली गयी तो संजय गुप्ता के पास 10.28 ग्राम स्मैक (हेरोइन) व 01 अदद एन्ड्रायड मोबाइल फोन 02.अर्चना गुप्ता पत्नी संजय गुप्ता के पास 12.54 ग्राम स्मैक (हेरोइन) व 01 अदद एन्ड्रायड मोबाइल फोन तथा 20470 रुपये भारतीय व 945 रुपये नेपाली 03.दद्दु सोनकर पुत्र स्व0 तिलकराम के पास 9.97 ग्राम स्मैक (हेरोइन) 04.जलील पुत्र खादीम के पास से 10.27 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद हुआ तथा 01 चार पहिया वाहन मारुति सुजिकी स्वीफ्ट डिजायर में से 9.03 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना ढेबरूआ पर मु0अ0स0 135/2025 धारा 8/22 एनडीपीएस पंजीकृत किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से चौकी प्रभारी अनिरुद्ध सिंह, उ0नि0 मथन सिंह,किशोर गिरी 50वीं वाहिनी एसएसबी कम्पनी मलगहिया, मु0आ0 अदनान शेख, मु0आ0 गुजन कुमार एस एस बी,आरक्षी विशाल गौड, मनीष चौधरी, पंकज यादव, आरक्षी राजन सिंह, शंकर लाल, म0का0 मीरा रानी आदि लोग मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा के रंग में रंगे जनपद के स्कूल बच्चों में दिखा जोश



**अम्बेडकरनगर।** स्वतंत्रता दिवस की आहट और हर घर तिरंगा अभियान ने जिले के माध्यमिक विद्यालयों में देशभक्ति की ऐसी लहर दौड़ाई कि गलियों, मैदानों और कक्षाओं में सिर्फ तिरंगे की शान और भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे।जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी के नेतृत्व में सभी स्कूलों में विशेष कार्यक्रम हुए। बच्चों ने रंगोली, क्विज, निबंध, भाषण, पोस्टर, राखी निर्माण जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रधानाचार्यों की अगुवाई में बच्चों ने हाथों में तिरंगा लिए प्रभात फेरी निकाली और गांव की गलियों में घूम-घूमकर सभी से 15 अगस्त को अपने घर पर तिरंगा फहराने की अपील की। देशभक्ति गीतों और नारों से माहौल जोश और उमंग से भर गया। विद्यार्थियों ने सेल्फी विद तिरंगा लेकर सोशल मीडिया और स्टेट लॉगिन पर अपलोड किया। सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने प्रतिभागियों को वाल्टियर प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। राजकीय इंटर कॉलेज अकबरपुर, बीएन इंटर कॉलेज, डॉ. गणेश कृष्णा जेटली इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बेवाना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज जाफरगंज, खजुरडीह, ईंधना, रामनगर समेत जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित हुए।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता, बांसी सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ दशरथ चौधरी ने ब्लॉक मिठवल मे प्राथमिक विद्यालय करही शुकुल मे बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर किया ग्रामस्वास्थ्य विभाग केंद्र मिठवल अंतर्गत अधीक्षक डॉ राजीव कुमार रंजन के उपस्थिति मे डॉ दशरथ चौधरी और सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र त्रिपाठी ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस सोमवार को और इसका माप अप राउन्ड 14 अगस्त 2025 को चलाया जाएगा इसमे छूटे हुए सभी बच्चों को 14 अगस्त को दवा खिलाना है इये अभियान 1 से 19 साल के बच्चों के लिए चलाया जा रहा है जिसमें 1-2 साल के बच्चों को आधी गोली (200 मिली ग्राम) और 2-3 साल तक के बच्चों को 400 मिलीग्राम पूरी गोली और 3-19 साल के बच्चों को 400 मिलीग्राम की पूरी गोली खिलाना है। ये अभियान समस्त विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्रों पर चलाया जाना है। अभियान के शुभारम्भ के दौरान बी पी एम कुशल टण्डन, बी सी पी एम राधेश्याम चक्रवर्ती, बी ए एम धर्मेंद्र विश्वकर्मा, डॉ साधना, डॉ के बी सिंह और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## योजनाओं को धरातल पर उतार काम कराना ही प्राथमिकता : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट



**अली अहमद, लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन मे आयुष अग्रवाल ज्वाइंट मजिस्ट्रेट(प्रशिक्षु आईएएस)की तैनाती लोटन विकास खण्ड में हुई। खण्ड विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी के पद पर हुई। पदभार ग्रहण के दौरान आयुष अग्रवाल ज्वाइंट मजिस्ट्रेट (प्रशिक्षु आईएएस)ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतार कर उस पर काम कराना ही पहली प्राथमिकता होगी।गांवड्रगांव तक सरकार की योजनाएं पहुंचे और योजना का लाभ पात्र लोगो को मिले, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।पात्र लोगो को योजनाओं का लाभ मिले। ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह ने उनका स्वागत किया और कहा कि आशा रखता हू की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विकास खण्ड के मार्ग दर्शक बनेंगे और समय समय पर गाईड लाइन भी देंगे।

## थाना उसका बाजार पुलिस ने 3 नफर वारन्टी को किया गिरफ्तार

**उसका बाज़ार सिद्धार्थनगर।** डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार के नेतृत्व मे 3 नफर वारन्टी रामअवतार लोध पुत्र सोहन लोध निवासी सोहास जनुबी थाना, ज्ञानेन्द्र पुत्र प्रकाश निवासी रेहरा व अंकित पुत्र हृदयनारायण पाण्डेय निवासी मधुरी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर मा. न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 अरविन्द कुमार द्विवेदी, रामप्रसाद, रुदल चौरसिया व आरक्षी शेषनाथ थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

# जिला स्तर की तैराकी में राहुल को मिला प्रथम स्थान

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को 33वीं बेसिक जनपदीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जूनियर स्तर की बालक व बालिकाओं की तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीएसए शैलेष कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

सोमवार को स्टेडियम में जनपद के विभिन्न ब्लॉकों के जूनियर विद्यालयों के बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें फ्री स्टाइल तैराकी प्रतियोगिता में शोहरतगढ़ के राहुल को प्रथम स्थान बढ़नी के राज को द्वितीय स्थान और शोहरतगढ़ के बृजेश को तृतीय स्थान मिला, जबकि ब्रेस्ट स्ट्रोक प्रतियोगिता में डुमरियागंज के अक्षय को प्रथम स्थान, बढ़नी के राज को द्वितीय स्थान और शोहरतगढ़ के संदीप को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह बैक स्ट्रोक प्रतियोगिता में बर्डपुर के श्याम सुंदर को पहला स्थान, शोहरतगढ़ के राहुल को द्वितीय स्थान और डुमरियागंज के अक्षय को तृतीय स्थान हासिल हुआ। बटरफ्लाई प्रतियोगिता में शोहरतगढ़ के बृजेश को प्रथम स्थान, शोहरतगढ़ के संदीप को द्वितीय स्थान और नौगढ़ के पंकज को तृतीय स्थान हासिल हुआ। बालिका वर्ग की तैराकी फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में जोगिया की सपना को प्रथम स्थान और नंदिनी को द्वितीय स्थान जबकि शोहरतगढ़ की नीलम को तृतीय स्थान हासिल हुआ। बैक स्टॉक प्रतियोगिता में जोगिया के सपना को प्रथम स्थान शोहरतगढ़ के खुशी को द्वितीय स्थान और बर्डपुर के गायत्री को तीसरा स्थान हासिल हुआ। ब्रेस्ट स्ट्रोक प्रतियोगिता में जोगिया की करिश्मा को प्रथम स्थान और शोहरतगढ़ की नीलम को द्वितीय स्थान और खुशी को तृतीय स्थान हासिल हुआ। बटरफ्लाई तैराकी की प्रतियोगिता में जोगिया की करिश्मा को प्रथम स्थान और नंदिनी को द्वितीय स्थान नौगढ़ के अनुष्का को तृतीय स्थान हासिल हुआ।

बीएसए शैलेष कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय के बच्चों को खेल गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए। शरीर को स्वस्थ्य रखने और सर्वांगीण विकास के लिये पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है। खेल आप्रतियोगिता आयोजक ब्लॉक बढ़नी के खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने सभी का आभार व्यक्त कर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह और सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया। तैराकी प्रतियोगिता में सत्यप्रकाश त्रिपाठी, सत्येंद्र कुमार गुप्ता, सुग्रीव यादव इंस्ट्रक्टर की और गुलाम हुसैन, सुखबीर, सुनील कुमार, मुस्तन शेरुद्दह रेफरी व निर्णायक की भूमिका में रहे। इस दौरान जिला व्यायाम शिक्षक उपेन्द्र नाथ उपाध्याय, जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार, मुस्तन शेरुद्दह, राजेन्द्र कुमार, अतुल, साधुशरण, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, वन्दना त्रिपाठी, सुखवीर, राजू चौबे, आशुतोष सिंह, सत्येन्द्र कुमार, सुग्रीव, हरिनारायण शुक्ल, कुँवर कमलेश्वर सिंह, विनय त्रिपाठी, राहुल, विकास कसौधन, हरिओम, विंध्यवासिनी, राकेश, सन्तोष आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने थाना साइबर क्राइम का पूजन कर किया शिलान्यास



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में आधुनिक उपकरणों से लैस थाना क्राइम साइबर का विधि-विधान के साथ पूजन करने के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने शिलान्यास किया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक, विश्वजीत शौर्य, क्षेत्राधिकारी सदर व सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी कार्यालय, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ पूजन करने के पश्चात थाना साइबर क्राइम का शिलान्यास किया गया। आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने में साइबर अपराध के पीड़ित ऑफलाइन व ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे। साइबर फ्रॉड की प्राथमिकी दर्ज कर टेक्नीकल एक्सपर्ट प्रशिक्षित पुलिस पदाधिकारी व तकनीकी सेल के पुलिस कर्मी साइबर अपराध के मामलों का अनुसंधान कर साइबर फ्रॉड के शिकार लोगो को न्याय दिला सकेंगे। जहां अत्याधुनिक तरीके से साइबर फ्रॉड मामलों का उदभेदन हो सकेगा। साइबर थाना द्वारा साइबर अपराध से बचाव के लिए, जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा चलाते रहेंगे ताकि आम लोग साइबर ठगी के मामलों से बच सकें।

## ऑपरेशन सिंदूर, जितने मुंह, उतनी बातें

प्रधानमंत्री मोदी ने भी 10 मई के युद्धविराम के बाद देश को संबोधित किया। हर बार यह बताया गया कि कैसे हमारी सेना ने पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों पर तगड़ी चोट की है। कम से कम 9 आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर दिया है। लेकिन इन तमाम अधिकृत जानकारियों में यह कभी नहीं कहा गया कि पाकिस्तान की सेना को कितना नुकसान पहुंचाया गया है। जब रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, विदेश मंत्री और खुद प्रधानमंत्री ने संसद के भीतर ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की, तब भी यह नहीं बताया कि पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों को भारतीय सेना ने नष्ट किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्धविराम के 30-40 बार दावों के बीच यह भी कहा है कि इसमें पांच-छह लड़ाकू विमान नष्ट हुए हैं। जब विपक्ष ने इस बारे में सरकार से कहा कि वह स्पष्ट करे कि ये किस पक्ष के विमान थे, हमारे थे या दुश्मन के थे, उस समय भी मोदी सरकार मौन ही रही। बल्कि सवाल उठाने पर देश विरोधी होने का इल्जाम लगाया। यह समझ से परे है कि अगर पाकिस्तान के सैन्य विमानों को नुकसान पहुंचा ही था, तो इसे बताने से सरकार झिझक क्यों रही थी। यह तो हमारी सेना की बड़ी उपलब्धि थी, जिसे उसी समय बताया जाता, तब हौसला और बढ़ जाता।ड्डह्यश ऋ्रड्डस्त्र - सरकारों की विकासलीला लेकिन तीन महीने में यह पहली बार है जब किसी सशस्त्र बल के वरिष्ठ अधिकारी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना को हुए नुकसान की संख्या को सार्वजनिक रूप से उजागर किया है। यह भी अजीब संयोग है कि इधर वायुसेना प्रमुख ने नया खुलासा किया और फौरन बाद थलसेना प्रमुख का भी ऑपरेशन सिंदूर को लेकर नया बयान सामने आया है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया है कि पहलगाम हमले के अगले दिन यानी 23 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा, %बस बहुत हुआ,% और सशस्त्र बलों को पूरी छूट दी गई कि वे इस हमले का जवाब देने के लिए स्वतंत्र रूप से कार्रवाई करें। जनरल द्विवेदी के मुताबिक रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों को निर्देश दिया, आप तय करें कि क्या करना है। इस राजनीतिक स्पष्टता और विश्वास ने सेना का मनोबल बढ़ाया। दो दिन बाद, 25 अप्रैल को उत्तरी कमान का दौरा किया गया, जहां नौ में से सात आतंकी ठिकानों को नष्ट करने की योजना बनाई गई और उसे अंजाम दिया गया। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ढांचों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। जनरल द्विवेदी ने कहा, %ऑपरेशन सिंदूर का नाम छोटा हो सकता है, लेकिन इसने पूरे राष्ट्र को एकजुट किया।ड्डह्यश ऋ्रड्डस्त्र - दो जुझारू नेताओं का निधन सेना की इस उपलब्धि पर हरेक भारतवासी को गर्व है, लेकिन यह बात थोड़ी अजीब लगती है कि अब सेना प्रमुख को देश की एकजुटता पर बयान देना पड़े। सवाल यह भी है कि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े दो सेनाध्यक्षों के बयान आखिर इस वक्त क्यों आए हैं, जब देश में चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत पर बवाल मचा हुआ है। राहुल गांधी ने 7 अगस्त को जब से कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर एक लाख दो सौ पचास फर्जी वोटों का खुलासा सबूतों के साथ पेश किया है, इस तरह की और भी खबरें सामने आ गई हैं। अब पता चल रहा है कि बिहार में कम से कम 3 लाख लोगों के पते पर मकान नंबर शून्य बटा शून्य या केवल शून्य लिखा हुआ है, वह भी एसआईआर की प्रक्रिया के बाद। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा का नाम दो मतदाता सूचियों में है। उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव ऐसा ही फर्जीवाड़ा दिखा रहे हैं। महाराष्ट्र में शरद पवार ने दावा किया है कि विधानसभा की 166 सीटें जिताने का प्रस्ताव उन्हें दो लोगों ने दिया था, हालांकि राहुल गांधी ने इससे इंकार कर दिया था कि यह चुनाव जीतने का हमारा तरीका नहीं है। मतलब चुनाव आयोग पर घेराबंदी बढ़ रही है। उसकी शपथपत्र की मांग भी विपक्ष नहीं सुन रहा है।

## वैज्ञानिक स्व. डॉ. प्रभाकर राव चावरे को श्रद्धांजलि देने हेतु वर्ल्ड ह्यूमन डे मनाए जाने का प्रस्ताव

### मानव विकास पर एक नवीन वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रणेता को किया गया याद



अचलपुर (विदर्भ), 10 अगस्त – विश्व ह्यूमन डे के अवसर पर प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक एवं समाजसेवी स्व. डॉ. प्रभाकर राव चावरे को कृतज्ञता के साथ स्मरण किया गया। मानव उत्पत्ति पर उनकी 'ऑटो जेनेटिक थ्योरी ऑफ इवोल्यूशन' नामक अवधारणा ने पारंपरिक डार्विन सिद्धांत को चुनौती देते हुए विज्ञान की दुनिया को एक नई दिशा दी।

डॉ. चावरे का मानना था कि मनुष्य का विकास वानर से नहीं बल्कि अनुकूल वातावरण व आहार व्यवस्था के अनुसार स्वतः हुआ। उन्होंने इस विचार को स्व-उत्पत्तिवादी सिद्धांत (श्व-7) के रूप में प्रतिपादित किया, जो 2012 में प्रकाशित उनकी पुस्तक साइंस फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग में विस्तार से वर्णित है।यह पुस्तक वानर से मानव के विकास% की धारणा का खंडन करती है और यह बताती है कि जैसे अन्य जीव स्वतः उत्पन्न हुए, वैसे ही प्रथम मानव भी भारत में स्वतः उत्पन्न हुआ। यह %स्व उत्पत्तिवादी सिद्धांत% है, जिसे डॉ. प्रभाकर राब चावरे ने पहली बार प्रतिपादित किया और इसे स्व-उत्पतिवादी सिद्धांत ई-7 के रूप में प्रस्तुत किया। इस पुस्तक में उन्होंने यह भी कहा है कि अन्य जानवरों की तरह मानव का भी विकास अनुकूल परिस्थितियों में स्वतः हुआ।

इस सिद्धांत के अनुसार, बंदर से आदमी का विकास नहीं हुआ, बल्कि ऑटो जेनेटिक ब्योरी के तहत स्वतः आदमी का विकास हुआ। वैज्ञानिक रष्टिकोण अपनाने के लिए वे मनुष्यों को अंधविश्वास से दूर रहने की सलाह देते हैं। डॉ. प्रभाकर राव चावरे के अनुसार, डार्विन का विकासवाद सिद्धांत अधूरा था। यदि बंदर से मानव का विकास हुआ होता, तो आज के समय में बंदर विलुप्त हो चुके होते, लेकिन आज भी हमें बंदर और चिंपांजी देखने को मिलते हैं। प्रो.चावरे की शोध को इंडियन जर्नल ऑफ साइंटिफिक रिसर्च ने विशेषांक (नवंबर 2017) में प्रकाशित कर मान्यता प्रदान की गई।

डॉ. चावरे न केवल एक वैज्ञानिक थे, बल्कि एक समर्पित समाजसेवी भी रहे। उन्होंने टेक्निकल प्रोफेशनल एजुकेशन इन इंडिया फाउंडेशन के माध्यम से 40 वर्षों तक हजारों वंचित युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया। उनके निधन के बाद संस्था का संचालन उनके पुत्र बलवंत चावरे कर रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों की मांग है कि 10 अगस्त, स्व.डॉ. चावरे की जयंती को वर्ल्ड ह्यूमन डे के रूप में आधिकारिक मान्यता दी जाए तथा उन्हें फादर ऑफ ह्यूमन की उपाधि दी जाए। साथ ही, वैज्ञानिक समुदाय से उन्हें मरणोपरांत नोबेल पुरस्कार देने की अपील की जा रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# सांस्कृतिक अवमूल्यन, युवाओं में बढ़ती यौन अपराध की मानसिकता



एतिहासिक काल से ही भारतीय संस्कृति और सभ्यता में ऐसा लचीलापन है कि अनेक विदेशी सभ्यताओं को हमने अपनी सभ्यता में आत्मसात कर उन्हें भी अपने रंग में रंग लिया है। उन सब के रंगों में हम भी रंग गए हैंद्य भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया है।

(यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया हैद्य वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन सी हुआ है।इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है।)



संजीव ठाकुर

आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है। पुरुष की कुंठा इस कदर बढ़ चुकी है कि वह किसी सुंदर स्त्री को देखकर यह चाहने लगता है कि वह स्त्री उसकी अंक शायनी हो जाए और यदि स्त्री उसके विमुख होती है तो वह उस पर बलात नियंत्रण करने की कोशिश में यौन अपराध की ओर उन्मुख हो जाता है। अपरिपक्व उम्र से ही किशोरावस्था के युवक सेक्सुअल हिंसा के प्रति उन्मुख होने लगे हैं हमें इसकी असली वजह तथा कारण को समझना होगा मोबाइल का इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप ने इस विकृत संस्कृति को एक खुला आकाश दे दिया है समाज में बढ़ती योन अपराधिक हिंसा के मुख्य कारणों में से एक इंटरनेट मोबाइल और लैपटॉप का घर घर उपलब्ध होना ही है।

मानसिक रूप से अपरिपक्व को बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी-छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं। जिसके कारण महिलाओं की भावना तथा आत्म सम्मान में गिरावट आकर आत्महत्या तक के परिणाम सामने आने लगे हैं। आंकड़ों में यदि जाएं तो 2020 में लगभग 40,000 बलात्कार के मामले हिंदुस्तान में सामने आए हैं जिनमें 18 साल से कम आयु की लड़कियों की संख्या 16800 की और सबसे खतरनाक तथा विवाद,वीभस्त आंकड़ा जो है वह 6 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ बलात्कार की घटना के लगभग 600 मामले सामने आए हैं। यौन हिंसा के अलावा बच्चियों, युवतियों तथा महिलाओं द्वारा युवाओं द्वारा दिए गए प्रणय निवेदन तो ठुकरा दिए जाने के बाद तेजाब फेंकने की घटनाएं तीव्रता से बड़ी हैं 2010 से लेकर 2020 तक महिलाओं पर तेजाब फेंकने की 1208 घटनाएं विभिन्न जगहों में संबंधित थानों में पंजीकृत हुई है। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रशासन को एसिड की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने के आदेश भी दिए गए, पर आज भी पूरे देश में तेजाब की बिक्री खुलेआम हो रही है। तेजाब पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसके अलावा इंटरनेट मोबाइल पर भी प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है इस पर भी एक उम्र की सीमा से ऊपर के लोगों को इस्तेमाल करने की अनुमति दी जानी चाहिए। भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के प्रति लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा कर एक अभियान चलाकर इसे योजनाबद्ध तरीके से कानून की मदद से हिंदुस्तान भर में विस्तारित किया जाना चाहिए। इसी तरह कन्या भ्रूण हत्या को भी समूल नष्ट करने का अभियान चलाकर एक प्रभावी योजना तैयार की जानी चाहिए। भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ शासकीय योजनाओं को भी यौन हिंसा प्रताड़ना के खिलाफ आमजन को शिक्षित और जागरूक कर पाश्चात्य सभ्यता को ना अपनाने हेतु प्रेरित करना चाहिए।

अब हमसे नया ठिकाना नहीं होता।
शोहरत का आसमां में कोई ठिकाना नहीं होता
जमीं पर हों पाँव बुलंदी का कोई जमाना नहीं होता।
हर रोज गुजरते हैं अनजानों की तरह
उनसे तो मोहब्बत निभाना नहीं होता।
जुदाई का दर्द छोड़ा नहीं जाता कभी
एक दूसरे से मिलना मिलाना नहीं होता।
हमेशा तल्ख लहजा उनका का रहा
अब उन्हें हंसना हंसाना नहीं आता।
हकीकत गा रहे हैं आजकल हम
ऐसे गीत जिनमे तराना नहीं होता।
खून पसीना न बहायें तो क्या करें
मेहनत का नया बहाना नहीं होता।
जाएं कहां तेरा दर छोड़कर संजीव
अब हमसे नया ठिकाना नहीं होता।

# नेहरू ने दिलाया था सबको वोट का अधिकार

शकील अख्तर

राहुल की यह बात सही है कि मुख्यत~ तो जनता को जागरूक होना पड़ेगा। लोकतंत्र उसी के लिए है। अगर वही नशे में रही तो उसका वोट उसके हाथ से छिन जाएगा। नफरत और विभाजन यही दो चीज भाजपा को आती हैं। पिछले 11 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने इन दोनों का नशा फैलाने के अलावा और कुछ नहीं किया।

राहुल इसी नशे को तोड़ना चाहते हैं। और देश के लिए यह जरूरी है कि उसमें विभाजन नहीं एकता हो। नफरत नहीं प्रेम हो। नफरत और विभाजन कुछ समय के लिए वोट तो दिला सकते हैं मगर हमेशा नहीं। फिर वोट चोरी करना पड़ता है। राहुल ने मय सबूतों के बताया कि 2024 लोकसभा चुनाव में किस तरह वोट चोरी हुआ। दस्तावेजों के जरिए। और दस्तावेज भी चुनाव आयोग के ही। कोई अखबारों की कटिंग नहीं, किसी नेता के कोई आरोप नहीं वह कागज जो चुनाव आयोग के हैं।

मगर चुनाव आयोग नेता प्रतिपक्ष के एक आरोप का जवाब नहीं दे पाया है। मगर जालसाजी पकड़ी जाने पर उल्टा हमलावर होने की कोशिश कर रहा है। राहुल से शपथपत्र मांग रहा है। किस बात का शपथ पत्र? राहुल नेता प्रतिपक्ष हैं। संविधान की शपथ लेकर सांसद बने हैं। और जब लोकसभा का चुनाव लड़ा जाता है तो हर प्रत्याशी शपथ पत्र देता है। लेकिन क्या चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त का पद संभालने से पहले इन लोगों ने कोई शपथ पत्र दिया था?

इन्होंने तो नहीं दिया। मगर समाजवादी पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में 18 हजार शपथपत्र देकर चुनाव आयोग से वोट काटे जाने की शिकायत की थी। लेकिन क्या हुआ? सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राहुल से शपथ पत्र मांगे जाने पर कहा कि पहले चुनाव आयोग यह बताए कि हमारी शपथ पत्र देकर शिकायतों पर उसने क्या किया? एक बीएलओ तक नहीं हटाया। आज तक कोई जवाब भी नहीं आया। उन्होंने पिछले दिनों हुए कुंदरकी विधानसभा उप चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि पुलिस वाले सर्विस रिवाल्वर लिए वोटरों को धमका रहे थे। खुद पुलिस वोट डाल रही थी। इसकी रिकार्डिंग चुनाव आयोग को दी गई। मगर क्या हुआ?

यहां यह बताना जरूरी है कि भाजपा ने यह सीट 31 साल बाद जीती। मुरादाबाद जिले की मुस्लिम बहुल यह सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। चुनाव आयोग को इस उपचुनाव के बारे में अखिलेश के सवालों का जवाब देना चाहिए। उससे पहले 18 हजार शपथ पत्रों के साथ की गई वोट काटने की सपा की शिकयतों का भी। फिर राहुल से कोई सवाल करना चाहिए। दूसरी बात जो हम कह रहे हैं कि राहुल ने तो जनता तक खुलासा पहुंचाने की बात कही। मगर देश की सबसे प्रमुख संवैधानिक संस्था सुप्रीम कोर्ट क्या कर रही है? क्या इतनी बड़ी वोट चोरी के दस्तावेजी खुलासे के बाद उसे स्वत~ संज्ञान नहीं लेना चाहिए?

क्या तर्क दिया है चुनाव आयोग ने कि पूरी जांच में 273 साल लगेंगे! जबकि राहुल का कहना है डिजिटल फार्म में चुनाव आयोग उपलब्ध करवाए तो हम मिनटों में जांच कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट को चुनाव आयोग के इसी मजाक पर संज्ञान लेना चाहिए कि यह इतने सालों की बातें कैसे कर रहा है? और साथ ही यह भी पूछना चाहिए कि जो वह मांग रहा है उन लाख से ऊपर शपथ पत्रों पर साइन करने में नेता प्रतिपक्ष को कितना समय लगेगा? और यह भी कि अखिलेश यादव ने जो 18 हजार शपथ पत्र के साथ शिकायतें दर्ज करवाई थीं उनका क्या हुआ? सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक जिम्मेदारी है। यह उसे निभाना चाहिए। संविधान का आर्टिकल 142 सुप्रीम कोर्ट को असीमित अधिकार प्रदान करता है। याद रहे देश में संसदीय लोकतंत्र की व्यवस्था है। संविधान के आर्टिकल 79 में इसकी व्याख्या है। और इस संसदीय लोकतंत्र का मूल तत्व वोट है। जिस पर संविधान सभा में लंबी बहसें हुई थी। और नेहरू के पुरजोर तर्कों के बाद यह हर वयस्क व्यक्ति को दिया गया था। इसमें तमाम दक्षिणपंथी विचार थे कि इस को देना चाहिए उसको नहीं। खासतौर से गरीब कमजोर वर्ग को इससे बाहर करने के लिए कहा गया था कि जो पढ़ा-लिखा नहीं है उसे वोटिंग राइट नहीं होना चाहिए।



नेहरू जिनकी आलोचना प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा हमेशा करती रहती है उसका एक प्रमुख कारण यह भी है कि नेहरू ने वहां सवाल उठाया कि देश की आजादी के लिए लड़ाई किसने लड़ी। और किसने नहीं लड़ी। नेहरू ने कहा कि जिन गरीबों ने आजादी के लिए सबसे आगे बढ़कर योगदान दिया उन्हें ही आजादी के बाद आप सरकार बनाने की प्रक्रिया से बाहर करना चाहते हैं? फिर कौन देगा वोट वे जिनका आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं? नेहरू के विरोध के इस तरह के बहुत सारे कारण हैं। वे हमेशा आम जनता के साथ खड़े होते दिखाई देते हैं। उन्हें अधिकार देते हुए। मगर यहां उन पर लिखना अभिप्राय नहीं है। बस प्रसंगवश यह बात आ गई कि देश की जनता को वोट का अधिकार कैसे मिला। आज उसी को खत्म करने की साजिश है। बिना शर्त हर बालिग को जो बाद में राजीव गांधी ने 21 साल से कम करके 18 साल में कर दिया था उसे कंट्रोल करने की। अभी चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से कह दिया कि उसने बिहार में जो 65 लाख वोट काटे हैं उसकी सूची वह उन्हें नहीं देगा। मतलब वह चाहे जिसके वोट काट सकता है और यह बताएगा भी नहीं कि किसके काटे और क्यों?

सोमवार 11 अगस्त को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विपक्ष के सारे नेता संसद भवन से पैदल मार्च करते हुए निर्वाचन सदन जाएंगे। बिहार में गलत तरीके से करवाए विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ। 65 लाख वोट काट दिए और सुप्रीम कोर्ट को कह रहे है कि उसकी सूची देंगे नहीं। चुनाव आयोग की इसी मनमानी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट को एक्शन लेना चाहिए। पुनरीक्षण जो अब वह देश भर में करवा रहा है। मतलब इसी तरह करोड़ों वोट काटेगा। और राहुल ने जैसा कर्नाटक की एक लोकसभा सीट बेंगलुरू सेंटर की केवल एक विधानसभा महादेवपुरा में जांच करके मय पुख्ता सबूतों के बताया कि वहां कैसे एक लाख से ऊपर फर्जी वोट बनाए गए। जिसने पूरे लोकसभा क्षेत्र के मतदान पेटर्न को बदल दिया। राहुल का आरोप है कि अकेले कर्नाटक में 7 सीटें और देश भर में 25 से ज्यादा सीटें ऐसे ही चुनाव आयोग ने फर्जीवाड़े के जरिए बीजेपी को जिताई हैं। सच तक पहुंचने की जिम्मेदारी किस की है? निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट की। उसे करना ही होगा। नहीं तो भारत की न्यायपालिका भारत के लोकतंत्र की हत्या में शामिल मानी जाएगी। भारतीय व्यंजन

दूसरी बात। जो दरअसल पहली ही है। जनता को हिन्दू-मुसलमान की नफरत से बाहर निकलना होगा। नहीं तो वह यही करती रहेगी और उसका वोट अधिकार खत्म हो जाएगा। संविधान लागू होने से पहले जो कोशिश थी जिसे नेहरू ने नहीं होने दी थी वह हो जाएगा। लिमिटेड लोगों को वोटिंग का अधिकार।

# युवा: वर्तमान की क्रांति एवं शांति के वाहक

## अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस, 12 अगस्त 2025 पर विशेष

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक कैलेंडर की तारीख नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि आज की दुनिया में परिवर्तन का सबसे बड़ा वाहक युवा हैं। यह दिन संयुक्त राष्ट्र ने युवाओं के अधिकार, अवसर और योगदान को मान्यता देने के लिए तय किया है, लेकिन इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है जब हम युवाओं को केवल 'भविष्य के नेता' कहकर टालें नहीं, बल्कि उन्हें वर्तमान का निर्णायक शक्ति केंद्र मानें। आज भारत की आबादी में लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम उम्र का है। यह केवल सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि संभावनाओं का महासागर है। लेकिन इन संभावनाओं को दिशा देने के लिए केवल शिक्षा या नौकरी पर्याप्त नहीं; दृष्टि, मूल्यों और संकल्प की भी उतनी ही आवश्यकता है। क्योंकि युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इस क्रांति एवं ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक एवं सृजनात्मक हो, इसी ध्येय से सारी दुनिया प्रतिवर्ष में सन् 2000 में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन आरम्भ किया गया था। यह दिवस मनाने का मतलब है कि युवाशक्ति का उपयोग विध्वंस में न होकर निर्माण में हो। युवा, शांति और सुरक्षा पर सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2250 (9 दिसंबर 2015) शांति को बढ़ावा देने और उग्रवाद का मुकाबला करने में युवा शांति निर्माताओं को शामिल करने की तत्काल आवश्यकता की अभूतपूर्व स्वीकृति का प्रतिनिधित्व करता है, और स्पष्ट रूप से युवाओं को वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थान देता है।



ललित गर्ग

स्वामी विवेकानंद का आह्वान आज भी गूंजता है-'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।' इस अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर हमें न केवल युवाओं की सराहना करनी है, बल्कि उन्हें जिम्मेदारी सौंपनी है, क्योंकि वे सिर्फ कल के नहीं, बल्कि आज के भी निर्माता हैं। स्वामी विवेकानन्द ने भारत के नवनिर्माण के लिये मात्र सौ युवकों की अपेक्षा की थी। क्योंकि वे जानते थे कि युवा 'विजनरी' होते हैं और उनका विजन दूरगामी एवं बुनियादी होता है। उनमें नव निर्माण करने की क्षमता होती है। नया भारत निर्मित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी युवाशक्ति को आगे लाना होगा। युवा किसी भी देश का वर्तमान और भविष्य हैं। वो देश की नींव हैं, जिस पर देश की प्रगति और विकास निर्भर करता है। लेकिन आज भी बहुत से ऐसे विकसित और विकासशील राष्ट्र हैं, जहाँ नौजवान ऊर्जा व्यर्थ हो रही है। कई देशों में शिक्षा के लिए जरूरी आधारभूत संरचना की कमी है तो कहीं प्रछन्न बेरोजगारी जैसे हालात हैं। युवा अनेक विसंगतियों एवं बुराइयों से घिरे हैं।

युवाओं में जोश होता है, लेकिन बिना दिशा का जोश आग भी लगा सकता है और दीपक भी जला सकता है। यह चुनाव हमारे हाथ में हैकृहम उन्हें सृजनशील बदलाव के शिल्पी बनाते हैं या अराजकता के उपकरण। महात्मा गांधी ने कहा थाकृ'आप वह बदलाव बनें जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।' युवा इस वाक्य को केवल नारा न बनाएं, बल्कि अपने जीवन का सूत्रवाक्य बनाएं। आज के युवा के सामने बेरोजगारी, मानसिक तनाव, नशे की लत, डिजिटल व्यसन, और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां हैं। लेकिन इन्हीं के बीच नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल क्रांति, और वैश्विक मंच पर पहचान बनाने के अनगिनत अवसर भी हैं। जरूरत है-आत्मनिर्भर सोच की, नैतिकता आधारित नेतृत्व की और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता की। जब जलवायु परिवर्तन, शांति स्थापना, मानवाधिकार, और वैश्विक न्याय जैसे मुद्दों की बात आती है, तो दुनिया युवाओं की आवाज सुनना चाहती है। स्वीडन की ग्रेटा थनबर्ग से लेकर भारत के अनगिनत सामाजिक नवप्रवर्तकों तक-युवा यह साबित कर रहे हैं कि उम्र कोई बाधा नहीं, दृष्टि और साहस ही असली पूंजी है। युवाओं के हाथ में केवल भविष्य की मशाल नहीं, बल्कि वर्तमान की



बागडोर भी है। अगर वे खुद को केवल दर्शक बनाकर रखेंगे, तो इतिहास उनके बिना आगे बढ़ जाएगा। लेकिन अगर वे सक्रिय भागीदारी करेंगे, तो इतिहास उन्हें अपने पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज करेगा।

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हुए मूल प्रश्न है कि क्या हमारे आज के नौजवान भारत को एक सक्षम देश बनाने का स्वप्न देखते हैं? या कि हमारी वर्तमान युवा पीढ़ी केवल उपभोक्तावादी संस्कृति से जन्मी आत्मकेन्द्रित पीढ़ी है? दोनों में से सच क्या है? दरअसल हमारी युवा पीढ़ी महज स्वप्नजीवी पीढ़ी नहीं है, वह रोज यथार्थ से जूझती है, उसके सामने भ्रष्टाचार, आरक्षण का बिगड़ता स्वरूप, महंगी होती जाती शिक्षा, कैरियर की चुनौती और उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को कुचलने की राजनीति विसंगतियां जैसी तमाम विषमताओं और अवरोधों की ढेरों समस्याएं भी हैं। उनके पास कोरे स्वप्न ही नहीं, बल्कि आंखों में किरकिराता सच भी है। इन जटिल स्थितियों से लौहा लेने की ताकत युवक में ही हैं। क्योंकि युवक शब्द क्रांति का प्रतीक है। विचारों के नभ पर कल्पना के इन्द्रधनुष टांगने मात्र से कुछ होने वाला नहीं है, बेहतर जिंदगी जीने के लिए मनुष्य को संघर्ष आमंत्रित करना होगा। वह संघर्ष होगा विश्व के सार्वभौम मूल्यों और मानदंडों को बदलने के लिए। सत्ता, संपदा, धर्म और जाति के आधार पर मनुष्य का जो मूल्यांकन हो रहा है मानव जाति के हित में नहीं है। दूसरा भी तो कोई पैमाना होगा, मनुष्य के अंकन का, पर उसे काम में नहीं लिया जा रहा है। क्योंकि उसमें अहं को पोषण देने की सुविधा नहीं है। क्योंकि वह रास्ता जोखिम भरा है। क्योंकि उस रास्तें में व्यक्तिगत स्वार्थ और व्यामोह की सुरक्षा नहीं है।

युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि संघर्ष को आमंत्रित करे, मूल्यांकन का पैमाना बदले, अहं को तोड़े, जोखिम का स्वागत करे, स्वार्थ और व्यामोह से ऊपर उठे। युवा दिवस मनाने का मतलब है-एक दिन युवकों के नाम। इस दिन पूरे विश्व में युवापीढ़ी के संदर्भ में चर्चा होगी, उसके ह्रास और विकास पर चिंतन होगा, उसकी समस्याओं पर विचार होगा और ऐसे रास्ते खोजे जायेंगे, जो इस पीढ़ी को एक सुंदर भविष्य दे सकें। इसका सबसे पहला लाभ तो यही है कि संसार भर में एक वातावरण बन रहा है युवापीढ़ी को अधिक सक्षम और तेजस्वी बनाने के लिए। युवकों से संबंधित संस्थाओं को सचेत और सावधान करना होगा और कोई ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम हाथ में लेना होगा, जिसमें निर्माण की प्रक्रिया अपनी गति से चलती रहे। विशेषतः राजनीति में युवकों की सकारात्मक एवं सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा। अर्नाल्ड टायनबी ने अपनी पुस्तक 'सरवाइविंग द फ्यूचर' में नवजवानों को सलाह देते हुए लिखा है 'मरते दम तक जवानी के जोश को कायम रखना।

# एक दर्जन संदिग्ध लोगों को ग्रामीणों ने चोर समझकर पीटा

■ पुलिस ने संदिग्धो को हिरासत में लिया, पूंछताछ जारी

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** फ्तेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के एक गांव में ग्रामीणों ने संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को चोर समझकर पीट दिया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से लगभग एक दर्जन लोगों हिरासत में लिया है। पुलिस हिरासत में लिए गए लोगो को राजेपुर चौकी ले गई। चोर पकड़े जाने की खबर फैलते ही चौकी के बाहर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। इसी बीच हिरासत में लिए गए लोगो के पास से मिली 5 बाइको में से एक में ग्रामीणों ने आग लगा दी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थाना पुलिस ने सभी को सफीपुर कोतवाली पहुंचा दिया गया, जहां उनसे पूंछताछ की जा रही है।

थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरूआघाट के मजरा ग्राम मुन्नीखेड़ा निवासी एक किसान गांव के पास बनी आयुष्मान भारत की बिल्डिंग के पीछे स्थित अपने खेतों में कीटनाशक का छिड़काव कर रहा थे। ग्रामीणों में चर्चा है कि रविवार सुबह लगभग दस बजे एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और जंगली जानवर पकड़ने की बात करते हुए मार्ग के किनारे खंती में जंगली जानवरों द्वारा बनाए गए गड्ढों में पंपिंग सेट से पानी भरने की मांग करने लगा है। इसी बीच वहां कई ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो खंती में पतावर के जंगल में कुछ सुरंगनुमा गड्ढे बने दिखे तथा युवक के कई साथी मौजूद थे। ग्रामीणों को कुछ शक हुआ तो उन्होंने अन्य ग्रामीणों को आवाज लगाई जिसके बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने खंती में मौजूद लोगों को चोर समझकर उनसे मार पिटाई शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से संदिग्ध परिस्थितियों में मिले ग्यारह लोगों को हिरासत में लेकर स्थानीय राजेपुर पुलिस चौकी पहुंची। बताते चले कि बीते कुछ समय में क्षेत्र में हुई चोरियों से भयभीत ग्रामीणों की चोरों के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी के बाहर सैकड़ो ग्रामीणों भीड़ इकठ्ठा हो गई। इसी बीच ग्रामीणों ने हिरासत में लिए गए लोगों के पास से मिली 5 बाइकों में से एक बाइक में आग लगा दी। मामले सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह के साथ ही कोतवाली सफीपुर थाना आसीवन थाना बेहटा मुजावर कोतवाली बांगरमऊ आदि का पुलिसबल मौके पर पहुंच गया। उच्चाधिकारियो ने मामले की पड़ताल की। स्थिति को भांपते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी हिरासत में लिए गए सभी ग्यारह लोगों को पुलिस गाड़ी से सफीपुर कोतवाली ले गए तथा सभी बाईकों को फ्तेहपुर चौरासी थाने ले पहुंचा दिया गया। जांच में जुटी पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों की मांग पर मौके पर बने गड्ढे की खुदाई करवाई लेकिन सुरंगनुमा बने गड्ढे में कुछ भी नहीं मिला। वही हिरासत में लिए गए सभी लोगों से सफीपुर कोतवाली में पूंछताछ चल रही है। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि हिरासत में लिए गए सभी 11 लोग चौबेपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं जो यहां के जंगलों में जंगली सूअर का शिकार करते हैं। प्रारंभिक जांच में इन लोगों के चोर होने की पुष्टि नहीं हुई है। अभी जांच चल रही है उन्होंने लोगों से कहा कि अफ्वाहों से सतर्क रहे।

## एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति ठप, आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने घेरा उपकेन्द्र

**उन्नाव।** विकासखंड बीघापुर क्षेत्र के गांव नसीरपुर में पिछले एक सप्ताह से बिजली की आंख मिचौली और आपूर्ति न होने से ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और लगभग 50 लोग विद्युत उपकेंद्र पहुंचे जहां एसडीओ कार्यालय में ताला लटकता देख ग्रामीणों ने जेई, एसडीओ के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। नसीरपुर गांव में पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर में लोड ज्यादा होने के चलते दलित बस्ती में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। ग्रामीणों ने कई बार जेई अंबिका प्रसाद यादव, एसडीओ पीएस यादव से समस्या समाधान की मांग की लेकिन कोई कार्यवाई नहीं की गई। एक सप्ताह से पीड़ित ग्रामीण बृजपाल, बराती, अशोक, गजराज, बच्चन, मुकेश कुमार, लल्लू, गुड्डू, जितेंद्र, बच्चू लाल आदि उप केंद्र मुख्यालय पहुंचे जहां पर जे ई व एसडीओ ऑफिस में ताला लटकता मिला। जेई व एसडीओ द्वारा उपभोक्ताओं का फोन भी रिसीव नहीं किया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीओ मुख्यालय पर एसडीओ, जेई व बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ग्रामीणों ने कहा कि यदि व्यवस्था शाम तक न ठीक हुई तो कल मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

# एआइपीएमएम ने आरक्षण को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** संविधान के अनुच्छेद 341 पर लगे धार्मिक प्रतिबंध को समाप्त कर, दलित मुसलमानो और दलित ईसाइयों को अनुसूचित जाति आरक्षण में शामिल करने की मांग को लेकर,ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मलिहाबाद को सौंपा।

ज्ञात हो कि 10 अगस्त 1950 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा एक प्रेसीडेंशियल ऑर्डर के तहत अनुच्छेद 341 में पैरा 3 जोड़कर सभी गैर हिन्दू धर्म के अनुयायियों को अनुसूचित जाति के आरक्षण से वंचित कर दिया था। जबकि इसके पूर्व सभी धर्मों के दलितों को सामान रूप से अनुसूचित जाति आरक्षण का लाभ मिलता था। फिर 1956 में सिक्खों को और 1990 में बौद्धों को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल कर लिया गया लेकिन दलित मुसलमान और दलित ईसाई आज भी इस लाभ से वंचित हैं। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव मारूफ अंसारी ने कहा कि दलित तो दलित है, उसका धार्मिक विश्वास और पूजा पद्धति कोई भी हो। ये अध्यादेश स्पष्ट रूप से दलित मुसलमानो और दलित ईसाइयों के मौलिक अधिकारों का हनन है और भारतीय संविधान के 14,15, 16,21 व 25 के विरुद्ध प्रतीत होता है, जो भारत को समतामूलक, सेकुलर और लोकतांत्रिक देश होने की जमानत देते हैं। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में भी दलित मुसलमानो की स्थिति पर बहुत चिंता जताई गई है और उनको अनुसूचित जाति की श्रेणी में तुरंत शामिल करने की सिफारिश की गई है। लिहाज़ा देश के सबसे बेबस व कमज़ोर दलित मुसलमानो को जल्द से जल्द न्याय मिलना चाहिए।

प्रतिनिधिमंडल में संगठन पूर्व जिलाध्यक्ष राशू अली, एडवोकेट यूसुफ कुरैशी, सद्दाम अंसारी, तहसीम अंसारी, रिंकू अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# बाल अपचारी सहित हत्या के 5 आरोपी गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना औरास पुलिस द्वारा हत्या के 4 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया तथा एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गत 9 अगस्त को चन्द्रप्रकाश पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम धमियाना थाना औरास ने थाना औरास पर तहरीरी सूचना दी कि 9 अगस्त को रात समय करीब 21.30 बजे अपने चाचा रामविलास पुत्र रोहन व चाची गुड्डी व चचेरी बहन मोनिका व सजंय पुत्र रामस्वरूप निवासीगण ग्राम धमियाना थाना औरास को मोहन पुत्र परागी, सर्वजीत पुत्र हरीराम, बहादुर पुत्र ईश्वरी, सन्दीप पुत्र हरीराम, प्रदीप पुत्र हरीराम, रामू पुत्र मोहनलाल, अमरजीत पुत्र हरीराम निवासीगण ग्राम धमियाना थाना औरास व हरिपाल यादव पुत्र शिवराज निवासी ग्राम अलोलापुर मजरा धमियाना थाना औरास के द्वारा मारपीट मे आयी चोटो से चाचा रामविलास की मृत्यु हो जाना व अन्य को मारपीट कर घायल कर देने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0-251/2025 धारा-191(2)/191(3)/115(2)/109/103(1) बीएनएस मे आरोपियो के विरूद्द पंजीकृत कराया गया था। मुकदमे मे नामजद व वांछित अमरजीत, सर्वजीत, बहादुर व हरीपाल यादव को आलाकत्ल 3 बांस के डंडो सहित पंडितखेडा तिराहे से गिरफ्तार किया गया तथा 1 बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो व बाल अपचारी को सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा की तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ता : शमीम

■ प्रदेश उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में डॉ. गयासुद्दीन को बनाया गया जिला उपाध्यक्ष, हुआ स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भाकियू टिकैत प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के निर्देश पर अमन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. गयासुद्दीन सिद्दीकी को जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी कार्यकर्ताओं से ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा की तैयारी में जुटने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को रामगंज स्थित अमन हॉस्पिटल कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा भारतीय किसान यूनियन द्वारा धूमधाम से निकाली जाएगी। जिसमें सैकड़ो की संख्या में ट्रैक्टरों पर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आवाहन करते हुए कहा कि भारी संख्या में ट्रैक्टरों एवं निजी वाहनों से तिरंगा यात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाएं। इससे पहले जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. कुसुम चौहान, डॉ. साजिद हुसैन आदि ने नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष डा. गयासुद्दीन सिद्दीकी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेश यादव, रिजवान अहमद, सूर्य प्रताप सिंह, सत्यम प्रजापति, अकील फारुकी, अजय शेर, रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया उर्वरक वितरण केंद्र बावन का औचक निरीक्षण

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने आज उर्वरक वितरण केंद्र बावन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से संवाद किया खाद वितरण की स्थिति की जानकारी ली। वितरण केंद्र के स्टाक रजिस्टर को देखा तथा वितरण रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि केंद्र पर आने वाले किसानों को न्यायपूर्ण ढंग से उर्वरक का वितरण सुनिश्चित किया जाए। किसानों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही व गड़बड़ी क्षम्य नहीं होगी। जिला कृषि अधिकारी को उन्होंने निर्देशित किया कि आसपास के सभी केंद्रों पर निर्बाध उर्वरक का वितरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर तहसीलदार सदर सचिन्द्र शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद ने उत्तराखंड में लापता युवको के घर जाकर संवेदना व्यक्त की

**संभल अवधनामा संवाददाता।** उत्तरा खंड में बादल फटने से रूकनुद्दीन सराय निवासी मोहम्मद सलमान और फुरकान लापता हैं सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने परिवार के लोगो से मिलकर संवेदना व्यक्त की सांसद ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से बात कर उनकी तलाश हेतु हर संभव सहयोग व त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिलाया सांसद ने कहा कि जब तक दोनों नहीं मिल जाते इनकी तलाश जारी रहेगी। दोनों युवकों के घर पर लोगों का आना जाना लगा है और सही सलामत मिलने की दूआ की जा रही है परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विविध आयोजन



**संभल अवधनामा संवाददाता।** एमजीएम महाविद्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विविध आयोजन किए गए। यह कार्यक्रम 11 से 15 अगस्त के बीच तीन चरणों में मनाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति को प्रोत्साहित कर स्वतंत्रता दिवस का भव्य उत्सव मनाना है । प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर योगेंद्र सिंह के निर्देशन में छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने और देश तथा देशवासियों के प्रति निष्ठावान रहने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम के दूसरे चरण में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्यजी ने भारत के स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण करते हुए देशवासियों को अपने दायित्वों के प्रति प्रेरित कर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर फहीम अहमद रहे। कार्यक्रम में डॉ धीरेंद्र सिंह, डॉ नेमपाल सिंह, डॉ अजय कुमार , चीफ प्रॉक्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ नवीन यादव ,डॉ शशिकांत गोयल, डॉ भानु भास्कर प्रजापति डॉ.अमृतेश अवस्थी तथा सोनू और सौरभ कुमार का विशेष सहयोग रहा।

### स्टार लगाकर सम्मानित किया



**हरदोई,अवधनामा संवाददाता।** हरदोई पुलिस कार्यालय में सोमवार को एसपी नीरज जादौन एवं एएसपी मार्तण्ड प्रकाश ने उपनिरीक्षक प्रेम सागर को निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर कंधे पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा दी।

### भाषा विवि में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत वीर सैनिकों का सम्मान



**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आज एक गरिमापूर्ण सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश के वीर सैनिकों को उनके अदम्य साहस, राष्ट्र सेवा और समर्पण के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा द्वारा सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में डॉ नलिनी मिश्रा, डॉ ले. बुशरा अलवेरा एवं डॉ नीरज शुक्ला ने ले. कर्नल (से.नि.) बीरेंद्र सिंह तोमर, सूबेदार (से.नि.) कामता सिंह तथा नायक (से.नि.) कमलेश अग्निहोत्री को सम्मानित किया । इस अवसर पर डॉ नलिनी मिश्रा ने कहा कि हमारे सैनिकों का पराक्रम, त्याग और देशभक्ति की भावना सदैव समाज को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार की ओर से सभी सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन डॉ. नलिनी मिश्रा, अध्यक्ष सांस्कृतिक समिति, ले. डॉ. बुशरा अलवेरा (ए.एन.ओ., एन.सी.सी.) एवं डॉ. उधम सिंह, संयोजक रोवर्स/रेंजर्स के कुशल नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर वीर सैनिकों का सम्मान किया।

# रंगोली प्रतियोगिता में हेमा ने प्रथम, आनंद दूसर और आयुष ने पाया तीसरा स्थान

■ हर घर तिरंगा अभियान के तहत महाविद्यालय चरखारी में आयोजित हुई रंगाली प्रतियोगिता

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में रंगोली प्रतियोगिता का आयेजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन कर मनमोहक रंगोली बनाई, जिसे देख विद्यालय स्टाफ व निर्णाकों प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। रंगली प्रतियोगिता मे छात्रा हेमा ने पहला स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभोगियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में सोमवार को आयोजित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य आनंद गोस्वामी के निर्देशन पर आयोजित की गई, जिसमें पहला स्थान बीएससी फाइनल की छात्रा हेमा ने प्राप्त किया, जबकि बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र आनंद कुमार ने दूसरा स्थान तथा तीसरा स्थान आयुष द्विवेदी ने हासिल किया। प्राचार्य द्वारा सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के निर्णय मंडल में डा0 मंजू सिंह, डा0 रूचि जायसवाल, डा0 विनोद सिंह चंदेल, डा0 नित्यकिशोर सेनी, डा0 सुमन सिंह, डा0 ऋतु चतुर्वेदी शामिल थी।

प्रतियोगिता दौरान प्राचार्य ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'हर घर तिरंगा' एक अभियान है जो आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आज़ादी के प्रतीक के रूप में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया था। बताया कि इसी अभियान के तहत जिले के समस्त स्कूलों, महाविद्यालयों में तमम प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है और इसी क्रम में महाविद्यालय चरखारी में भी रगोली प्रतियोगिता का आयोजन कया जा रहा है।

## स्टेट्स क्लब मे किया गया भव्य तिरंगा प्रदर्शनी का आयोजन

**हरदोई।** हर घर तिरंगा अभियान-2025 के अन्तर्गत द्वितीय चरण में आज भव्य तिरंगा मेला एवं स्थानीय स्तर पर समूहों एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों द्वारा तैयार की गयी तिरंगा रंग थीम वाली वस्तुओं की भव्य ''तिरंगा प्रदर्शनी'' का आयोजन स्टेट्स क्लब, हरदोई में किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर अध्यक्ष, जिला पंचायत प्रेमावती पीकेवर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ के पूर्व जनपद में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों स्थानीय उत्पादों (ओ0डी0ओ0पी0) तिरंगा रंग की थीम वाली वस्तुओं (खाद्य सामग्री/परिधान/वस्त्र/सजावत की सामग्री आदि) की पर्दशनी का उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत एक पेड़ मॉ नाम थीम के अन्तर्गत चन्दन का वृक्ष रोपा गया। सभागार में माध्यमिक शिक्षा विभाग के जी0जी0आई0सी0 की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना एवं देश भक्ति गीत की संगीत मयी प्रस्तुति की गयी।

# बिना पुलिस सत्यापन के नगर में दौड़ रहे तमाम ई-रिक्शा

■ नगर में बैखौफहोकर ढो रहे सवारियां, सुरक्षा पर उठे सवाल

**अवधनामा संवाददाता**





**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन लगातार दावे कर रहा है, लेकिन हकीकत इन दावों से अलग नजर आ रही है। नगर की सड़कों पर बड़ी संख्या में ऐसे ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं, जिनका अब तक पुलिस द्वारा सत्यापन नहीं कराया गया है। बिना सत्यापन के परिचालन से जहां नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं, वहीं यात्रियों और आम नागरिकों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है। बताते चलें कि परिवहन नियमों के तहत नगर में परिचालित सभी ई-रिक्शा चालकों का पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य है, ताकि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सार्वजनिक परिवहन से दूर रखा जा सके। लेकिन नगर में चल रहे कई ई-रिक्शा का पुलिस रिकॉर्ड जांचा नहीं गया है, जिसके चलते वे बेखौफ सवारियां ढो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार ई-रिक्शा चालकों से चोरी व झगड़े जैसी घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे में पुलिस सत्यापन न होने से आपराधिक घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में बगैर सत्यापन के चल रहे सभी ई-रिक्शा का तत्काल पुलिस सत्यापन कराते हुए बिना सत्यापन वाले वाहनों का संचालन बंद कराया जाए। मामले के संबन्ध में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे का कहना है कि पूर्व में अभियान चलाया गया था। जल्द ही अभियान चलाकर छूटे हुये ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन कराया जाएगा। बिना अनुमति और सत्यापन वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जन सुनवाई में प्राप्त हुई कुल 75 शिकायतें

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की शिकायतों को सुना। आज जन सुनवाई के दौरान कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मौके पर ही पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन से आच्छादित कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज कुल 04 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई के दौरान 236 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि पैमाइश व अंश निर्धारण के प्रकरणों में तेजी से कार्रवाई की जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। जन सुनवाई के दौरान बिस्कुला के सर्वेश की पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया गया तथा दो बेटियों को बाल सेवा योजना से आच्छादित कराया गया। राम बक्श नाम के एक बुजुर्ग का वृद्धावस्था पेंशन हेतु पंजीकरण कराया गया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष और डीएम ने सांस्कृतिक मंच का संयुक्त रुप से किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



■ एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों के प्रथम दिन स्थानीय व बाहरी कलाकारों ने बांधी शमा

**महोबा।** संरक्षण एवं विकास समिति महोबा द्वारा ऐतिहासिक कजली मेले बनाए गए सांस्कृतिक मंच सात दिनो तक होने वाले कार्यक्रमों का बीती रात्रि भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रमों का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी और जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने संयुक्त रूप दीप प्रज्जवलित कर किया। देर रात तक चले समारोह में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह सहित जिले के कई अधिकारी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत कर उन्हें प्रतिमाएं भेंट कीं। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संत जोसेफ स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा माँ चंद्रिका की वंदना हुई, इसके बाद लोक गायिका संगीता तिवारी ने पारंपरिक लोकगीतों की मधुर प्रस्तुति दी। उमाशंकर सेन और बृजेंद्र कुमार के आल्हा गायन ने बुंदेलखंड की वीरता की झलक दिखाई। संगीताचार्य अबोध सोनी और उनकी टीम ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी महफिल में चार चांद लगाए। कीरत सागर मेला स्थल पर बनाए गए सांस्कृतिक मंच के रात्रि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लखनऊ की टीम ज्ञानेश्वर ज्ञानी द्वारा प्रस्तुत नाट्य कृति मन मन में राम रहा, जिसमें राम, लक्ष्मण और सीता के वनवास के दौरान केवट से मिलने की कथा मंचित की गई। केवट द्वारा अपने व्यवसाय की नैतिकता और कर्तव्यपरायणता दिखाते हुए प्रभु राम के चरण धोने का प्रसंग दर्शाया गया। नाटक में आशीष सिंह, गुलशन यादव, संदीप देव, विशाल श्रीवास्तव, प्रियंका भारती और निरुपमा राहुल ने उत्कृष्ट अभिनय किया। केवट संवाद की प्रभावशाली प्रस्तुति देख दर्शक भी तालिया बजाने को मजबूर हो गए। कजली मेले के अवसर पर एक सप्ताह तक चलने वाले रात्रि कार्यक्रमों में सरिता यादव की टीम ने लोक गीत ÷पिया मेहदी लिया दे मोतीझील से जाके साइकिल से.. की प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों के दिलों को छू लिया। टीम द्वारा लोक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। रात्रि कार्यक्रमों में उमाशंकर सेन, बृजेंद्र कुमार, परशुराम, अनुज सिंह ने भी आल्हा गायन से दर्शकों का मन मोह लिया तो वहीं लोक गायन संगीता तिवारी, संतोष चौरसिया और उमाशंकर सेन भी ने अपनी आवाज से दर्शकों को बांधे रखा। सांस्कृतिक मंच ने बुंदेलखंड की समृद्ध लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया।

# 52 प्रतिशत बोटिंग के साथ शांतिपूर्ण ढंग से हुआ सभासद उपचुनाव



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 03 में सभासद पद के लिए उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान सुबह 07 बजे से शुरू होकर शाम 06 बजे तक चला।

मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र पर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए थे, जहां पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार निगरानी रखी। सोमवार को नगर के गीता देवी इण्टर कॉलेज में वार्ड नंबर 03 कबीर नगर की सभासद आशा देवी के निधन के बाद रिक्त हुई सीट पर आयोजित उपचुनाव में महिला और बुजुर्ग मतदाताओं में भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भाजपा के प्रत्याशी सहित पॉच लोग इस महिला सीट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में तमाम नेता सुबह से ही सक्रिय दिखाई। पूरे दिन किसी भी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। शाम 06 बजे तक कुल 52 प्रतिशत बोटिंग हो सकी थी। उधर नगर पालिका परिषद अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा दूरभाष पर बताया गया कि प्रशासन द्वारा चुनाव परिणामों की घोषणा निर्धारित तिथि 13 अगस्त को तहसील छिबरामऊ में की जाएगी।

# पानी से घिरे श्मशान जिम्मेदारों का नहीं ध्यान तो सुनेगा कौन प्रधान मोन

अवधनामा संवाददाता

■ चारों ओर रास्तों पर पानी श्मशान घाट पर टीन सेट किसकी जिम्मेदारी!

**सौंख (मथुरा)** गोवर्धन तहसील की प्रमुख ग्राम पंचायत नैनू पट्टी के गांव नगला जंगली में शमशान घाट को जाने वाले रास्ते पानी से घिरे हुए हैं। गंदगी ने अपना साम्राज्य फैला रखा है। इसके चलते ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए कीचड़ युक्त गड्ढे व रास्ते पर अधिक पानी होने के कारण अर्थी को खेतों के रास्ते ले कर जाने को मजबूर हैं। लेकिन ग्राम प्रधान के कानों पर जूँ तक नहीं रेंग रही। प्रधान की मनमानी चरम सीमा पर है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। जानकारी के अनुसार मामला गोवर्धन तहसील की प्रमुख ग्राम पंचायत नैनू पट्टी के गांव नगला जंगली का है। जहां एक व्यक्ति की मौत के बाद ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए कीचड़ युक्त और घुटनों तक भरे गंदे पानी से होकर श्मशान घाट तक पहुंचे। ग्रामीण का कहना है कि अंतिम संस्कार के लिए अर्थी को खेतों के रास्ते से होकर लाने को मजबूर हैं। लेकिन ग्राम प्रधान के कानों पर जूँ तक नहीं रेंग रही प्रधान की मनमानी से तंग ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। शनिवार को देर रात ग्रामीण बलवीर सिंह नेताजी का निधन हो गया। दूसरे दिन उनके परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट लेकर जाने लगे तो रास्ते पर पानी एवं कीचड़ ने अपना साम्राज्य फैला रखा था। मजबूरन अर्थी को खेतों के रास्ते ले जाकर श्मशान स्थल पर पहुंचना पड़ा। इस दौरान शव यात्रा में शामिल लोग ग्राम प्रधान को कोसते हुए दिखाई दिये। इससे सात दिन पहले करीब 4 अगस्त को सत्येंद्र सिंह नामक व्यक्ति उम्र करीब 35 साल लीवर डैमेज होने की वजह से मौत हो चुकी थी उनको अंतिम संस्कार के लिए एक-दो फीट पानी से होकर अर्थी को शमशान घाट पर पहुंचे तो अचानक वर्षा आने लगी बिना टीन सेट के बड़ी मुश्किल से चिता में अग्नि प्रवाहित हो पाए थी। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। ग्राम प्रधान निष्क्रिय बने हुए हैं।

कई सालों से यह मार्ग कच्चा एवं खेतों से नीचा होने के कारण इस मार्ग पर गंदगी होने तथा कीचड़ युक्त गड्ढे होने से जल भराव की समस्या देखने को मिल रही है ग्रामीणों के द्वारा उच्चधिकारियों को कई बार अवगत कराया लेकिन किसी भी जन प्रतिनिधि ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया। नैनू पट्टी नगला जंगली के समस्त ग्रामीणों ने एक स्वर में इस रास्ते को बनवाने की मांग की है।

## मथुरा के पूर्व जिला जज आशीष गर्ग का हार्ट अटैक से निधन

**मथुरा।** पूर्व जिला जज आशीष गर्ग का सोमवार को यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में हर्निया ऑपरेशन के बाद हार्ट अटैक से निधन हो गया। रविवार को हुए ऑपरेशन के बाद उनकी हालत स्थिर थी, लेकिन सोमवार सुबह बाथरूम में अचानक हार्ट अटैक आने से उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना से शोक की लहर है। परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है। आशीष गर्ग मूल रूप से मुजफ्फरनगर नगर के रहने वाले थे।

मूलरूप से मुजफ्फरनगर निवासी आशीष गर्ग 30 अप्रैल 2025 को गाजियाबाद के जिला जज नियुक्त हुए थे। इससे पहले वह मथुरा में जिला जज के पद पर कार्यरत थे। अप्रैल 2024 में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक से मथुरा का जिला जज बनाया गया था। उनके पिता रामेश्वर स्वरूप गर्ग भी करीब 10 वर्ष पूर्व गाजियाबाद में अपर जिला सत्र न्यायाधीश रह चुके थे।

# जिले में आज से खिलाई गई कृमि मुक्ति दवा

अवधनामा संवाददाता

■ पुलिस मॉडर्न पब्लिक स्कूल में किया गया अभियान का शुभारंभ

■ 14 अगस्त को चलेगा मॉप अप राउंड, दवा खाने से छूटे मिलेगी दवा

**मथुरा।** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.संजीव यादव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सोमवार से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान शुरू हुआ। अभियान का शुभारंभ पुलिस मॉडर्न पब्लिक स्कूल सिविल लाइन में पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज यादव द्वारा उपस्थित बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर किया गया। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित निजी एवं सरकारी विद्यालयों और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को अल्बेंडाज़ोल की गोली खिलाई गई। जो बच्चे किसी कारणवश दवा खाने से छूट जाएंगे उन्हें 14 अगस्त को मॉप-अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों में कृमि संक्रमण होने की आशंका रहती है। कृमि संक्रमण के कारण कुपोषण भी हो जाता है। पेट के कीड़े संक्रमित व्यक्ति के शरीर से पोषण लेते है , इसके कारण अच्छा पौष्टिक भोजन देने के बाद भी बच्चा कुपोषित रहता है। इसलिए सभी जनपदवासियों से अपील है कि वह अपने एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों को 10 फरवरी को चलने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के दौरान अल्बेंडाजोल की दवा जरूर खिलाएं। कृमि मुक्ति अभियान बच्चों को स्वस्थ रखने की दिशा में एक कदम हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। जिला सामुदायिक प्रक्रिया समन्वयक डॉ. पारुल शर्मा ने बताया कि इस अभियान को आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूलों के सहयोग से चलाया जायेगा। 01 से 05 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों, ईट भट्टों पर कार्य करने वाले और घुमन्तू लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। इसके अलावा सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से और किशोर जुबेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से 06 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। डीसीपीएम ने बताया कि अभियान के बाद 14 अगस्त को जनपद में मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। इसमें स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर कृमि मुक्ति दिवस के दिन जो लाभार्थी अनुपस्थित रहने या किन्हीं अन्य कारणों से दवा खाने से वंचित रह जायेंगे। उनकी सूची तैयार कर मॉप अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य , डॉ भूदेव सिंह, डॉ रोहिताश सिंह, अर्बन कॉर्डिनेटर फौजिया खानम आदि उपस्थित रहे।

## मथुरा में हर घर तिरंगा अभियानः भाजपा

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे के नेतृत्व में आज जनपद के विभिन्न मण्डल शहीद हेमराज, अनोडा, व राया मंडल में सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित इस यात्रा में भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे मौजूद रहे, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ये यात्राएं गांव से लेकर शहर तक और हर ब्लॉक में आयोजित की जा रही हैं। यह यात्रा सेना के सम्मान में और देश के शहीद वीर सपूतों के सम्मान में निकाली गई है। आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरा देश तैयारियों में जुटा है। यात्रा के दौरान भारत माता की जय वंदे मातरम और इंकलाब जिंदाबाद के जयकारे लगाए गए। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया 10 तारीख से 12 तारीख तक भव्य तिरंगा यात्रा हमारे पदाधिकारियों द्वारा पूरे जनपद में निकली जा रही है जिसकी तैयारी संपूर्ण हो चुकी है।

## मशहूर फिल्म एक्टर राजकपूर की जन्मशताब्दी पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई

**मथुरा।** भारतीय सिनेमा में देश और विदेश में शोमैन के नाम से अपनी विशेष पहचान रखने वाले राज कपूर जी की जन्मशताब्दी के अवसर पर, मथुरा में उनकी याद को समर्पित कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए, मथुरा के जन सांस्कृतिक मंच, भारतीय जन नाट्य संघ( इप्टा), जनवादी लेखक संघ, आरंभ नाट्य शाला, व्हाइट फ्रेम थिएटर एवं कृष्ण रंगम थिएटर की एक संयुक्त बैठक टिकेंद्र शाद की अध्यक्षता एवं रवि प्रकाश भारद्वाज के संचालन में योगेश शर्मा के शांति नगर स्थित आवास पर संपन्न हुई। आधी हकीकत आधा फसाना की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में राज कपूर के जीवन की मुख्य फिल्मों के 12 गीतों के गायन एवं अभिनय की प्रस्तुति होगी। राज कपूर के जीवन में आए उतार चढ़ाव और उनके द्वारा अभिनीत निर्देशित एवं निर्मित फिल्मों के बदलाव पर विस्तृत व्याख्यान के साथ एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की जाएगी। इसी कार्यक्रम में राज कपूर के अभिनय के पोस्टर भी प्रदर्शित किए जाएंगे। मथुरा के सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं रंग कर्मी इस कार्यक्रम को यादगार बनाने में जुट गए हैं।

# एआइपीएमएम उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी का भव्य स्वागत

■ जल्द ही होगा प्रदेश कार्यकारिणी का गठनः हाजी ताहिर

■ पसमांदा आंदोलन को मिली नई ऊर्जा



अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने पसमांदा समाज के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई को और मजबूती देने के लिए हाजी ताहिर हुसैन को उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष तथा जुझारू पसमांदा एक्टिविस्ट अफजल अंसारी को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया। यह ऐलान 09 अगस्त 2025 को रामपुर दौसरा, मुरादाबाद में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय, प्रदेश और स्थानीय स्तर के सैकड़ों पदाधिकारी एवं पसमांदा समाज के जागरूक नागरिक मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में जोश, उत्साह और एकता का माहौल देखने को मिला।राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा हमारा संगठन अराजनैतिक है, लेकिन पसमांदा मुस्लिम समाज की भागीदारी सुनिश्चित करना हमारा मिशन है। हम शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और राजनीतिक हिस्सेदारी में समाज की उपस्थिति बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि सभी जिलों से आए प्रतिनिधियों ने मजबूती से अपनी बात रखी और संगठन को आगे बढ़ाने में सहयोग का संकल्प लिया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस ने कहा संगठन सभी ओबीसी बिरादरियों का है और इनके अधिकारों के लिए काम करता है। हमारा किसी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है, लेकिन जो भी सरकार होती है, उससे हम समाज के लिए अपनी मांग रखते हैं। प्रदेश प्रभारी अफजल अंसारी ने कहा मैं संगठन का एक सच्चा सिपाही हूं और इसे प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाऊंगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं हज कमेटी सदस्य शाहीन अंसारी ने बताया कि रामपुर से जिला स्तरीय कमेटी के गठन की शुरुआत जल्द होगी। प्रदेश अध्यक्ष हाजी ताहिर हुसैन ने सभी पदाधिकारियों और मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी का गठन प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय संगठन मंत्री से विचार-विमर्श के बाद किया जाएगा।

इस अवसर पर संगठन ने अपने मूल नारे को दोहराया अपना फैसला, अपना सम्मान 85 प्रतिशत पसमांदा की अब यह पहचान यह नारा केवल प्रेरणा नहीं, बल्कि आंदोलन की आत्मा है, जिसका लक्ष्य पसमांदा समाज की सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक तरक्की सुनिश्चित करना है।

## लोकदल - भाजपा के दल मिले पर दिलों में खटास

**मथुरा।** छाता विधानसभा क्षेत्र से विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण का बयान सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में वह कहते नजर आ रहे हैं कि भाजपा ने राष्ट्रीय लोकदल को अपने साथ मिलकर बंटाधार कर लिया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जितनी भी राष्ट्रीय लोकदल की वजह से मुजफ्फरनगर और कैराना समेत अन्य कई सीटें बीजेपी हार गई है।

भाजपा और रालोद गठबंधन पर सवाल खड़े किए। कैबिनेट मंत्री ने रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा छाता सीट रालोद को दिए जाने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष स्वयं छाता विधानसभा से सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ लड़ा गया चुनाव 85000 वोट से हारे थे। उन्होंने कहा कि लोक दल का वाटर कभी भी बीजेपी को वोट नहीं देता है। उन्होंने कहा कि मथुरा में लोक दल का वोट कांग्रेस के साथ चला गया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की स्थापना का मुहूर्त थी ऐसा था कि जिस पार्टी के साथ भी गठबंधन हुआ उसका सुपड़ा साफ हो गया।

# पसमांदा मुसलमानों के आरक्षण को लेकर एआइपीएमएम ने दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज, उत्तर प्रदेश के प्रभारी अफजल अंसारी के नेतृत्व में सुल्तानपुर जिलाधिकारी को अनुच्छेद-341 पर लगी धार्मिक पाबंदी पर आरक्षण को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन दिया। अफजल अंसारी ने कहा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 21, 25 में साफ लिखा है कि भारत में बसने वाला इंसान, चाहे वह किसी धर्म, जाति, लिंग, नस्ल का हो उसके साथ कोई भेदभाव नहीं होगा, लेकिन 10 अगस्त 1950 को राष्ट्रपति अध्यादेश शेड्यूल कास्ट अनुच्छेद 341 के पैरा 3 के तहत सिर्फ हिंदू दलितों को अनुसूचित जाति का लाभ दिया गया और दूसरे धर्म के मानने वालों को अनुसूचित जाति के लाभ से वंचित कर दिया गया है, जो सरासर देशज पसमांदा पर अन्याय है। उन्होंने कहा सिखों को 1956 में और बौद्धों को 1990 में अनुसूचित जाति की सूची में शामिल कर लिया गया, लेकिन मुसलमान दलित और ईसाई दलित आज तक इस लाभ से वंचित हैं। दलित तो दलित है, उसका धार्मिक विश्वास और पूजा पद्धति कुछ भी हो, यह अध्यादेश स्पष्ट रूप से दलित मुसलमानों और दलित ईसाईयों के मौलिक अधिकारों का हनन है और जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 21, 25 के विरूद्ध प्रतीत होता है, जो भारत को एक सेक्यूलर और लोकतांत्रित देश होने की जमानत देता है। श्री अफजल ने कहा उक्त मांगों की प्रतिपूर्ति महामहिम के स्वविवेक पर आधारित है, जिसे प्रदान कर हम सभी पसमांदा समाज के नागरिकों की सच्ची समाजवादी सहानुभूति एवं विचारधारा का प्रकटीकरण होगा तथा दलित मुसलमानों और दलित ईसाईयों की तरक्की का रास्ता खुलेगा। उन्होंने राष्ट्रपति से अपील की कि वह अपने स्वच्छ एवं उज्जवल हृदय से भारतीय संविधान के अनुच्छद 341 पर लगे धार्मिक प्रतिबन्ध को समाप्त कर दलित मुसलमानों व दलित ईसाईयों को अनुसूचित जाति में शामिल करने की स्वीकृति एवं संस्तुति प्रदान कर तत्काल प्रभाव से क्रियान्वित कराने की अनुकंपा प्रदान करें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जलील अहमद, जिला प्रभारी नसीम शाह अल्वी, गफ्फार घोसी जिला अध्यक्ष, साबिर अली एडवोकेट प्रमुख जिला महासचिव, असद एडवाकेट मण्डल उपाध्यक्ष अयोध्या, डॉ. इफ्तेखार जिला महासचिव, खालिद मंसूरी जिला उपाध्यक्ष, कमाल अहमद जिला सचिव, नसीब अहमद जिला सचिव, हाजी मोहम्मद अनवर जिला कोषाध्यक्ष, मोहम्मद जावेद अध्यक्ष इसौली विधानसभा, असलम अध्यक्ष जयसिंह पुर, इसरार अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

# नहीं थम रहा मथुरा में लवजेहाद

अवधनामा संवाददाता

■ हिंदूवादी संगठनों ने फिर पकड़ा एक जोड़ा

**मथुरा।** मथुरा जनपद समेत देश में लवजेहाद थमने का नाम नहीं ले रहा सरकार इस समस्या को रोकने के कई प्रयास कर चुकी है, कड़े कानून बनाने कि बात भी सरकार द्वारा कई बार की प्रदेश की योगी सरकार इस मामले पर काफी गंभीर रही और तमाम हिंदूवादी संगठनों द्वारा भी इसे रोकने का भरकस प्रयास किया पर लोगों को लाख समझाने के बाद भी लोगों की समझ से परे रहा है मथुरा में एक ताजा मामला सामने आया है जिसमें हिंदूवादी संगठनों की सक्रियता से समय रहते एक मामले का पर्दाफाश पुलिस की मदद से किया गया। हिंदूवादी संगठन भगवदल की सूचना पर मथुरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मथुरा के थाना कोतवाली क्षेत्र के जनरल गंज इलाके में अलग अलग समुदाय के युवक युवतियों को शादी करने जाने से पूर्व पकड़ा गया, युवती के परिजन युवती को समझाने बुझाने में लगे हुए हैं पर प्यार में अंधी युवती सभी बंधनों को तोड़कर अपनी जिद पर अड़ी दिखाई दे रही है। भगवा दल के सदस्यों द्वारा प्राप्त सूचना पर सक्रिय होकर पुलिस को सूचित किया गया कि जनरल गंज खत्री धर्मशाला के पास एक टेंपो में एक युवती गैर धर्म के पुरुष के साथ शादी करने जा रही है पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच टेंपो से दोनों को उतारा गया और थाने लाकर पूछताछ की युवती द्वारा प्यार की आग में अंधी होकर पुलिस को बताया कि वह बालिग है और अपनी रजामंदी से इस व्यक्ति के साथ शादी करना चाहती है समाचार लिखे जाते समय तक लोग उक्त युवती को समझाने में लगे हुए पर प्यार में अंधी यह युवती गैर धर्म में शादी कर अपने जीवन को नर्क बना चुकी तमाम लड़कियों की बातों से सबक ना लेते हुए अपने पागल प्यार में मदमस्त दिखाई देती है।

# शिशिर बजाज को मिला वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित सर्वोत्तम नागरिक सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** मुंबई के प्रतिष्ठित एक होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में बजाज फाउंडेशन के चेयरमैन और बजाज समूह के वरिष्ठ मार्गदर्शक शिशिर बजाज को सर्वोत्तम नागरिक सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन की उपस्थिति में आयोजित इस सम्मान समारोह में महाराष्ट्र विधान परिषद सभापति श्रीराम शिंदे तथा सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार द्वारा सम्मान मूर्तियों का सत्कार किया गया। सर्वोत्तम नागरिक सम्मान, मेघा श्रेय फाउंडेशन और सीमा सिंह द्वारा उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने समाज में अपने निस्वार्थ समर्पण और सेवा के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया है और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में मिसाल कायम की है। इस वर्ष के समारोह में पद्मविभूषण डा.अनिल काकोडकर, पद्मभूषण डा.विजय भटकर, पद्मश्री डा.शंकर महादेवन, फिल्म निर्देशक इम्तियाज अली, पद्मभूषण अनुपम खेर और पद्मश्री विजेंदर सिंह जैसे कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद शिशिर बजाज ने कहा कि हमारे मूलभूत सामाजिक प्रयास 1926 से शुरू हुए, जब मेरे दादाजी जमनालाल बजाज ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को समर्थन देने के लिए बजाज समूह की स्थापना की। उन्होंने बताया कि 1932 में उत्तर प्रदेश में हमारी पहली शुगर फैक्ट्री स्थापित की गई, जिसका उद्देश्य भारत को चीनी उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना था। तब से समूह ने व्यवसाय और सीएसआर दोनों क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण और भारतीय गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज हम राजस्थान में मेरी जन्मस्थली सीकर जिले के 1000 गाँवों में और मेरे दादाजी की कर्मभूमि



■ बजाज फाउंडेशन के चेयरमैन शिशिर बजाज सर्वोत्तम नागरिक सम्मान पुरस्कार ग्रहण करते हुए

महाराष्ट्र के वर्धा जिले के 1000 से अधिक गाँवों में समाज कल्याण के कार्य कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य ग्रामीण भारत के प्राकृतिक एवं मानव संसाधनों का बहुमुखी विकास करना है, क्योंकि यह लक्ष्य विकसित और आत्मनिर्भर भारत के उस निर्माण में अहम भूमिका निभाता है, जिसकी परिकल्पना भारत सरकार ने 2047 तक के लिए निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि बजाज फाउंडेशन शिशिर बजाज और उनके पुत्रों कुशाग्र नयन बजाज एवं अपूर्व बजाज के नेतृत्व में ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। फाउंडेशन ने वर्धा, सीकर और ललितपुर जिलों के गाँवों में वर्षा जल संचयन, नदी पुनर्जीवन, सूक्ष्म सिंचाई, प्राकृतिक खेती, बागवानी, किसान पाठशालाएं, महिला स्व-सहायता समूह, सौर पंप और बायोगैस संयंत्र जैसे नवीकरणीय ऊर्जा समाधान, किसान उत्पादक संगठन, और परिवर्तनकारी शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से 6 लाख से अधिक परिवारों को सशक्त किया है, जिससे लगभग 22 लाख लोगों के जीवन में सुधार हुआ है। नेशन बिल्डिंग थ्रू बिजनेस एण्ड सर्विस की विचारधारा के तहत, बजाज समूह भारत के सबसे सम्मानित और विविधीकृत औद्योगिक समूहों में से एक के रूप में स्थापित हुआ है। कुशाग्र बजाज के नेतृत्व में समूह की प्रमुख कंपनियों में शामिल है, बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड जो भारत की सबसे बड़ी एकीकृत चीनी कम्पनी है और उत्तर प्रदेश में 14 चीनी मिलों और 6 एथेनॉल संयंत्रों का संचालन करती है। एक अन्य कम्पनी बजाज एनर्जी, उत्तर प्रदेश में 6 पावर प्लांट का संचालन करती है, जिनमें 1,980 मेगावाट क्षमता वाला ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड का सुपर-क्रिटिकल थर्मल पावर स्टेशन भी शामिल है, जो राज्य की लगभग 10 प्रतिशत बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करता है। इसी प्रकार बजाज कंज्यूमर केयर लिमिटेड अपने प्रमुख उत्पाद बजाज आलमंड ड्रॉप्स हेयर ऑयल के साथ प्रीमियम हेयर ऑयल कैटेगरी में अग्रणी है। समाज सेवा और औद्योगिक उत्कृष्टता के अद्वितीय संगम के रूप में शिशिर बजाज को मिला सर्वोत्तम नागरिक सम्मान पुरस्कार, उनके अभूतपूर्व योगदान की सच्ची पहचान है।

## बच्चों को भरपूर विकास के लिए एल्बेंडाजोल की टेबलेट सहायकः अध्यक्ष

**ललितपुर।** जीजीआईसी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने फीता काटकर किया। उन्होनें बताया कि एल्बेंडाजोल के सेवन से कृमि संक्रमण से बचाव होता है, यह दवा पूर्णतया॰ सुरक्षित है इसका कोई दुश्प्रभाव नही है तथा उन्होनें बेहिचक दवा का सेवन करने की जनपद के सभी अभिभावक, बच्चों से अपील की। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि कृमि के कारण बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और विकास में रूकावट आदि समस्यायें हो सकती है। जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी स्कूलों, निजी विद्यालयों, आंगनवाडी केन्द्रों में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कीडे निकालने के लिये एल्बेंडाजोल खिलाई जा रही है। एक से दो साल के बच्चों को टेबलेट का चूरा कर पानी के खिलाया जाएगा।

# म.प्र.कांग्रेस महामंत्री गुडडू राजा बुन्देला का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड राजनीति में ऊंचा कद रखने वाले मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री गुडडू राजा बुन्देला का जन्म दिवस आज जिले भर में बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। उनके शुभचिन्तकों ने जहां एक ओर सिद्धपीठ श्रीतुवन मंदिर परिसर में सुन्दरकाण्ड का पाठ और विभिन्न धार्मिक आयोजन किये तो वहीं फैन्स क्लब ने मदर टेरेसा चैरेटिबल होम्स व पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाश्रम पहुंच कर भोजन, मिष्ठान और फल वितरण किया। इधर जिला कांग्रेस कमेटी ने भी म.प्र. कांग्रेस कमेटी महामंत्री गुडडू राजा का जन्म दिवस बड़ी ही सादगी से मनाया।सर्वप्रथम शहर के प्रमुख व्यवसायी सचिन जैन बॉस इलैक्ट्रॉनिक्स व सत्येन्द्र सिंह यादव सेतू ज्योति स्वीट्स के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस के दिग्गज नेता गुडडू राजा बुन्देला के जन्मदिवस के अवसर पर सिद्धपीठ श्री तुवन मंदिर सरकार धाम के विशाल परिसर में श्री सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया गया। यह पाठ सुबह 10 बजे से शुरू किया गया। पाठ में अनेकों लोगों ने भागीदारी कर धर्म लाभ लिया। तदोपरान्त साधु-संतजनों का अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। तदोपरान्त श्रद्धालुओं को मिष्ठान वितरण किया गया। तदोपरान्त कांग्रेस महामंत्री के सिविल लाइन स्थित आवास पर जाकर प्रमुख व्यवसायी सचिन जैन बॉस इलैक्ट्रॉनिक्स व सत्येन्द्र सिंह यादव सेतू ने 52 किलो का केक भी गुडडू राजा बुन्देला के हाथों से कटवाया गया। वहीं दूसरी ओर गुडडू राजा युवा संगठन के द्वारा सुबह 10.30 बजे ग्राम पनारी स्थित मदर टैरेसा चैरिटेबल होम पहुंच कर दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर एवं भोजन और फल वितरण कर जन्मदिन मनाया। इसके बाद 12 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्ध आश्रम पहुंचकर फल एवं भोजन वितरण किया और केक काटा गया। इस दौरान गुडडू राजा युवा संगठन अध्यक्ष राहुल कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस राकेश रजक एड., पवन विश्वकर्मा, गब्बर सिंह परमार, कमल कुशवाहा, आकाश झा, हरिनारायण पांडे, पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी, दिनेश रजक, मुकेश सेन, बॉबी राजा बुंदेला के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी की तिरंगा यात्रा आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**नाराहट।** भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देशानुसार आज भारतीय जनता पार्टी के मंडल नाराहट इकाई के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत नाराहट में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि श्री बसंती लारिया जी और मुख्य वक्ता डॉ दीपक चौबे जी, मंडल प्रभारी संदीप सिंह बुंदेला , तिरंगा यात्रा संयोजक नीतेश राठौर,समस्त मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस अवसर पर डा दीपक चौबे ने कहा कि तिरंगा यात्रा हम सब में राष्ट्रीय भावना का पुनर्जागरण करना है। भारतीय जनता पार्टी की सोच राष्ट्र वाद है और वह आम जन में भी राष्ट्र प्रथम, अन्य द्वितीय की भावना का विस्तार करना है। तत्पश्चात तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सारे कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता की जय के नारे के साथ सारे कार्यकर्ता चल रहे थे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नाराहट श्री दीपेंद्र सिंह लोधी जी जिलापंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,सोनू चौबे ग्राम प्रधान , पुष्पराज बुंदेला,हनुमत सिंह चरन सिंह गिरिराज रावत, प्रमोद नामदेव लक्ष्मन सिंह महेंद्र सिंह शिवादित्य राजा , राजेश सिंह गोविंद सिंह उदय पाल सिंह करन कुशवाहा बृजेश कुशवाहा हर्षित राजा संतोष खटीक महेश सोनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र राजपूत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

# कॉरपोरेट जगत की हस्तियों में शुमार हुई आनंदमयी बजाज

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बजाज ग्रुप के चेयरमैन कुशाग्र बजाज की बेटी आनंदमयी बजाज (22) भारतीय बिजनेस घराने एक नई इबारत लिखने जा रही हैं। वह इस महीने की शुरुआत में 2.5 अरब डॉलर के पारिवारिक व्यवसाय में महाप्रबंधक (रणनीति) के रूप में शामिल हुई। समूह में उनका प्रवेश प्रमुख व्यावसायिक परिवारों की महिलाओं द्वारा प्रबंधन भूमिका संभालने के बढ़ते चलन का हिस्सा है। आनंदमयी, जिनकी मां वासवदत्ता बजाज आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला की बहन हैं, ने जून में कोलंबिया विश्वविद्यालय से वित्तीय प्रबंधन में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। एक अर्थशास्त्र और गणित में निपुणता के साथ अपनी नई भूमिका संभाल रहीं हैं।वह कंपनियों के बोर्ड में शामिल होने से पहले समूह के विभिन्न व्यवसायों में नेतृत्व टीमों के साथ सहयोग करेंगी। पशु देखभाल और महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पित आनंदमयी के दो भाई हैं॰ युगादिकृत (20) और विश्वरूपी (17)। युगादिकृत डिग्री हासिल कर रहे हैं और दो साल में समूह में शामिल होने वाले हैं। एचआर कॉलेज के छात्र विश्व रूपे पोलो चैंपियन हैं। आनंदमयी की नियुक्ति पर, कुशाग्र बजाज ने कर्मचारियों से कहा कि वह ÷युवा जिज्ञासा और जमीनी जिम्मेदारी का एक अनूठा मिश्रण लेकर आई हैं, उसकी यात्रा सिर्फ़ उसकी नहीं है

यह हमारी सामूहिक कहानी का ही एक विस्तार है। अपनी नई भूमिका पर आनंदमयी बजाज ने कहा ÷बजाज समूह से औपचारिक रूप से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं सीखने, बढ़ने और समूह की परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हूँ। यह एक जिम्मेदारी है, जिसे मैं पूरे समर्पण के साथ निभाऊंगी। बजाज समूह चीनी, इथेनॉल, बिजली और पर्सनल केयर व्यवसायों में सक्रिय है और 12,000 से ज़्यादा लोगों को रोज़गार देता है। बजाज समूह की स्थापना महात्मा गांधी के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले स्वर्गीय श्री जमनालाल बजाज द्वारा देश औद्योगिक रूप से आत्मनिर्भर करने के लिए रखी थी, तब से लेकर आज तक विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में ये नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## खेल प्रशासन विधेयक लोकसभा से पारित

**नई दिल्ली।** बहुप्रतिक्षित राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक सोमवार को लोकसभा से पारित हो गया है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे आजादी के बाद भारतीय खेलों का सबसे बड़ा सुधार करार दिया है। मांडविया ने 23 जुलाई को इस विधेयक को लोकसभा में पेश किया था। इस विधेयक में जवाबदेही की एक सख्त व्यवस्था बनाने के लिए एक राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) के गठन का प्रावधान है। सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को केंद्र सरकार से धन प्राप्त करने के लिए एनएसबी से मान्यता प्राप्त करनी होगी।

मांडविया ने कहा, यह आजादी के बाद से खेलों में किया गया सबसे बड़ा सुधार है। यह विधेयक खेल संघों में जवाबदेही, न्याय और सर्वोत्तम प्रशासन सुनिश्चित करेगा। भारत के खेल जगत में इसका व्यापक महत्व होगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने महत्वपूर्ण विधेयक और सुधार में विपक्ष की भागीदारी नहीं है।

इस विधेयक के मुताबिक, केंद्र सरकार को %राष्ट्रीय हित में निर्देश जारी करने और रोक लगाने की शक्ति% संबंधी धारा के तहत एक आदेश के द्वारा असाधारण परिस्थितियों में भारतीय टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी पर उचित रोक लगाने का अधिकार होगा। खिलाड़ियों की भागीदारी का मामला अक्सर पाकिस्तान के संबंध में सामने आता है।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने को लेकर सरकार की नीति पिछले कुछ वर्षों से बेहद स्पष्ट रही है। अगर कोई ऐसी प्रतियोगिता हो जिसमें कई देश भाग ले रहे हों तो उसमें भागीदारी पर कोई रोक नहीं है, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय आयोजनों का तो 'सवाल ही नहीं उठता मुंबई में 2008 में आतंकी हमले के बाद यही स्थिति बनी हुई है। इस हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 150 से ज्यादा लोगों को मार डाला था।

## ओलंपिक मेजबानी को लेकर खेल मंत्री ने लोकसभा में दिया जवाब

# आईओसी से चल रही बातचीतः मनसुख मांडविया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी को लेकर लोकसभा में बयान दिया है। मांडविया ने सदन को बताया कि इन खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी को लेकर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भावी मेजबान आयोग के साथ निरंतर बातचीत चल रही है। दरअसल, संगरूर से आम आदमी पार्टी के सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर के एक सवाल का जवाब देते हुए मांडविया ने कहा कि पूरी बोली प्रक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) संभाल रहा है।

मांडविया ने लोकसभा में कहा, आईओए ने आईओसी को आशय पत्र सौंप दिया है। बोली अब आईओसी के भावी मेजबान आयोग के साथ निरंतर बातचीत चरण में है। भारत में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाना भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की जिम्मेदारी है और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) विस्तृत चयन प्रक्रिया से गुजरकर ओलंपिक की मेजबानी के अधिकार सौंपती है।

भारत ने हालांकि अपनी बोली में किसी शहर का नाम नहीं दिया है लेकिन गुजरात सरकार इसमें काफी दिलचस्पी दिखा रही है। उसके खेल मंत्री हर्ष संघवी उस भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, जिसने पिछले महीने बोली पर चर्चा करने के लिए लुसाने स्थित आईओसी मुख्यालय का दौरा किया था। निरंतर बातचीत के चरण में आईओसी मेजबानी के दावेदारों की तैयारी का व्यावहारिक आकलन करती है। आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने फिलहाल मेजबान चयन प्रक्रिया को रोक दिया है।

ओलंपिक स्वर्ण विजेता पूर्व तैराक कोवेंट्री ने कहा कि जून में उनकी पहली कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान सदस्यों के बीच आम सहमति थी कि प्रक्रिया का पुनर्मूल्यांकन किया जाए। इससे पहले भारत की बोली पर फैसला अगले साल होने की उम्मीद थी। भारत को कतर और तुर्किए जैसे देशों की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। डोपिंग में भारत का खराब रिकॉर्ड आईओसी के लिए एक मुद्दा है, जिसने आईओए से सुधारात्मक उपाय करने को कहा है। आईओसी द्वारा फटकार लगाए जाने के बाद आईओए ने भारतीय खेलों में डोपिंग की समस्या से निपटने के लिए एक पैनल का गठन किया है।

## जूनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता, टूर्नामेंट में 30 टीमें भाग लेंगी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 30 टीमें भाग लेंगी, जो मंगलवार से जालंधर में नए डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी। नया प्रारूप इस वर्ष के शुरू में सीनियर और सब जूनियर पुरुष, महिला तथा जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पहले ही लागू किया जा चुका है।

भाग लेने वाली 30 टीमों को डिवीजन 'ए', डिवीजन 'बी' और डिवीजन 'सी' में विभाजित किया गया है। इसमें अपने से शीर्ष डिवीजन में जगह बनाने और निचले डिवीजन में खिसकने का प्रावधान है। डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं। इनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा भी शामिल हैं।

इस डिवीजन के पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे, जिसके बाद 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। डिवीजन 'बी' में केवल लीग मैच होंगे, जिसमें शीर्ष पर रहने वाली दो टीम अगले साल डिवीज़न 'ए' में खेलेंगी जबकि अंतिम दो स्थान पर रहने वाली दो टीम डिवीज़न 'सी' में खिसक जाएंगी। इस डिवीजन के मैच 12 से 16 अगस्त तक चलेंगे।

डिवीजन 'सी' के मैच भी लीग प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें टीमों को चार-चार टीमों के दो पूल में बांटा गया है। इसमें शीर्ष दो टीम अगले साल डिवीजन 'बी' का हिस्सा होंगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ''जूनियर टूर्नामेंट भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। युवा खिलाड़ी इस प्रारूप में खेलकर बहुत कुछ सीखेंगे क्योंकि हमें सभी डिवीजनों की टीमों के बीच एक अलग स्तर की प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।''

## मेसी की अनुपस्थिति में इंटर मियामी की हार

**लंदन।** क्रिस्टल पैलेस ने इस सत्र में अपना शानदार अभियान जारी रखा और प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल को हराकर वेम्बली में एक और उलटफेर करते हुए कम्युनिटी शील्ड फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। वहीं, दूसरी तरफ इंटर मियामी को सुपरस्टार लियोनल मेसी की अनुपस्थिति में मेजर लीग सॉकर फुटबॉल टूर्नामेंट के एक मैच में ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से करारी हार का सामना करना पड़ा।

मई में एफए कप फाइनल में मैनचेस्टर सिटी को उलटफेर का शिकार बनाने के बाद पैलेस ने एक बार फिर कुछ विषम परिस्थितियों से पार पाकर मैच 2-2 से ड्रॉ होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत हासिल की। पैलेस की इस जीत के नायक गोलकीपर डीन हेंडरसन रहे। उन्होंने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाई। हेंडरसन ने मैच के बाद कहा, यह अविश्वसनीय है। लिवरपूल जीत का प्रबल दावेदार था। उसके पास कुछ शानदार खिलाड़ी हैं और उनकी टीम मजबूत है। हमने तीन महीने के अंदर दो ट्रॉफी जीती हैं। यह अविश्वसनीय है।% एफए कप में जीत के साथ पैलेस ने अपने इतिहास में पहली बड़ी ट्रॉफी जीती थी और अब कम्युनिटी शील्ड जीतकर उसने साबित कर दिया कि उसकी पिछली जीत महज संयोग नहीं थी।

मेसी दाहिने पैर में चोट लगने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए और मियामी को उनकी बड़ी कमी खली। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को यह चोट दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में लगी थी। मेसी ने अपने क्लब के 23 मैचों में से 18 मैच में खेलते हुए 18 गोल किए हैं। ऑरलैंडो सिटी की तरफ से लुइस मुरील ने प्रत्येक हाफ में एक गोल किया जबकि मार्टिन ओजेडा ने एक गोल करने के अलावा एक गोल में मदद की।

मुरील ने ओजेडा की मदद से दूसरे मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को बढ़त दिलाई, जो केवल तीन मिनट तक कायम रही। यानिक ब्राइट ने अपने 40वें मैच में अपना पहला गोल करके इंटर मियामी को बराबरी पर ला दिया। ऑरलैंडो सिटी ने दूसरे हाफ के पांच मिनट बाद मुरील के आठवें गोल की मदद से 2-1 की बढ़त बना ली। ओजेडा ने 58वें मिनट में और मार्को पासालिक ने 88वें मिनट में बिना किसी मदद के गोल करके ऑरलैंडो सिटी की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

# एशियाई मुक्केबाजी में रीतिका का गोल्डन पंच, भारत चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहा



**बैंकॉक।** प्रतियोगिता के आखिरी दिन पांच भारतीय मुक्केबाजों में से सिर्फ रीतिका ही भारत को स्वर्ण पदक दिला सकीं। वह रक्षण और आक्रमण के शानदार तालमेल से कजाखस्तान की मुक्केबाज असेल तोकतास्यन को मात देकर अंडर-22 वर्ग में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाने में सफल रहीं।

भारत की रीतिका ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अंडर-22 आयुवर्ग में महिलाओं की 80+ श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत प्रतियोगिता में ओवरऑल चौथे स्थान पर रहा। अंडर-22 में भारतीय दल ने 13 और अंडर-19 में 14 पदक हासिल किए। अंडर-19 में तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य के साथ भारत दूसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के आखिरी दिन पांच भारतीय मुक्केबाजों में से सिर्फ रीतिका ही भारत को स्वर्ण पदक दिला सकीं। वह रक्षण और आक्रमण के शानदार तालमेल से कजाखस्तान की मुक्केबाज असेल तोकतास्यन को मात देकर अंडर-22 वर्ग में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाने में सफल रहीं। रीतिका ने फाइनल में कजाखस्तान की एसेल तोकतासिन को पराजित किया। मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ने रक्षण और आक्रमण का बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया।

सुबह के सत्र में यात्री पटेल ने 57 भारवर्ग में रजत पदक दिलाया। उन्हें फाइनल में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। प्रिया को 60 किलो भारवर्ग के फाइनल में चीन की यू टियान के खिलाफ कड़े मुकाबले में पराजय मिली। पुरुष वर्ग में नीरज 75 भारवर्ग के खिताबी मुकाबले में उज्बेकिस्तान के शावकातजोन बोलाटेव से और 90+ भारवर्ग में ईशान कटारिया उज्बेकिस्तान के खलीमजोन मामासोलिव से पराजित हो गए जिससे दोनों भारतीय पुरुष मुक्केबाजों ने रजत पदक हासिल किया।

## आईजीयू ने मिड-अमेच्योर चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी

**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फ यूनियन आईजीयू ने एशिया-प्रशांत गोल्फ परिसंघ एपीजीसी और इंडोनेशिया गोल्फ संघ द्वारा आयोजित पहली मिड-अमेच्योर चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी है। मिड-अमेच्योर गोल्फ प्रतियोगिताओं में आम तौर पर ऐसे खिलाड़ी भाग लेते हैं जो एक आयु सीमा ज्यादातर देशों में 25 साल को पार करने के बाद भी अमेच्योर गोल्फ में खेलते हैं। आईजीयू के मौजूदा अखिल भारतीय मिड-अमेच्योर चैंपियन रणजीत सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम में अर्जुन सिंह, सिमरजीत सिंह और कर्नल वरुण परमार शामिल हैं। यह टीम 12 से 14 अगस्त तक गार्डिंग राया गोल्फ क्लब में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस ट्रॉफी के लिए 20 देशों के कुल 80 गोल्फर मुकाबला करेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन चार आयु वर्गों में किया जाएगा। इसमें ग्रुप ए 25 से 29 वर्ष की आयु, ग्रुप बी 30 से 37 वर्ष, ग्रुप सी 38 से 46 वर्ष और ग्रुप डी (47 वर्ष और उससे अधिक आयु) शामिल है।

# अन्नू-कुजूर और मुरली चमके



**भुवनेश्वर।** स्टार धावक अनिमेष कुजूर, अनुभवी भाला फेंक एथलीट अन्नू रानी और लंबी कूद के दिग्गज एथलीट मुरली श्रीशंकर ने रविवार को भारत की पहली विश्व एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिता में अपनी अपनी स्पर्धाओं में जीत हासिल कर उम्मीदों पर खरे उतरे। विश्व एथलेटिक्स की कांस्य स्तर की यह प्रतियोगिता सुचारू रूप से चली, लेकिन इसमें वैश्विक दिग्गजों की भागीदारी काफी कम थी।

कुजूर का प्रदर्शन हालांकि नाटकीयता से भरा रहा। 22 वर्षीय इस एथलीट ने सुबह अपनी 100 मीटर की हीट रेस में कुछ कदम के बाद ही दौड़ना बंद कर दिया था।, वह आधे घंटे बाद अपनी 200 मीटर की हीट रेस में दौड़े और 20.99 सेकंड के समय के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। उन्होंने शाम के सत्र में 200 मीटर फाइनल में 20.77 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। कोरिया के को सेउंघवान (20.95 सेकंड) और एक अन्य भारतीय खिलाड़ी रागुल कुमार (21.17 सेकंड) ने तीसरा स्थान हासिल किया।

कुजूर के नाम 100 मीटर (10.18 सेकंड) और 200 मीटर (20.32 सेकंड) दोनों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड हैं। श्रीशंकर का मुकाबला उभरते हुए किशोर शाहनवाज खान से था। खान ने फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। 17 वर्षीय खान चौथे प्रयास में 8.04 मीटर की छलांग लगाकर शीर्ष पर थे, जबकि श्रीशंकर 7.95 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर थे।

26 साल के श्रीशंकर ने हालांकि अपने अंतिम प्रयास में 8.13 मीटर की छलांग लगाकर रोमांचक अंदाज में स्वर्ण पदक जीता। यह चोट के कारण लंबे समय से बाहर रहने के बाद वापसी पर उनका लगातार चौथा खिताब है।

## वाणी कपूर को स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा, दुबले होने पर निर्माता के सुनने पड़े ताने



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। न्यूज 18 डॉट कॉम की एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।

**वाणी का वर्कफ्रंट**

वाणी इन दिनों अपनी नई क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज ÷मंडला मर्डर्स÷ के प्रचार में व्यस्त हैं। इस सीरीज में वह एक तेज-तर्रार जासूस की भूमिका में हैं। यह सीरीज रहस्यमय हत्याओं की कहानी दिखाती है, जो एक गुप्त समाज से जुड़ी हैं। इस सीरीज में वाणी के अलावा सुरवीन चावला, वैभव राज गुप्ता, श्रिया पिलगांवकर और जमील खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। मंडला मर्डर्स 25 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# ट्विंकल खन्ना और काजोल एक साथ लेकर आ रही हैं नया टॉक शो टू मच, फैंस हुए उत्साहित

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना और काजोल एक नया शो लेकर आ रही हैं। यह एक टॉक शो होगा, जिसका नाम टू मच है। ट्विंकल खन्ना और कालोज एक नया टॉक शो टू मच लेकर आ रही हैं। इस शो की आधिकारिक घोषणा कुछ देर पहले ही सोशल मीडिया पर की गई है। इस शो में ट्विंकल और काजोल को एक साथ देखने के लिए उनके फैंस बेहद उत्साहित हैं।

**प्राइम वीडियो ने की नए शो की घोषणा**

प्राइम वीडियो ने आज काजोल और ट्विंकल खन्ना के नए शो की अनाउंसमेंट कर दी है। यह एक टॉक शो होगा। आज अमेजन प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर नए शो टू मच की घोषणा करते हुए काजोल और ट्विंकल की एक शानदार तस्वीर शेयर की और साथ ही कैप्शन में लिखा, उनके पास चाय है और यह बहुत याद आने वाली चीज है। #TwoMuchOnPrime जल्द



आ रहा है।

**शो को लेकर फैंस की राय**

ट्विंकल खन्ना और कालोज के इस शो को लेकर सेलेब्स और फैंस बेहद उत्साहित हैं। सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने लिखा, शीर्षक और मेजबान बहुत पसंद आये, यह बहुत मजेदार होने वाला है, एक फैन ने लिखा, हे भगवान, मेरे दो पसंदीदा व्यक्ति एक ही शो में! यह अनोखा और मजेदार होने वाला है-मैं इसके लिए तैयार हूं, एक और फैन ने लिखा, बहुत उत्साहित हूं, एक और फैन ने लिखा, पहले एपिसोड में कुक अक्की और देवगन, एक और फैन ने लिखा, वाह काजोल, बैक टू बैक यह बॉलीवुड में अब तक का सबसे अच्छा है!, एक और फैन ने लिखा, काजोल बैक टू बैक शॉट।

**कैसा होगा नया शो**

काजोल और ट्विंकल जल्द ही प्राइम वीडियो पर नए टॉक शो ÷टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल÷ लेकर आ रही हैं। इस शो की रिलीज डेट अभी घोषित नहीं की गई है। यह शो बानिजय एशिया द्वारा बनाया जा रहा है और इसमें बॉलीवुड और बाकी इंडस्ट्री की कई बड़ी हस्तियों के साथ मजेदार, बेबाक और जोशीली बातचीत होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह शो अनोखा होगा। यह शो कॉमेडी, ग्लैमर और खुलकर बात करने का तालमेल होगा। दोनों अभिनेत्रियां अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। इसलिए यह शो दर्शकों के लिए एक ताजा और मनोरंजक अनुभव हो सकता है।

## हार्वे वाइंस्टीन की भाई बॉब के खिलाफ कानूनी लड़ाई खत्म, हॉलीवुड प्रोड्यूसर ने वापस लिया केस

हॉलीवुड के जाने-माने प्रोड्यूसर रहे हार्वे वाइंस्टीन पर साल 2017 में यौन उत्पीड़न के कई गंभीर आरोप लगे थे। एक के बाद एक दर्जनों महिलाओं के आरोपों ने निर्माता की छवि को पूरी तरह से खराब कर दिया था। उन्हें कभी ऑस्कर जीतने वाली फिल्मों के पीछे की बड़ी ताकत माना जाता था। लेकिन उन पर कई गंभीर आरोपों के साथ ही एक पारिवारिक लड़ाई भी शुरू हो गई थी, जो अब कानूनी मोड़ पर खत्म होते हुए नजर आ रही है। हाल ही में हार्वे वाइंस्टीन ने अपने सगे भाई बॉब वाइंस्टीन के खिलाफ दायर किया गया मुकदमा अचानक वापस ले लिया। इस मुकदमे में हार्वे ने अपने भाई पर 'वित्तीय धोखाधड़ी' और 'धोखे से कंपनी को डुबोने' जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। उनका दावा था कि बॉब और कुछ दूसरे कर्मचारियों ने कंपनी की डूबती नाव से खुद को बचाने के लिए लाखों डॉलर की रकम निकाल ली। फरवरी में उन्होंने बॉब, डेविड ग्लासर और अकाउंटेंट रीटर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी, लेकिन अब भाई के खिलाफ चल रहे केस को उन्होंने वापस ले लिया। बता दें हार्वे खुद अभी यौन उत्पीड़न के कई मामलों में दोषी करार दिए जा चुके हैं और फिलहाल जेल में सजा मिलने का इंतजार कर रहे हैं। इस मामले पर बॉब वाइंस्टीन के वकील का कहना है कि उन्होंने कोई समझौता नहीं किया और ना ही हार्वे को कोई मुआवजा दिया। बॉब ने तो उल्टा कंपनी को दिवालिया होने से पहले बचाने के लिए 11.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 92.28 करोड़ रुपये का ऋण भी दिया था, जो अब तक उन्हें वापस नहीं मिला है। हालांकि हार्वे ने सिर्फ बॉब के खिलाफ केस वापस लिया है, लेकिन ग्लासर और रीटर के खिलाफ उनकी कानूनी लड़ाई जारी है।

# संजय दत्त को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस



**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म सन ऑफ सरदार 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सन ऑफ सरदार 2 का दूसरा ट्रेलर शेयर करते हुए संजय दत्त ने कैप्शन में लिखा है सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता। संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए। एक और यूजर ने लिखा है इसमें बाबा को होना चाहिए था। मैं तुम्हें पसंद करता हूं बाबा। एक और यूजर ने लिखा है अब आप खलनायक वाले रोल में आओगे।

आपको बता दें कि साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म सन ऑफ सरदार में अजय देवगन के साथ संजय दत्त थे। दोनों एक दूसरे के विपरीत थे। फिल्म में दिखाया गया था कि संजय दत्त की बहन सोनाक्षी सिन्हा को अजय देवगन से प्यार हो जाता है। संजय दत्त, अजय देवगन को खानदानी झगड़े की वजह से जान से मारना चाहते हैं लेकिन वह उन्हीं के घर में रहते हैं, इसलिए उन्हें नहीं मार पाते। इस तरह सोनाक्षी सिन्हा और अजय देवगन की प्रेम कहानी आगे बढ़ती है।

अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म सन ऑफ सरदार 2 का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है। इसके निर्माता अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, एन. आर. पचिसिया और प्रवीन टालरेजा हैं। फिल्म में अजय देवगन के अलावा मृणाल ठाकुर, कुबरा सैत, दीपक डोबरियाल, रवि किशन और विंदु दारा सिंह हैं।

इस फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ाकर एक अगस्त किया गया है। बताया जाता है कि यह बदलाव सैयारा की कामयाबी के बाद किया गया है।

# सफल डेब्यू के बाद, अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। जानते हैं कुछ उन स्टार्स के बारे में जो अचानक इंडस्ट्री से गायब ही हो गए।

**इमरान खान**

सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म 'जाने तू या जाने ना' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें 'मेरे ब्रदर की दुल्हन', 'ब्रेक के बाद', 'मटरू की बिजली का मन डोला', 'वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा', 'एक मैं और एक तू', 'गोरी तेरे प्यार में' और 'डैली बैली' जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म 'कट्टी-बट्टी' में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो 'हैप्पी पटेल' नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन**

आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म 'गजनी' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में 'गजनी', 'लंदन ड्रीम्स', 'रेडी', 'हाउसफुल 2', 'बोल बच्चन', 'खिलाड़ी 786' और 'ऑल इज वेल' जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने करियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**आयशा टकिया**

2004 में आई 'टार्जन द वंडर कार' से अपनी शुरुआत करने वाली आयशा टकिया ने बॉलीवुड में कई फिल्में की। उन्होंने सलमान खान, शाहिद कपूर और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ भी काम किया। लेकिन आयशा टकिया शादी के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। आयशा टकिया की फिल्मोग्राफी में 'टार्जन द वंडर कार' के अलावा 'दिल मांगे मोर', 'डोर', 'वांटेड', 'सलाम-ए-इश्क', 'फुल एंड फाइनल' और 'पाठशाला' जैसी फिल्में शामिल हैं। आयशा आखिरी बार 2011 में आई फिल्म 'मोड़' में नजर आई थीं।

**अमृता राव**

साल 2006 में आई फिल्म 'विवाह' से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'ठाकरे' में नजर आई थीं। लेकिन फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने करियर में 'इश्क विश्क', 'मस्ती', 'मैं हूं ना', 'वाह लाइफ हो तो ऐसी', 'शिखर', 'प्यारे मोहन' और 'शौर्य' जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान**

इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका करियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे





जायद खान। 'चुरा लिया है तुमने' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का करियर कुछ खास नहीं रहा। उन्होंने अपने करियर में 'दस', 'मैं हूं ना', 'शादी नंबर 1', 'कैश', 'तेज' 'रॉकी', 'युवराज' और 'ब्लू' जैसी फिल्मों में काम किया है। लेकिन उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली। जायद आखिरी बार दस साल पहले 2015 में आई फिल्म 'शराफत गई तेल लेने' में नजर आए थे।

**उदय चोपड़ा**

कई एक्टर-एक्ट्रेस को बॉलीवुड में लॉन्च करने वाले और उन्हें स्टार बनाने वाले निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा के बेटे उदय चोपड़ा का बॉलीवुड में करियर सफल नहीं हो पाया। अपने प्रोडक्शन हाउस यशराज की फिल्म 'मोहब्बतें' से डेब्यू करने वाले उदय चोपड़ा सिर्फ अपने पिता और अपने बैनर की ही फिल्मों तक सीमित रह गए। उनके करियर में 'मोहब्बतें' और 'धूम' सीरीज के अलावा कोई भी हिट फिल्म नहीं है। ऐसे में उदय चोपड़ा का करियर नहीं चल पाया। उदय चोपड़ा आखिरी बार धूम सीरीज की आखिरी फिल्म 'धूम 3' में ही नजर आए थे।

**स्नेहा उल्लाल**

अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल को सलमान खान ने 2005 में अपनी फिल्म 'लकी' से लॉन्च किया था। सलमान खान के साथ डेब्यू करने के बाद भी स्नेहा का करियर बॉलीवुड में रफ्तार नहीं पकड़ सका। जब स्नेहा आई थीं तो उनकी तुलना ऐश्वर्या राय से की गई थी। लेकिन बाद में स्नेहा दो-चार बॉलीवुड फिल्मों में ही नजर आईं।

## ओडिशा में एक और लड़की ने खुद को लगाई आग, इलाज के दौरान हारी जिंदगी की जंग

**भुवनेश्वर।** उत्तरी रेंज के आईजी हिमांशु लाल ने बताया कि लड़की एक छात्रावास में रह रही थी और अपने मामा के घर आई थी, जहां उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। लड़की की ओर से यह कदम क्यों उठाया गया? हम इसके कारणों की जांच कर रहे हैं। ओडिशा के बरगढ़ जिले के एक गांव में कथित तौर पर खुद को आग लगाने वाली 13 वर्षीय स्कूली छात्रा ने सोमवार को बुर्ला के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। बरगढ़ जिले के प्रभारी बोलांगीर के एसपी अभिलाष जी ने बताया कि बुर्ला स्थित वीर सुरेंद्र साईं आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान में लड़की की मौत हो गई। लड़की की ओर से यह कदम क्यों उठाया गया? हम इसके कारणों की जांच कर रहे हैं। एसपी ने कहा कि पुलिस ने उसके परिवार के सदस्यों की शिकायत के बाद अप्राकृतिक मौत (यूडी) का मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय पुलिस दल का गठन किया गया है। पुलिस ने लड़की से जुड़ा एक वीडियो भी बरामद किया है। उत्तरी रेंज के आईजी हिमांशु लाल ने बताया कि लड़की एक छात्रावास में रह रही थी और अपने मामा के घर आई थी, जहां उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। इससे पहले नाबालिग को बरगढ़ जिले के गैसिलाट थाना क्षेत्र के फिरिंगमल गांव के एक फुटबॉल मैदान से ग्रामीणों ने अधजली हालत में बचाया था। उसे बरगढ़ जिला मुख्यालय अस्पताल और बाद में बुर्ला स्थित VIMSAR ले जाया गया। यह ताजा घटना 12 जुलाई से अब तक तीन अन्य महिलाओं की जलकर मौत के बाद हुई है। उसी दिन बालासोर में एक 20 वर्षीय छात्रा ने अपने कॉलेज परिसर में खुद को आग लगा ली और 14 जुलाई को एम्स भुवनेश्वर में उसकी मौत हो गई। 19 जुलाई को बालांगा में एक नाबालिग लड़की को कथित तौर पर तीन बदमाशों ने आग लगा दी और 2 अगस्त को एम्स दिल्ली में उसकी मौत हो गई। तीसरी ऐसी घटना 6 अगस्त को केंद्रपाड़ा जिले में हुई, जब पट्टामुंडई (ग्रामीण) थाना क्षेत्र में एक तृतीय वर्ष की स्नातक छात्रा का जला हुआ शव उसके घर से मिला।

## नागपुर में सड़क हादसे के बाद शव को बाइक पर बांधकर ले गया पति

प्रदेश

**घटना का वीडियो पुलिस ने ही बनाया और इसके बाद उन्होंने मोटरसाइकिल रोकी। पुलिस के मुताबिक, अमित यादव (35 वर्षीय) नाम का यह व्यक्ति मध्य प्रदेश के सिवनी जिले का रहने वाला है**




**नागपुर/ठाणे।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति को सड़क हादसे के बाद अपनी पत्नी के शव को मोटरसाइकिल से बांधकर ले जाना पड़ा क्योंकि सड़क पर कोई भी वाहन उसकी मदद के लिए नहीं रुका। यह हादसा नागपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नौ अगस्त को हुआ। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दिख रहा है कि व्यक्ति अपनी पत्नी के शव को बाइक की पिछली सीट पर बांधकर ले जा रहा है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना का वीडियो पुलिस ने ही बनाया और इसके बाद उन्होंने मोटरसाइकिल रोकी। पुलिस के मुताबिक, अमित यादव (35 वर्षीय) नाम का यह व्यक्ति मध्य प्रदेश के सिवनी जिले का रहने वाला है। वह अपनी पत्नी ग्यासी के साथ नागपुर के लोणारा से अपने गांव करनपुर लौट रहा था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस टक्कर में ग्यासी सड़क पर गिर गई और ट्रक ने उसे कुचल दिया। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद अमित ने सड़क पर गुजर रहे लोगों से मदद मांगी, लेकिन कोई नहीं रुका। अंत में मजबूर होकर उन्होंने अपनी पत्नी के शव को मोटरसाइकिल से बांधा और उसे घर ले जाने लगा। कुछ देर बाद पुलिस वैन ने बाइक को रोका और शव को नागपुर के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू की जा रही है। नवी मुंबई के नेरुल इलाके में एक निजी अस्पताल के बेसमेंट में सोमवार को आग लग गई। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ क्योंकि सभी मरीजों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुछ मरीज खुद बाहर निकल आए, जबकि बाकी को दमकल विभाग की टीम ने बचाया। नगर निगम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वाशी के दमकल स्टेशन के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि अस्पताल में आग लगने की घटना दोपहर 12 बजे सेक्टर छह में हुई। कोकाटे ने बताया कि आग लगने के समय अस्पताल में कुल 21 मरीज मौजूद थे। उनमें से 10 मरीजों को दमकल कर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाला, जबकि बाकी खुद ही सुरक्षित बाहर आ गए। आग लगने के बाद 20 मरीजों को पनवेल के एक अन्य अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है, जबकि एक व्यक्ति को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आग बुझाने के लिए पांच दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया था। आग पर काबू पाने में लगभग एक घंटे का समय लगा। अधिकारी ने बताया कि आग से अस्पताल का बेसमेंट पूरी तरह जलकर खाक हो गया, जबकि धुआं अन्य मंजिलों तक फैल गया था। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## चेन्नई में विमान के लैंडिंग प्रकरण पर भाजपा ने वेणुगोपाल को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद केसी वेणुगोपाल ने रविवार रात सोशल मीडिया पर दावा किया कि त्रिवेंद्रम से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2455, जिसमें वे और कई सांसद सवार थे, चेन्नई एयरपोर्ट पर एक बड़े हादसे से बची। उन्होंने लिखा कि उड़ान के दौरान तेज झटके महसूस हुए और करीब एक घंटे बाद पायलट ने %फ्लाइट सिग्नल फॉल्ट% की सूचना देकर विमान को चेन्नई मोड़ दिया। वेणुगोपाल के अनुसार, पहली बार लैंडिंग की कोशिश में रनवे पर एक और विमान था, जिसके चलते पायलट ने तत्काल विमान ऊपर उठाया और दूसरी कोशिश में सुरक्षित लैंडिंग हुई।

## तेलंगाना हाईकोर्ट के जज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर शीर्ष अदालत नाराज

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ एससी/एसटी अधिनियम के तहत एक आपराधिक मामले को खारिज करने पर याचिकाकर्ता एन पेड्डी राजू ने तेलंगाना हाईकोर्ट के जज पर पक्षपात और अनुचितता का आरोप लगाया था। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता और उनके वकील को अवमानना का नोटिस जारी किया था। तेलंगाना हाईकोर्ट के जज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और आरोप लगाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। शीर्ष अदालत ने कहा कि वादी और उसके वकील तत्काल न्यायाधीश से माफी मांगें। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ एससी/एसटी अधिनियम के तहत एक आपराधिक मामले को खारिज करने पर याचिकाकर्ता एन पेड्डी राजू ने तेलंगाना हाईकोर्ट के जज पर पक्षपात और अनुचितता का आरोप लगाया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने स्वत~ संज्ञान याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर लगाए गए आरोप अवमाननापूर्ण हैं और उन्हें माफ नहीं किया जा सकता। सीजेआई ने कहा कि हम न्यायाधीशों को कठघरे में खड़ा करने और किसी भी वादी को ऐसे आरोप लगाने की इजाजत नहीं दे सकते। उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश सांविधानिक पदाधिकारी हैं और उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के समान सम्मान और छूट प्राप्त है।

इसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने बिना शर्त माफी मांगी। साथ ही बयान देने के कारण समझाए। इस पर सीजेआई ने कहा कि इस तरह का आचरण एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति बन गया है, जहां वकील और वादी राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों में न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाते हैं। संविधान पीठ के एक फैसले में कहा गया है कि न्यायाधीशों के खिलाफ अपमानजनक आरोप लगाने के लिए वादियों और वकीलों दोनों को अवमानना का दोषी ठहराया जा सकता है।

इसके बाद पीठ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय में पहले से निपटाए गए मामले को फिर से खोलने और एक सप्ताह के भीतर संबंधित न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही याचिकाकर्ता को न्यायाधीश के समक्ष बिना शर्त माफी मांगने का आदेश भी दिया। पीठ ने कहा कि न्यायाधीश एक सप्ताह के भीतर निर्णय लेंगे कि माफी स्वीकार की जाए या नहीं। इससे पहले 29 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के एक जज के खिलाफ अपमानजनक आरोप लगाने पर याचिकाकर्ता और उनके वकील को अवमानना का नोटिस जारी किया था। साथ ही याचिका वापस लेने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। मुख्य न्यायाधीश ने एक फैसले का उल्लेख करते हुए कहा था कि दंडात्मक कार्रवाई के बजाय ऐसी स्थितियों में माफी स्वीकार करने का पक्ष लिया जाए। उन्होंने कहा कि बुद्धिमत्ता दंड देने के बजाय क्षमा करने में निहित है। पीठ ने कहा था कि हम न्यायाधीशों को कठघरे में खड़ा होने और किसी भी वादी को न्यायाधीश के खिलाफ इस तरह के आरोप लगाने की अनुमति नहीं दे सकते। यहां हम वकीलों को बचाने की कोशिश कर रहे थे। तेलंगाना उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश के खिलाफ अपमानजनक आरोप लगाए गए हैं। यह माना गया है कि न केवल एक वादी, बल्कि याचिका पर हस्ताक्षर करने वाला वकील भी अदालत की अवमानना का दोषी है।

## आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर में रखें, अड़ंगा डालने वालों पर कार्रवाई करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने के भी निर्देश दिए। इस हेल्पलाइन पर लोग कुत्तों के काटने की घटनाओं को रिपोर्ट कर सकेंगे। अदालत ने आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अडंगा डालने वालों पर भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं, जिनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें।

## मौसमी समस्या के कारण डायवर्ट की गई थी उड़ान, एअर इंडिया विमान की आपात लैंडिंग पर बोला डीजीसीए

**नई दिल्ली।** रविवार को तिरुवनंतपुरम से दिल्ली जा रहे एअर इंडिया के विमान संख्या AI2455 की चेन्नई में आपात लैंडिंग कराई गई थी। इस पर विमान में सवार यात्री और कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने सुरक्षा चूक के आरोप लगाए थे। मामले को लेकर अब नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जवाब दिया है।

एअर इंडिया के विमान की चेन्नई में आपात लैंडिंग पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जवाब दिया है। डीजीसीए ने कहा कि तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की उड़ान को रविवार शाम को मौसम रडार में संदिग्ध खराबी के कारण चेन्नई की ओर डायवर्ट किया गया था। विमान सुरक्षित उतर गया। डीजीसीए का यह बयान उस बीच आया जब विमान में सवार कुछ सांसदों ने लैंडिंग को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंता जाहिर की थी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि ए320 विमान वीटी-टीएनएल को उड़ान के दौरान मध्यम स्तर की दिक्कत का सामना करना पड़ा। चालक दल ने पाया कि मौसम रडार पर दर्शाई गई मौसम संबंधी जानकारी सटीक नहीं थी। इसलिए मौसम रडार की खराबी के कारण विमान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया गया। हालांकि विमान के निरीक्षण के दौरान कोई कमी नहीं पाई गई, लेकिन एहतियात के तौर पर डब्ल्यूएक्स रडार ट्रांसरिसीवर को एक चालू हालत वाले ट्रांसरिसीवर से बदल दिया गया।

आपात

**एअर इंडिया के विमान की चेन्नई में आपात लैंडिंग पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जवाब दिया है।**

डीजीसीए ने कहा कि अधिक वजन वाली लैंडिंग से बचने और अतिरिक्त ईंधन जलाने के लिए विमान ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) से मंजूरी लेकर 21:25 से 22:08 बजे तक 43 मिनट के लिए चेन्नई से 25 समुद्री मील उत्तर-पूर्व की ओर परिक्रमा की। चेन्नई में रनवे 25 के लिए विमान को मंजूरी मिलने के बाद 22:19 बजे विमान को एटीसी द्वारा मिस्ड अप्रोच करने का निर्देश दिया गया, क्योंकि गल्फ एयर की उड़ान GFA053 (चेन्नई-बहरीन) ने रनवे के बाईं ओर मलबा होने की सूचना दी थी। इसके बाद रनवे का निरीक्षण किया गया और कुछ भी नहीं देखा गया। इसके बाद विमान को लैंडिंग की मंजूरी दे दी गई और विमान 22:39 बजे पर सुरक्षित रूप से उतर गया।



एअर इंडिया ने कहा कि रविवार को दिल्ली से आने वाली उड़ान AI2455 देरी से तिरुवनंतपुरम पहुंची थी। इसलिए विमान को 49 मिनट की देरी से 20:04 बजे तिरुवनंतपुरम से दिल्ली रवाना किया गया। कंपनी ने कहा कि तिरुवनंतपुरम-दिल्ली उड़ान के चालक दल ने प्रोटोकॉल का पालन किया और रनवे पर संदिग्ध विदेशी मलबे की उपस्थिति के कारण लैंडिंग का पहला प्रयास रद्द करना पड़ा। कंपनी ने कहा कि उड़ान को चेन्नई डायवर्ट करने का निर्णय एक एहतियाती उपाय था और संदिग्ध तकनीकी समस्या के कारण यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा के लिए लिया गया था। चेन्नई में मौसम साफ होने के कारण उड़ान को बंगलूरु डायवर्ट नहीं किया गया।

## समलैंगिक जोड़े को सरेआम 80 कोड़े मारने की सजा, इंडोनेशिया की शरिया अदालत का फैसला

संबंध

**सजा के तहत दोनों पुरुषों को यौन कृत्य में शामिल होने के लिए 80-80 कोड़े मारे जाएंगे। अकेह में शरिया कानून लागू है और समलैंगिक संबंधों की इजाजत नहीं है।**



**जकार्ता।** अकेह को मुस्लिम बहुल इंडोनेशिया के अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक रूढ़िवादी माना जाता है और यह एकमात्र राज्य है जहां इस्लामी शरिया कानून लागू है। सोमवार को अकेह की शरिया अदालत द्वारा दिया गया फैसला, समलैंगिकता के लिए सार्वजनिक रूप से कोड़े मारने की सजा का पांचवां मामला है। इंडोनेशिया के रूढ़िवादी अकेह प्रांत में एक शरिया अदालत ने समलैंगिक जोड़े को सार्वजनिक तौर पर कोड़े मारने की सजा सुनाई। सजा के तहत दोनों पुरुषों को यौन कृत्य में शामिल होने के लिए 80-80 कोड़े मारे जाएंगे। अकेह में शरिया कानून लागू है और समलैंगिक संबंधों की इजाजत नहीं है। अकेह की इस्लामी धार्मिक पुलिस ने आरोपी जोड़े को यौन कृत्य करते हुए पकड़ा और अब शरिया अदालत ने दोनों को सजा सुनाई है। अकेह की राजधानी बांदा में स्थित इस्लामी शरिया अदालत ने बंद दरवाजों के पीछे सुनवाई की। अगर मामला व्याभिचार से जुड़ा है तो शरिया अदालत को अधिकार है कि वह सुनवाई में लोगों की पहुंच को सीमित कर सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 20 और 21 साल के दो पुरुषों को अप्रैल में गिरफ़्तार किया गया था। दोनों बांदा के एक सार्वजनिक पार्क के शौचालय में साथ जाते देखे गए थे। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी इस्लामी धार्मिक पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शौचालय का दरवाजा तोड़ा तो कथित तौर पर दोनों आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। अकेह को मुस्लिम बहुल इंडोनेशिया के अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक रूढ़िवादी माना जाता है और यह एकमात्र राज्य है जहां इस्लामी शरिया कानून लागू है। सोमवार को अकेह की शरिया अदालत द्वारा दिया गया फैसला, समलैंगिकता के लिए सार्वजनिक रूप से कोड़े मारने की सजा का पांचवां मामला है। साल 2015 में अकेह में इस्लामी कानून लागू किए गए थे।

## पीओके के गिलगित-बाल्टिस्तान में बाढ़ की तबाही, भूस्खलन में नौ लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बार-बार आने वाली हीटवेट और तापमान में रिकॉर्ड बढ़ोतरी के चलते ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हो गई है, जिससे क्षेत्र में बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं बढ़ गई हैं।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित क्षेत्र में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई हुई है। गिलगित बालटिस्तान के दान्योर नाला इलाके में रविवार रात हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत की खबर है। भूस्खलन की चपेट में आए लोग एक क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत के काम में जुटे थे। इसी दौरान मिट्टी का एक बड़ा ढेर मजदूरों पर गिर गया, जिसमें दबकर कई की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद स्थानीय अस्पतालों में आपात स्थिति घोषित कर दी गई है और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान चलाया जा रहा है। अस्पताल के अधिकारियों ने नौ लोगों की मौत की पुष्टि की है और आशंका जताई है कि अभी और लोग मलबे में फंसे हो सकते हैं। एक अन्य घटना में, बीते शुक्रवार को शिश्पर ग्लेशियर से एक हिमनद झील में गिर गया, जिससे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अचानक बाढ़ आ गई। इस बाढ़ में पाकिस्तान को चीन से जोड़ने वाला कराकोरम राजमार्ग का एक हिस्सा बह गया। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बाढ़ से सुरक्षा दीवार तबाह हो गई और बाढ़ का पानी खेतों में भर गया। साथ ही 50 से ज्यादा घर भी खतरे में आ गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि हसनाबाद नल्ला में साल 2018 के बाद ये सबसे भीषण बाढ़ आई है। बाढ़ से सिंचाईं और पीने के पानी की व्यवस्था को नुकसान हुआ है। इससे हजारों लोग पीने के पानी से भी मोहताज हो गए हैं। हुनजा के अलियाबाद और नजदीकी गांवों की बड़ी आबादी का मुख्य सड़क से कनेक्शन कट गया है। बाढ़ से नगर खास में हॉपर घाटी का रास्ता अवरुद्ध हो गया है। पुल के टूटने से कई इलाके मुख्य इलाकों से कट गए हैं।

तबाही

**पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित क्षेत्र में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई हुई है।**



## वॉशिंगटन में बेघरों और अपराधियों पर ट्रंप सख्त, नेशनल गार्ड की कर सकते हैं तैनाती



**वॉशिंगटन।** वॉशिंगटन की मेयर मुरीयल बोजर ने नेशनल गार्ड्स की तैनाती का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि नेशनल गार्ड्स की तैनाती के बजाय केंद्र सरकार को अभियोजकों की तैनाती बढ़ाने और डीसी सुपीरियर कोर्ट में खाली पड़े 15 पदों को भरने की अपील की।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राजधानी वाशिंगटन में बेघरों और अपराधियों से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में संकेत दिए कि बेघरों को घर दिया जाएगा और अपराधियों को जेल में डाला जाएगा। जिस पर शहर के मेयर ने चिंता जाहिर की और राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर गश्त के लिए नेशनल गार्ड के संभावित इस्तेमाल पर असहमति जाहिर की।

ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि उन्होंने सोमवार सुबह 10 बजे व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने की योजना बनाई है, जिसमें डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया को पहले से कहीं ज़्यादा सुरक्षित और सुंदर बनाने की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। बेघरों को तुरंत बाहर जाना होगा। हम आपको रहने के लिए जगह देंगे, लेकिन राजधानी से बहुत दूर। अपराधियों, आपको बाहर जाने की ज़रूरत नहीं है। हम आपको जेल में डाल देंगे जहां आपकी जगह है।

बीते हफ्ते ट्रंप ने संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया था कि वे वॉशिंगटन में अपनी मौजूदगी बढ़ाएं। शुक्रवार रात को संघीय जांच एजेंसियों जैसे सीक्रेट सर्विस, एफबीआई और यूएस मार्शल सर्विस ने 120 से ज्यादा अधिकारियों को वॉशिंगटन पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी है। ट्रंप ने वॉशिंगटन में बढ़ते अपराध पर चिंता और नाराजगी जाहिर की। ट्रंप की यह टिप्पणी सरकारी दक्षता विभाग के एक अधिकारी पर हमले के बाद सामने आई। साथ ही वॉशिंगटन में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर भी ट्रंप नाराजगी जता चुके हैं। ट्रंप राजधानी में नेशनल गार्ड्स की तैनाती पर भी विचार कर रहे हैं।

वहीं वॉशिंगटन की मेयर मुरीयल बोजर ने नेशनल गार्ड्स की तैनाती का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि नेशनल गार्ड्स की तैनाती के बजाय केंद्र सरकार को अभियोजकों की तैनाती बढ़ाने और डीसी सुपीरियर कोर्ट में खाली पड़े 15 पदों को भरने की अपील की। मेयर ने कहा कि ये पद कई वर्षों से खाली पड़े हैं।

## विदेशी अपराधियों को सजा मिलते ही देश वापस भेजेगा ब्रिटेन, डिपोर्ट के बाद होगी अपील

योजना

**यूके होम ऑफिस के मुताबिक, पहले यह योजना केवल 8 देशों पर लागू थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 23 देशों तक कर दिया गया है।**

**लंदन।** ब्रिटेन ने 'डिपोर्ट नाऊ अपनी लेटर' योजना का दायरा बढ़ाकर 23 देशों तक कर दिया है, जिसमें भारत भी शामिल है। अब विदेशी अपराधियों को सजा मिलने के बाद अपील से पहले ही देश से बाहर भेजा जाएगा। वे



अपने देश से वीडियो लिंक के जरिए अपील कर सकेंगे। सरकार का कहना है कि यह कदम सुरक्षा मजबूत करने और टैक्सपेयर पर बोझ कम करने के लिए उठाया गया है।

ब्रिटेन ने विदेशी अपराधियों पर सख्ती बढ़ाते हुए अपनी 'डिपोर्ट नाऊ अपील लेटर' योजना का दायरा तीन गुना कर दिया है। इस नई सूची में भारत भी शामिल हो गया है, जिसके तहत अपराधियों को सजा मिलने के बाद अपील से पहले ही देश से बाहर भेज दिया जाएगा। यूके का कहना है कि यह कदम उनके इमीग्रेशन सिस्टम के दुरुपयोग को रोकने और सुरक्षा मजबूत करने के लिए उठाया गया है।

यूके होम ऑफिस के मुताबिक, पहले यह योजना केवल 8 देशों पर लागू थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 23 देशों तक कर दिया गया है। भारत के अलावा इस सूची में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, केन्या, लेबनान, मलेशिया और कई अन्य देश शामिल किए गए हैं। इस योजना के तहत, अपराधियों को अपने देश से वीडियो लिंक के जरिए अपील करने का मौका मिलेगा, लेकिन वे यूके में रहकर यह प्रक्रिया नहीं कर पाएंगे। ब्रिटेन की गृह मंत्री यवेट कूपर ने कहा कि लंबे समय से विदेशी अपराधी अपील प्रक्रिया खींचकर यूके में वर्षों तक रुक जाते हैं, जिससे टैक्सपेयर पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। अब इस सिस्टम में सुधार करते हुए स्पष्ट संदेश दिया जा रहा है कि कानून का सम्मान होना चाहिए और अपराधियों को तुरंत उनके देश भेजा जाएगा। विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा कि इस योजना से सड़कों को सुरक्षित बनाने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मजबूत करने में मदद मिलेगी।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई 2024 से अब तक करीब 5,200 विदेशी नागरिकों को यूके से निकाला गया है, जो पिछले साल की तुलना में 14त्न अधिक है। नए कानून के तहत, अधिकांश विदेशी अपराधियों को अब केवल 30त्न सजा काटने के बाद ही देश से बाहर भेजा जा सकेगा। आतंकवादियों, हत्यारों और उम्रकैद की सजा भुगत रहे अपराधियों पर यह नियम लागू नहीं होगा।

यूके सरकार ने पांच मिलियन पाउंड खर्च कर 80 जेलों में विशेषज्ञ स्टाफ की तैनाती की है, ताकि तेजी से अपराधियों को निकाला जा सके। नए कानून से यह भी तय किया गया है कि ऐसे अपराधियों को वापस यूके में प्रवेश करने से हमेशा के लिए रोक दिया जाएगा। संसद में अगले सत्र में इस कानून को औपचारिक रूप से लागू करने की योजना है।

## नाराज ग्रामीणों ने बिजली उपकेंद्र घेरा, की नारेबाजी

**प्रयागराज।** बाढ़ के दौरान थरवई स्थित गोड़वां गांव में बिजली आपूर्ति महिनों से ठप चल रही। ऐसे में बीते 10 दिनों से मिल रही आधी-अधूरी वैकल्पिक बिजली आपूर्ति से नाराज ग्रामीणों ने बिजली उपकेंद्र का घेराव किया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए उनकी बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बहस हुई और अफसरों पर फोन न उठाने समेत कई अन्य आरोप लगाए।

गांव वालों का आरोप है कि वैकल्पिक व्यवस्था में सिर्फ तीन से चार घंटे ही बिजली आपूर्ति की जा रही है। कई बार वो भी नहीं । बाढ़ का पानी खत्म होने के बाद भी सप्लाई बहाल नहीं की गई। बाढ़ का पानी भर जाने की वजह से गोड़वा उपकेंद्र के तीनों फीडरों से जुड़े थरवई, गोड़वा, पंडिला, रंगपुरा, जैतवारडीह समेत करीब 24 से अधिक गांवों की आपूर्ति सोरांव उपकेंद्र से की जाने लगी थी। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत इस गांवों को तीन से चार घंटे ही बिजली मिल रही थी। उसमें भी लो वोल्टेज और बार-बार बिजली कटने की समस्या से लोग परेशान थे। गंगा के किनारे मौजूद गांवों में लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ती थी। बृहस्पतिवार को बाढ़ का पानी हट जाने के बाद आपूर्ति बहाल करने के लिए विभाग ने काम शुरू किया।

# वीर सपूतों के सम्मान में अपने-अपने घरों पर तिरंगा अवश्य करे प्रदर्शित : डीएम

- तिरंगा के सम्मान में अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा निकाली गयी तिरंगा रैली
- समस्त तहसीलों, विकास खण्डों में हर्षोल्लास के साथ निकाली जा रही है तिरंगा रैली



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में हर घर तिरंगा अभियान के द्वितीय चरण में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर अम्बेड़कर तिराहा होते हुए गांधी तिराहे पर समाप्त हुई। जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने महात्मा गांधी जी और अंबेडकर तिराहे पर डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। रैली में मदरसा जामियॉ मोमिया लिलवनात सिपाह, मदरसा रफीकुल इस्लाम गौराबादशाहपुर, मदरसा हकिमुउलूम बागेअरब सिपाह, जनककुमारी इण्टर कालेज, टी.डी. कालेज, बीआरपी इण्टर कालेज, मुक्तेश्वर बालिका इण्टर कालेज, सहित विभिन्न विद्यालयों द्वारा तिरंगा यात्रा में प्रतिभाग किया गया। तिरंगा यात्रा में जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, मदरसों के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, दिव्यांगजन, स्कूली छात्र छात्राएं, एनसीसी कैडेट और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन विभाग के द्वारा राष्ट्रध्वज के निर्माता, स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी, पिंगली वेंकैया के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गयी जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुई। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने कहा कि आज जिला प्रशासन के तत्वाधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अर्न्तगत तिरंगे के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गयी है। शिराज-ए-हिंद के नाम से प्रसिद्ध जनपद जौनपुर के सभी नागरिक राष्ट्र के प्रति सम्मान रखते है। तिरंगा रैली में जनपद के नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भव्य रैली में हिस्सा लिया। रैली में विशेष रूप से अल्पसंख्यक समूदाय के छात्र छात्राओं तथा शिक्षकगणों ने रैली में बढ़-चढ़कर भाग लिया है और सन्देश दिया है कि हम सब एक है तिरंगे के सम्मान में सबकुछ न्यौछावर कर देंगे और तिरंगे के सम्मान की रक्षा करेंगे। जिलाधिकारी ने रैली में आये बच्चों, शिक्षकों अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों का अभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों के भीतर राष्ट्र प्रेम जागृत करना, वीर सपूतों को याद करना और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक जुड़ाव को प्रदर्शित करना है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि 13, 14 और 15 अगस्त को अपने-अपने घरों पर तिरंगा अवश्य लगाएँ, यह उन वीरों के लिए सच्ची श्रद्धाजलि होगी जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। रैली में प्रतिभाग करने वाले दिव्यांगजन की सराहना करते हुए कहा कि जिस उत्साह और प्रेरणा के साथ दिव्यांगजन ने इस तिरंगा यात्रा में प्रतिभाग किया है यह इनकी जिजीवीषा और सकारात्मक ऊर्जा तथा देश प्रेम को प्रदर्शित करता है। इसी क्रम में वनवासी बस्तियों में भी तिरंगा रैली निकाली गयी और फल और मिष्ठान का वितरण किया गया। हर तिरंगा अभियान अन्तर्गत हर घर स्वच्छता रैली निकाली गयी। इसके साथ ही जनपद के परिषदीय विद्यालयों सहित समस्त विकास खण्डों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई।

## अब सुदनीपुर गांव में दिखाई दिया तेंदुआ

**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में आदमखोर तेंदुआ दहशत का पर्याय बन गया है। मलखानपुर धनैचा में सर्च आपरेशन चलने के बाद तेंदुआ भागकर पड़ोस के गांव सुदनीपुर में पहुंच गया है। यहां पर उसने बकरी के एक बच्चे का शिकार करने का प्रयास किया। हालांकि ग्रामीणों के शोर मचाने पर वह भाग निकला। इसके बाद गांव में दहशत फैल गई है। वन विभाग के लोग सर्च आपरेशन में जुट गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुआ एक झाड़ी में छिपकर बैठा है।

आदमखोर तेंदुआ मलखानपुर धनैचा गांव में शनिवार को एक बाजरे के खेत में घुस गया था। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से खेत को घेरकर जाल लगा दिया था। तेंदुआ गांव के राजेंद्र प्रसाद को घायल करते हुए जाल के ऊपर से भागकर निकल गया और दूसरे खेत में छिप गया। वन विभाग की टीम देखती रह गई। तेंदुआ को पकड़ने के लिए कानपुर ट्रैंकुलाइजर विशेषज्ञ को भी बुलाया गया है।

वह जेसीबी पर सवार होकर सर्च आपरेशन कर रहे हैं, लेकिन तेंदुआ का कहीं पता नहीं चल सका है। धनैचा गांव से निकलकर तेंदुआ रात में पड़ोस गांव सुदनीपुर में पहुंच गया है।

# हर घर तिरंगा के अंतर्गत निकाली गई बाइक यात्रा



- पीयू से गोद लिए कुकड़ीपुर, जासोपुर गांव में गई बाइक यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान 2025 के तहत सोमवार को तिरंगा बाइक यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा विश्वविद्यालय परिसर स्थित सरस्वती सदन, कुलपति कार्यालय से अपराह्न 12ः00 बजे कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

तिरंगे से सजी बाइकों पर सवार छात्र-छात्राओं के जोश और उमंग ने परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा विश्वविद्यालय परिसर से निकलकर आस-पास के गोद लिए गए जासोपुर, कुकड़ीपुर गांव में पहुंची। जहां ग्रामीणों ने भी

इस पहल का स्वागत किया। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारे वातावरण में गूंजते रहे।

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने उद्बोधन में कहा कि यह यात्रा न केवल राष्ट्रध्वज के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि युवाओं में देशभक्ति और एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह और समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. राकेश यादव, प्रो. राजबहादुर यादव, डॉ. अनुराग मिश्र ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नोडल डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका, डॉ राहुल राय, डॉ अमित मिश्र, डॉ. अवधेश मौर्य, डॉ. राजन तिवारी, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, ईश्वर श्रीवास्तव समेत कई शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। यात्रा का समापन विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# 10 वें पद ग्रहण समारोह का किया गया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 10 वें पद ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक / प्रबंधक श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव विद्यालय की निदेशिका श्रीमती कंचन यादव एवं प्रधानाचार्या श्रीमती बीना पी उथुप ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रवलन किया। तत्पश्चात सरस्वती वन्दना के उपरान्त कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। विद्यालय में बनाए गए चार सदन-राजगुरू, आजाद, सुभाष और भगत सदन के कप्तान और उपकप्तान को उनके सदन के ध्वज के सम्मान का उत्तरदायित्व दिया गया। कार्यक्रम को आगे बढाते हुए सांस्कृतिक, खेलकुद व अनुशासन विभाग के पदो पर भी बच्चों को उक्त विभाग के ध्वज को देकर गुरुतर उत्तरदायित्व हेतु प्रोत्साहित किया गया। संस्था के संस्थापक / प्रबन्धक श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने वाले सभी स्तंभों की अपनी-अपनी जिम्मेदारी होती है। आज के इस पद ग्रहण समारोह में विद्यार्थियों को उनकी जिम्मेदारी देते हुए कहा कि आप सभी विद्यालय के वो चार स्तंभ हैं जिनके द्वारा विद्यालय की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप से संचालित एवं अनुशासित किया जाएगा। प्रधानाचार्या श्रीमती बीना पी उथुप ने विद्यार्थियों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों को दिए गए दायित्वों से उनके सर्वांगीण विकास में सहायता मिलेगी, जो उनके भविष्य के निर्माण में एक अहम भूमिका निभाएगी।

## स्नान करते समय गंगा में डूबा इंस्पेक्टर का बेटा

**प्रयागराज।** फतेहपुर में तैनात इंस्पेक्टर का बेटा दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने स्नान के दौरान गंगा में समा गया। वह सोमवार की सुबह कार से चार दोस्तों के साथ वहां पहुंचा था। गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम उसे खोजने में लगी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनी कोतवाली क्षेत्र के खरकौनी मुहल्ले के निवासी रविंद्र कुमार सिंह फतेहपुर में इंस्पेक्टर हैं। उनका 24 वर्षीय बेटा अंशुमान सिंह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। सोमवार सुबह वह अपने चार दोस्तों के साथ बाढ़ देखने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल के समीप पहुंचा था।

देखते ही देखते सभी पानी में उतरकर स्नान करने लगे। इस दौरान अंशुमान गहरे पानी में समा गया। दोस्तों ने उसको बचाने के लिए शोर मचाया, लेकिन कोई मौके पर नहीं पहुंचा। घटना की जानकारी लेते हुए नई इंस्पेक्टर बृज किशोर गौतम एसीपी अरुण कुमार त्रिपाठी समेत एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। गोताखोर को भी पानी में उतरा गया। काफी मशक्कत के बाद भी अभी तक उसका सुराग नहीं लगा है।

# कैंसर रोकथाम और आधुनिक इलाज पर मंथन

- प्रयागराज में कैंसर उपचार की नई तकनीकों पर सेमिनार



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** ग्लोब हेल्थकेयर और इलाहाबाद नर्सिंग होम एवं डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य कैंसर रोग की जटिलताओं, उसके आधुनिक उपचार और बचाव के तरीकों के बारे में चिकित्सकों को जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों के प्रमुख डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। सेमिनार में ग्लोब हेल्थकेयर के ऑन्को-मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार चौधरी ने कहा कि आज कैंसर उपचार में इम्यूनोथेरेपी और टारगेटेड थेरेपी जैसी आधुनिक तकनीकों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। इनसे कई जटिल प्रकार के कैंसर का सफल उपचार संभव हो रहा है। उन्होंने डॉक्टरों को जागरूक करते हुए कहा कि समय पर निदान, उत्तम शल्य चिकित्सा तकनीक और बचाव के उपाय अपनाने से कैंसर के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। ग्लोब हेल्थकेयर लखनऊ के सीनियर कंसलटेंट डॉ. फरहान अहमद ने बताया कि हॉस्पिटल में अत्याधुनिक मशीनें स्थापित की गई हैं, जो रेडिएशन थेरेपी, कीमोथेरेपी, टारगेट थेरपी और इम्यूनोथेरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं। यहां मेडिकल ऑन-कॉल सुविधा और सर्जरी की संपूर्ण व्यवस्था भी मौजूद है, जिससे मरीजों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार का इलाज मिल सके। डॉ. फरहान ने चेताया कि कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि का मुख्य कारण आज की बिगड़ती जीवनशैली है। धूम्रपान, शराब सेवन, असंतुलित खानपान और शारीरिक गतिविधि की कमी इसके बड़े कारक हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 70 प्रतिशत कैंसर प्रिवेंटेबल हैं, जिन्हें सही जीवनशैली अपनाकर रोका जा सकता है। ग्लोब हेल्थकेयर की कैंसर टीम के मुख एवं गला कैंसर विशेषज्ञ डॉ. स्वाग्निक चक्रवर्ती ने मुख और गले के कैंसर के बचाव एवं शल्य चिकित्सा तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने तंबाकू और गुटखे के सेवन से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में नर्सिंगहोम और डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन, प्रयागराज के सचिव डॉ. व्यंजना पांडेय ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे सेमिनार समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री व शिक्षक नेता के माता का निधन लोगों ने जताया शोक



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** शिक्षक नेता व कंपोजिट विघालय जेठपुरा के प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश मिश्र की माता रमवतीं देवी (80) का लंबी बीमारी से शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया। दिवंगत का शव गद्दीपुर कजगावं पहुंचा तो विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, व शुभचिंतक घर पहुंच शिक्षक नेता व परिवार को ढाढस बंधाया। अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया है मुखाग्नि उनके पुत्र सत्य प्रकाश मिश्र ने दिया है।इस मौके पर संजय सिंह प्राथमिक शिक्षक संघ जिला संयोजक ,साजिद सिंह रामनाथ सोनकर, अनिल यादव, फिरोज अहमद खान अध्यक्ष नगर पंचायत कजगांव, पत्रकार राजेश मिश्रा, संजय सिंह,समी मोहम्मद आदि क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

### राऊटर जलने से बैंक का लेनदेन ठप

**जौनपुर (जफराबाद) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा नेहरूनगर (कल्याणपुर)में चार दिन पहले बरसात के पानी से बैंक राऊटर जल गया। तब से आज सोमवार को भी बैंक का उक्त राऊटर सही नही किया जा सका। हजारों ग्राहकों को काफी दिक्कत हो रही है। ज्ञात हो गुरुवार की रात को हुई अधिक बरसात से बैंक के अंदर पानी जमा हो गया। उस पानी से बैंक के कई इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक पार्ट भीग गया। भीगने से राऊटर जल गया। जिसके चलते शुक्रवार को पूरे दिन ग्राहकों को लेनदेन नही होने से काफी परेशानी हुई। उसके बाद शनिवार व रविवार को छुट्टी थी। सोमवार को बैंक के रीजनल ऑफिस से उक्त राऊटर को बनाने वाले आये थे। काफी प्रयास के बाद भी राऊटर नही बन पाया। उसे बनवाने के लिए मुख्यालय ले जाया गया। शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि कल से ग्राहकों का लेनदेन शुरू हो जाएगा।

### पूर्व आईपीएस का दावा- टोल प्लाजा पर अवैध वसूली

**प्रयागराज अवधनामा संवाददाता।** पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने यमुनानगर उमापुर टोल प्लाजा पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर बारा एसीपी और थाना प्रभारी के खिलाफ एक कथित व्हाट्सएप चैट वायरल की है।

पूर्व आईपीएस अधिकारी के अनुसार, टोल प्लाजा से हर महीने एसीपी को 1 लाख रुपये और थाना प्रभारी बारा को 70 हजार रुपये दिए जाते हैं। उनका दावा है कि यह वसूली संगठित तरीके से की जाती है और इसमें कई स्तरों के लोग शामिल हो सकते हैं।

डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। जांच टीम को सभी सबूत, वायरल चैट और संबंधित दस्तावेज एकत्रित करने के निर्देश मिले हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई होगी। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत भी केस दर्ज किया जा सकता है। इस घटना ने स्थानीय स्तर पर पुलिस की कार्यशैली और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीण और सामाजिक संगठन इस मामले में खुली जांच की मांग कर रहे हैं। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं।

# जल की एक-एक बूंद महत्वपूर्ण, संरक्षण के प्रति किया जागरूक

- पर्यावरण एवं जल संरक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** 'संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत भारत विकास परिषद शाखा आजमगढ़ के तत्वावधान में हरिऔध नगर कॉलोनी हीरा पट्टी में 'पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर कार्यक्रम किया गया। साथ ही 51 पौधों का रोपण एवं 51 तुलसी के पौधे वितरित किए गए। सर्वप्रथम मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। वंदे मातरम गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आनंद प्रकाश श्रीवास्तव ने सबका स्वागत किया एवं श्री कौशल कुमार राय ने स्वागत गीत गाकर सबका मन मुग्ध कर दिया। प्रांतीय संयोजक श्री बद्री प्रसाद गुप्ता द्वारा भारत विकास परिषद का विस्तार से उल्लेख किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं ई.वी. एम. विशेषज्ञ इंजीनियर कुलभूषण सिंह जी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से जल के एक-एक बूंद का महत्व बताया। गाड़ी का धुआं भी पर्यावरण को काफी नुकसान करता है इसके निराकरण के लिए अत्यधिक पौधों को लगाने की आवश्यकता है। मंचासीन प्रांतीय संरक्षक श्री अशोक अग्रवाल, कॉलोनी के अध्यक्ष श्री आशुतोष श्रीवास्तव, अध्यक्ष श्री सीताराम पांडेय ,सचिव डॉ देवेश दुबे, महिला सहभागिता श्रीमती सविता बरनवाल के अतिरिक्त शाखा गतिविधि संयोजक संस्कार श्री रमाकांत वर्मा ,शाखा गतिविधि संयोजक संपर्क श्री आर पी राय आदि रहे। अंत में शाखा अध्यक्ष श्री सीताराम पांडेय ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। संचालन अजय मिश्र ने किया।

वहीं इस अवसर पर श्री प्रवीण कुमार सिंह, आर पी श्रीवास्तव ,श्री बिरजा शंकर राय, पूर्व प्राचार्य डी ए वी डिग्री कॉलेज डॉक्टर निरंकार प्रसाद श्रीवास्तव, जे आर विश्वकर्मा, आनंद मोहन, ओमप्रकाश अग्रवाल, गोविंद दुबे, श्री प्रकाश राय ,राहुल सिंह, डॉ आर पी पांडेय ,डॉ हरिमोहन सिंह, अश्विन कुमार, डॉ नेहा दुबे, श्रीमती अल्का सिंह, नीलम श्रीवास्तव मैंना पांडेय ,मुन्नी उपाध्याय, सुरेंद्रनाथ उपाध्याय, सुशील चंद्र अस्थाना आदि उपस्थित रहे द्यकार्यक्रम में करीब 250 लोगों की उपस्थिति रही।

# कटरा में कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र के कटरा इलाके में नेतराम चौराहे पर रविवार देर रात एक गारमेंट की दुकान में आग लग जाने से लाखों रुपये के रेडीमेड कपड़े और अन्य सामान जलकर राख हो गए। घटना को लेकर पूरे इलाके में अफरातफरी मची रही। फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्नलगंज थाना क्षेत्र के कटरा में कचहरी रोड पर प्रेम दीप इंटरप्राइजेज नाम से गारमेंट की दुकान है। रविवार की देर रात दुकान में रहस्यमय तरीके से आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान से लपटें उठती देख भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान मालिक ने बताया कि मकान मालिक और किराएदार के बीच विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में लंबित है। साजिश के तहत आग लगाने का आरोप लगाया गया। कहा कि लाखों रुपये के कपड़े जल गए हैं।

# एल्बेंडाजोल की टेबलेट सभी बच्चों को खिलाया जाना आवश्यक है : डीएम

अवधनामा संवाददाता




**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर कुं.आर.सी. कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाते हुए कहा कि कृमि संक्रमण चक्र की रोकथाम के लिए एल्बेंडाजोल की टेबलेट सभी बच्चों को खिलाया जाना आवश्यक है, क्योंकि बच्चों में कृमि संक्रमण के लक्षण कभी-कभी तुरंत दिखाई नहीं देते, परन्तु कृमि बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सम्पूर्ण विकास को लम्बे समय तक नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होने कहा कि कृमि संकमण की एल्बेंडाजोल टेबलेट से बच्चों का सम्पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है, कीड़ों की गोली एल्बेण्डाजोल खिलाने से बच्चों में एनीमिया की कमी दूर होगी साथ ही पोषण स्तर में भी वृद्धि होगी, बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होगा, उनका वजन भी बढ़ेगा, प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होगी, बच्चों के शारीरिक विकास पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होने कार्यक्रम में छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है, आपके जीवन का यह सबसे स्वर्णिम काल चल रहा है, आपको शिक्षा ग्रहण करने के लिए सबसे ज्यादा जरूरत स्वस्थ्य मस्तिष्क की है, जब आपका शरीर स्वस्थ रहेगा तो आपका मस्तिष्क भी ठीक रहेगा, आज प्रत्येक आदमी स्वास्थ्य को लेकर सजग हुआ हैं अधिकांश लोग चाहते हैं कि वह स्वस्थ रहें, स्वास्थ्य की कीमत प्रत्येक व्यक्ति समझ चुका है। श्री सिंह ने कहा कि जब 1947 में जब हम स्वतंत्र हुए थे तब देशवासियों की औसत आयु केवल 35 वर्ष थी, आजादी के बाद के इन 78 वर्षों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, मानव की जागरूकता के फलस्वरुप काफी परिवर्तन आया है, आज 35 वर्ष का व्यक्ति युवा वर्ग की श्रेणी में है। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी ने लक्ष्य रखा है कि वर्ष 2047 तक जब हम आजादी के 100 वर्ष का जश्न मना रहे होगें तब तक हमारा देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में हो, विकसित राष्ट्र के लिए देश के भविष्य बच्चों का सेहतमंद होना बहुत ही जरूरी है।

# हर घर तिरंगा गीत का डीएम और सीडीओ ने किया विमोचन

- नन्हे साई बंधुओं ने बिखेरा है आवाज का जादू



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** आज़ादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत साई ब्रदर्स प्रयागराज द्वारा निर्मित हर घर तिरंगा गीत का भव्य विमोचन जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने गीत की सराहना करते हुए कहा कि यह गीत न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल करता है, बल्कि नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं जागरूकता भी बढ़ाता है। जिला अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने आश्वासन दिया कि इस गीत को पूरे प्रयागराज में लगे पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम पर प्रसारित किया जाएगा, जिससे प्रत्येक नागरिक तक हर घर तिरंगा अभियान का संदेश पहुंचे और अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल हों। साई ब्रदर्स प्रयागराज ने इस अवसर पर सभी नागरिकों से अपील की कि वह तिरंगा फहराकर और इस गीत को अपनाकर देश की एकता, अखंडता और गौरव में अपना योगदान दें।

# 13 दिन बाद खुला श्री बड़े हनुमान जी मंदिर

- भक्तों में उमड़ा उत्साह, लंबी कतारें लगीं दर्शन की

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** संगम तट पर स्थित प्रसिद्ध श्री बड़े हनुमान मंदिर के कपाट आज सोमवार को विधिपूर्वक पूजन-अर्चन के बाद भक्तों के दर्शन हेतु खोल दिए गए। बीते 13 दिनों से गंगा नदी के बढ़े जलस्तर के कारण मंदिर जलमग्न होने की स्थिति में बंद कर दिया गया था। इस बार गंगा जल का स्तर इतना बढ़ गया था कि मंदिर परिसर पूरी तरह डूब गया था।

यह तीसरा अवसर है जब गंगा मां ने श्री बड़े हनुमान जी को अपने जल से स्नान कराया है। इससे पहले जुलाई में दो बार मंदिर में बाढ़ का पानी घुसने के कारण मंदिर को बंद करना पड़ा था। लेकिन इस बार जलस्तर काफी अधिक बढ़ गया था, जिससे मंदिर 14 दिनों तक बंद रहा। मंदिर प्रशासन द्वारा लगातार स्थिति पर नजर बनाए रखने के बाद आज जब जलस्तर कम हुआ, तब साफ-सफाई और पूजा के बाद पट खोले गए।आज सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर की विशेष सफाई की गई। इसके बाद परंपरा के अनुसार श्री बड़े हनुमान जी का महाभिषेक किया गया। पुजारी महंत नरेंद्र गिरी जी के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महाआरती संपन्न हुई और पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। मंदिर में हर ओर भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखा गया। जैसे ही मंदिर के कपाट खुलने की सूचना फैली, श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर की ओर उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर परिसर में मौजूद थे। 13 दिनों के लंबे इंतजार के बाद आज 14वें दिन भक्तों को अपने आराध्य के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंदिर प्रशासन ने व्यवस्था संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल और स्वयंसेवकों की तैनाती की थी। मंदिर के प्रमुख पुजारी महंत बलबीर गिरी जी महाराज ने बताया कि त्रिवेणी मैया की कृपा से श्री बड़े हनुमान जी महाराज ने 13 दिन जलशयन किया। यह एक दुर्लभ दृश्य होता है जब गंगा जल स्वयं भगवान को स्नान कराता है। आज परंपरा के अनुसार महाभिषेक और विशेष पूजा के साथ मंदिर के पट खोले गए हैं। अब श्रद्धालु सामान्य रूप से दर्शन कर सकते हैं। प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। जलस्तर कम होने के बावजूद सुरक्षा के दृष्टिकोण से बैरिकेडिंग, संकरी गलियों की सफाई, पेयजल व्यवस्था और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा को बहाल किया गया है। साथ ही, नगर निगम की टीम ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया।

# बीएसई ने एसएमई को मुख्य बोर्ड में स्थानांतरित करने के लिए ढांचे को किया मजबूत

**मुंबई।** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने सोमवार को मुख्य बाजार में आने की इच्छुक लघु व मध्यम उद्यम (एसएमई) कंपनियों व अन्य




एक्सचेंजों में सूचीबद्ध कंपनियों जो प्रत्यक्ष रूप से सूचीबद्ध होने की इच्छुक हैं, के लिए पात्रता मानदंडों को कड़ा कर दिया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने सोमवार को मुख्य बाजार में आने की इच्छुक लघु व मध्यम उद्यम (एसएमई) कंपनियों व अन्य एक्सचेंजों में सूचीबद्ध कंपनियों जो प्रत्यक्ष रूप से सूचीबद्ध होने की इच्छुक हैं, के लिए पात्रता मानदंडों को कड़ा कर दिया है। बीएसई ने एक बयान में कहा कि इस कदम का उद्देश्य पारदर्शिता, प्रकटीकरण को बढ़ावा देना और इस तरह लिस्टिंग की गुणवत्ता में सुधार करना है।

परिवर्तन के एक भाग के रूप में, एसएमई के स्थानांतरण या मेनबोर्ड पर प्रत्यक्ष लिस्टिंग के लिए, एक्सचेंज ने पिछले 3 वित्तीय वर्षों में परिचालन लाभप्रदता की आवश्यकता को बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया है। नए निर्देशों के अनुसार हर वित्तीय वर्ष में न्यूनतम परिचालन लाभ 10 करोड़ रुपये होना चाहिए। वहीं पहले 3 में से कम से कम 2 वित्तीय वर्षों में सकारात्मक परिचालन लाभ की आवश्यकता थी।

इसके अलावा, माइग्रेशन या प्रत्यक्ष लिस्टिंग के माध्यम से मुख्य बोर्ड पर आने की इच्छुक कंपनियों में पिछले छह महीनों के दौरान सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या के कम से कम 5 प्रतिशत का कारोबार जरूरी कर दिया गया है। यह कारोबार छह महीने की अवधि के दौरान कम से कम 80 प्रतिशत दिनों में होना चाहिए। इसके अलावा, कंपनियों के पास पिछले तीन वित्तीय वर्षों में प्रत्येक वर्ष कम से कम 3 करोड़ रुपये की शुद्ध मूर्त संपत्ति होनी चाहिए। उनके पास तीन वर्षों का अनुपालन ट्रैक रिकॉर्ड भी होना चाहिए।

# अच्छे मानसून के कारण खरीफ सीजन में धान की बुवाई 12% बढ़ी



**नई दिल्ली।** कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार अच्छे मौसम के कारण खरीफ धान की बुवाई 12 प्रतिशत बढ़कर 365 लाख हेक्टेयर हो गई है। हालांकि गैर-खाद्यान्न श्रेणी में तिलहन और कपास की बुवाई में गिरावट आई है। चालू खरीफ सत्र में अब तक धान की बुवाई 12 प्रतिशत बढ़कर 364.80 लाख हेक्टेयर हो चुकी है। वहीं पिछले वर्ष इसी अवधि में धान की बुवाई 325.36 लाख हेक्टेयर में हुई थी। कृषि विभाग ने 8 अगस्त, 2025 तक खरीफ फसलों के अंतर्गत क्षेत्र कवरेज की प्रगति रिपोर्ट जारी की है।

**कपास, तिलहन का रकबा घटा**

सभी खरीफ फसलों का कुल बुवाई क्षेत्र 8 अगस्त तक बढ़कर 995.63 लाख हेक्टेयर हो गया। यह एक साल पहले 957.15 लाख हेक्टेयर था।

दलहनों का रकबा मामूली रूप से बढ़कर 106.52 लाख हेक्टेयर से 106.68 लाख हेक्टेयर हो गया, जबकि मोटे अनाजों का बुवाई रकबा 170.96 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 178.73 लाख हेक्टेयर हो गया।

गैर-खाद्यान्न श्रेणी में तिलहन का रकबा 182.43 लाख हेक्टेयर से घटकर 175.61 लाख हेक्टेयर रह गया। कपास का रकबा 110.49 लाख हेक्टेयर से घटकर 106.96 लाख हेक्टेयर रह गया। हालांकि, गन्ने की बुवाई अब तक 57.31 लाख हेक्टेयर में हुई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 55.68 लाख हेक्टेयर में हुई थी। कुल मिलाकर फसलों की बुवाई इस साल अधिक हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने इस वर्ष मानसून के सामान्य से अधिक रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

# टैफे ने अपने मैसी डाइनास्टार कॉन्टेस्ट सीज़न 2 का सफल समापन किया

**लखनऊ।** टैफे - ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, जो दुनिया के सबसे बड़े ट्रैक्टर निर्माताओं में से एक है और भारत में मशहूर मैसी फर्ग्यूसन ट्रैक्टर्स का निर्माता है, ने अपने मैसी डाइनास्टार कॉन्टेस्ट - सीज़न 2, 2025 सबसे बड़ा ऑलराउंडर की तलाश का सफल समापन किया। टैफे की यह अग्रणी पहल बहुमुखी मैसी फर्ग्यूसन डाइनाट्रैक 241 ट्रैक्टर की क्षमता से संचालित मौलिक, विस्तार योग्य और सामाजिक रूप से प्रभावशाली विचारों को खोजने और सम्मानित करने का उद्देश्य रखती है। सीज़न 2 में हुई प्रतियोगिता को लोगों ने बहुत पसंद किया। इसमें 26 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों से 16,000 से भी ज़्यादा एंट्री प्राप्त हुई, जिससे पता चलता है कि हमारे देश में खेती-बाड़ी में कितनी विविधता है। इन सब में से 12 फाइनलिस्ट चुने गए, जो 7 राज्यों - असम, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश - से थे। इस प्रतियोगिता में किसानों, गाँव के उद्यमियों और कृषि-छात्रों ने हिस्सा लिया, जिससे ज़मीनी स्तर पर नवाचार की एक बहुत ही जीवंत



संस्कृति देखने को मिली।

हाल ही में हुए ग्रैंड फिनाले में एक प्रतिष्ठित ग्रैंड जूरी थी, जिसमें सेल्स एंड मार्केटिंग, ऑपरेशंस, और प्रोडक्ट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों के अनुभवी लोग शामिल थे। फाइनलिस्ट का मूल्यांकन नवाचार, व्यावहारिकता, विस्तार की संभावनाओं, आय उत्पन्न करने की क्षमता और सामाजिक प्रभाव के आधार पर किया गया। ग्रैंड प्राइज़ कर्नाटक के बेलगाम के निवासी और आईटी कर्मचारी से किसान बने अविनाश देसाई को मिला।

# परंपरा का हिस्साः टाटा टी प्रीमियम इस स्वतंत्रता दिवस पर उत्तर प्रदेश की सांझी कला को सम्मानित कर रहा है

**लखनऊ।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का प्रमुख चाय ब्रांड, टाटा टी प्रीमियम, ने देश का गर्व इस मशहूर और प्रशंसित अभियान के 2025 संस्करण का शुभारंभ किया है। भारत की महान सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता टाटा टी प्रीमियम ने इस अभियान में भी जारी रखी है। पिछले कई सालों से टाटा टी प्रीमियम हर दिन की चाय और हर क्षेत्र के अलग-अलग, कला-रूपों के अनूठे मिलाप के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाता आ रहा है। इस बार भारत की कुछ प्रतिष्ठित कला-रूपों से प्रेरित हाथ से पेंट की गई कलात्मक केतली को देश का गर्व कलेक्शन में प्रस्तुत की गयी है।

टाटा टी प्रीमियम ने हर दिन की चाय की रस्मों से गहराई से जुड़ी हुई वस्तुओं के ज़रिए भारत की अलग-अलग क्षेत्रों की समृद्ध लोक कला को लगातार उजागर किया है चाहे वह साधारण कुल्हड़ हो, चाय का पारंपरिक कप हो, या इस साल की बहुत ही सुंदर केतली हो। हर एडिशन ख़ूबसूरती से परे जाकर, भारत की कलात्मक विरासत को आधुनिक और सार्थक तरीकों से संरक्षित, प्रचारित और आगे बढ़ाने के एक गहन मिशन को लेकर चलता है। जहां दुनिया अभी भारतीय शिल्प कौशल की सुंदरता को नए सिरे से समझना शुरू कर रही है, वहीं देश की चाय टाटा टी प्रीमियम ने पिछले कई सालों से देशवासियों की रोज़मर्रा की ज़िन्दगी में अपना विशेष स्थान बनाया है। इस वर्ष, टाटा टी प्रीमियम ने भारतीय लोक कला के संरक्षण के लिए समर्पित एक संस्था कौशलम के सहयोग से, देश का गर्व कलेक्शन में क्षेत्रीय कला रूपों से प्रेरित हाथ से पेंट की गई केतली प्रस्तुत की है।

उत्तर प्रदेश की केतली, मथुरा के घाटों पर फली-फूली पारंपरिक कागज़ की स्टेंसिल तकनीक, सांझी कला की बारीक नक्काशी से प्रेरित है। अपनी आध्यात्मिक प्रतीकात्मकता और समरूपता के लिए जानी जाने वाली इस केतली में ताजमहल, वाराणसी के घाट और एक सुंदर नर्तकी जैसे तत्व हैं, जिन्हें सांझी से प्रेरित पैटर्न में बहुत ही बारीकी से चित्रित किया गया है। इसके परिणाम स्वरुप उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक गहराई और भक्ति कलात्मकता का एक काव्यात्मक गान तैयार हुआ है।

इस साल के अभियान में समकालीनता को शामिल करने के लिए, एआई का उपयोग करके एक फिल्म बनाई गयी है। बहुत आकर्षक फिल्म में भारतीय कला के समृद्ध ताने-बाने को आज की पीढ़ी के करीब लाया गया है और साथ ही इसके आंतरिक सार को भी सम्मानित किया गया है। मशहूर गायक पीयूष मिश्रा ने अपनी खास आवाज़ और शैली से इस ब्रांड फिल्म के स्वाद को और बढ़ाया है।

टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड बेवरेजेस (भारत और दक्षिण एशिया) के अध्यक्ष श्री पुनीत दास ने कहा, टाटा टी प्रीमियम में, हमारी हाइपरलोकल रणनीति में हम मानते हैं कि भारत की समृद्ध विविधता ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। 'देश का गर्व प्रदेश की कला के साथ, हम न केवल कला का उत्सव मना रहे हैं, बल्कि भारत की समृद्ध चित्रकला को संरक्षित भी कर रहे हैं।

# केनस्टार के 'राखी टू द कूलेस्ट ब्रो' कैम्पेन ने देश को प्यार और आभार के बंधन में बांधा

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख होम अप्लायंस ब्रांडकेनस्टारने रक्षा बंधन के अवसर पर 'राखी टू द कूलेस्ट ब्रो'नामक एक भावनात्मक देशव्यापी कैम्पेन शुरू किया। इस पहल का उद्देश्य देश के सशस्त्र बलों को सम्मानित करना और नागरिकों व सैनिकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को और मजबूत करना था। कैम्पेन के तहत, केनस्टार ने पूरे भारत के लोगों से अपील की कि वे सीमाओं पर तैनात उन सैनिकों के लिए अपने हार्दिक संदेश भेजें, जो त्योहारी मौसम में अपने परिवार से दूर रहते हैं। इस पहल को देशभर से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली और कुछ ही हफ्तों में हज़ारों संदेश प्राप्त हुए, जिनमें सशस्त्र बलों के प्रति गहरी कृतज्ञता, प्रेम और सम्मान झलकता था। इन संदेशों को केनस्टार ने सावधानीपूर्वक चुनकर विशेष राखी किट में रूपांतरित किया और उन्हें व्यक्तिगत रूप से सशस्त्र बलों तक पहुंचाया, ताकि उन्हें घर की गर्मजोशी और अपनापन महसूस हो सके। रक्षा बंधन के अवसर परकेनस्टार के सीईओ श्री सुनील जैनने कहा,÷रक्षा बंधन सुरक्षा, प्यार और भावनात्मक बंधन का त्योहार है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ता है। इस साल, हमारे हैशटैग राखी टू द कूलेस्ट ब्रो कैम्पेन के माध्यम से केनस्टार को नागरिकों और हमारे बहादुर रक्षा नायकों के बीच एक सेतु बनने का सम्मान मिला। यह केवल एक कैम्पेन नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय एकता, कृतज्ञता और साझा भावनाओं का उत्सव था।÷ इस पहल के तहत एयरफोर्स स्टेशन में एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमे एयर फोर्स फैमिलीज़ वेलफेयर एसोसिएशन और आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की उपस्थिति रही। सोशल मीडिया पर हैशटैग राखी टू द कूलेस्ट ब्रो हैशटैग के साथ यह कैम्पेन तेजी से ट्रेंड करने लगा। प्रमुख इन्फ्लुएंसर्स, मीडिया हाउस और पूर्व सैनिक समुदायों ने इस पहल की खुलकर सराहना की।

# सलाकार' की स्पेशल स्क्रीनिंग ने जीता दिल, 8 अगस्त से जियोहॉटस्टार पर होगी स्ट्रीमिंग

**मुंबई।** जब जासूसी केवल एक मिशन न होकर कर्तव्य बन जाए, तब जन्म होता है 'सलाकार' जैसे रोमांचक थ्रिलर का। जियोहॉटस्टार पर 8 अगस्त से स्ट्रीम हो रही यह हाई-ऑक्टेन सीरीज़ 1978 और 2025 के बीच घटित सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। इसकी कहानी अधीर नाम के एक अंडरकवर जासूस के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसने अतीत में पाकिस्तान की परमाणु योजना को नाकाम किया था और अब, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में, उसी मिशन की परछाइयों और नई चुनौतियों का सामना कर रहा है। वफादारी को हथियार और खामोशी को सहारा बनाकर, 'सलाकार' निजी दुश्मनी और राष्ट्रीय कर्तव्य का रोमांचक संगम पेश करती है।

इस सीरीज़ में नवीन कस्तूरिया, मौनी रॉय और मुकेश ऋषि अहम भूमिकाओं में हैं। इसका निर्देशन फारूक कबीर ने किया है, जबकि निर्माण स्फीयरऑरिजिन्स और माहिर फिल्म्स ने किया है।

इस हफ्ते की शुरुआत में मुंबई




में आयोजित 'सलाकार' की विशेष स्क्रीनिंग महज एक प्रीमियर नहीं थी, बल्कि उन अनगिनत गुमनाम नायकों को एक खामोश सलाम थी, जो बिना किसी पहचान या सम्मान के देश की सेवा करते हैं। माहौल गर्व और सम्मान से भर गया, जब वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विश्वास नांगरे पाटिल और कृष्णा प्रकाश से लेकर दिशा पटानी, टाइगर श्रॉफ, नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी, नुसरत भरूचा, कैलाश खेर, आमिर अली और अहसास चन्ना जैसी जानी-मानी हस्तियां एक ऐसी कहानी देखने के लिए जुटीं, जो अक्सर पर्दे के पीछे रह जाती है। यह शाम असरदार बातचीतों और दिल छू लेने वाले पलों से सजी रही। सीरीज़ की संवेदनशीलता और प्रभाव को लेकर आईपीएस कृष्णा प्रकाश ने कहा, ÷कुछ कहानियां सिर्फ मनोरंजन करती हैं, और कुछ दिल के किसी कोने को गहराई से छू जाती हैं। 'सलाकार' दोनों करती है - और उससे भी कहीं ज़्यादा। इसने मुझे उन साथियों की याद दिला दी, जो बिना किसी हिचक के खतरे की ओर बढ़े, यह जानते हुए भी कि वे अपनी जीत या हार के बारे में कभी कुछ नहीं कह पाएंगे। इस सीरीज़ ने वे भावनाएं फिर से जगा दीं जिन्हें मैं बहुत पीछे छोड़ चुका था। यह गर्व से भर देने वाला अनुभव था। जियोहॉटस्टार और पूरी टीम को मेरी दिल से शुभकामनाएं। उम्मीद है यह सीरीज़ देश के हर कोने तक पहुंचे और लोगों को याद दिलाए कि कुछ लोग खामोशी से देश की सेवा करते हैं, ताकि हम सब सुकून से जी सकें। निर्देशक फारुक कबीर ने कहा - 'सलाकार' मेरे लिए सिर्फ एक स्पाई थ्रिलर नहीं, बल्कि एक मक़सद था – उन गुमनाम नायकों की कहानी कहने का, जो चुपचाप देश की सेवा करते हैं और उसी ख़ामोशी में अपना जीवन भी दे देते हैं। ऐसी कहानियां अक्सर सामने नहीं आ पातीं, इसलिए जब 'सलाकार' को दर्शकों ने इतने दिल से अपनाया, तो वह एहसास बेहद भावुक कर देने वाला था।

# बिरलानू लीकप्रूफ पाइप्स ने अपनी तकनीकी श्रेष्ठता को और मजबूत करने के लिए नया मार्केटिंग अभियान शुरू किया है




**नई दिल्ली।** सीके बिरला समूह की मल्टीबिलियन डॉलर कंपनी, CKA Birla Group की शाखा बिरलानू ने एक नया ब्रांड अभियान लॉन्च किया है, जो एक दमदार वादे पर आधारित है बिरलानू लीकप्रूफ पाइप्स के साथ अनंत मानसिक शांति। यह अभियान उपभोक्ताओं की सबसे बड़ी समस्या, यानी पाइप में रिसाव, को सीधे संबोधित करता है और बिरलानू के लीक प्रूफ पाइप्स को एक भरोसेमंद और टिकाऊ समाधान के रूप में स्थापित करता है। अभियान में बिरलानू के नवाचार, उच्च गुणवत्ता निर्माण, और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए उत्पादों को प्रमुखता से दिखाया गया है। पियूष बाचलौस CMO बिरलानू ने कहा यह कैंपेन वही बात दिखाता है जो हमें खास बनाती है लीक प्रूफ पाइप्स का भरोसा और हमारे वह ग्राहक जो हर दिन बिरलानू पर विश्वास करते हैं। रिसाव एक बड़ी समस्या है जो ग्राहकों को बार बार परेशान कराती है, इसलिए इस कैंपेन में इसे दो बच्चों की प्यारी बातचीत के ज़रिए दिखाया गया है। बिरलानू में हम प्रीसिजन तकनीक, टिकाऊ डिज़ाइन और कड़ी गुणवत्ता के साथ मानसिक शांति देने की कोशिश कर रहे हैं। यह अभियान सिर्फ समस्या का हल नहीं, बल्कि हमारे ग्राहकों से गहरा संबंध बनाने और भविष्य के जल प्रबंधन के लिए उम्मीदें जगाने का वादा भी है। बिरलानू पाइप्स के अंतर्गत हम 20 से अधिक उत्पाद श्रेणियों की एक व्यापक पोर्टफोलियो प्रदान करते हैं, जिनमें शामिल हैं- cPVC, uPVC, SWR, साइलेंट, भूमिगत निकासी, फोमकोर, प्रेशर, कॉलम, केसिंग, HDPE, MDPE, गैस, इलेक्ट्रोफ्यूज़न फिटिंग्स, जल टैंक और अन्य। हमारा नवाचार TruFiT तकनीक लीक प्रूफ गारंटी की मूल अवधारणा है।

फिटिंग मोल्ड और पाइप एक्सट्रूज़न दोनों स्तरों पर अत्यंत सटीक इंजीनियरिंग के साथ, TruFiT तकनीक पाइप और फिटिंग्स के बीच पूर्ण सामंजस्य सुनिश्चित करती है, जिससे लीक फ्री जोड़ संभव होते हैं। ब्रांड के नो लीकेज वादे पर आधारित यह अभियान एक मज़ेदार और रूपक कहानी के जरिए इस भरोसे को जाहिर करता है। कहानी में दो नटखट बच्चे हैं, जो पाइप के जरिए अपने राज़ साझा करते हैं यह दिखाते हुए कि पाइप पूरी तरह से ली क फ्री है, न तो एक बूंद पानी बाहर निकलती है और न ही कोई लीकेज होती है।

# क्रोमा में स्वतंत्रता दिवस के लिए शानदार डील्स- इलेक्ट्रॉनिक्स, उपकरणों और अन्य उत्पादों पर 50% तक की छूट

**नई दिल्ली।** टाटा परिवार के एक सदस्य, भारत की पहली और सबसे भरोसेमंद ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर कंपनी क्रोमा ने अपने बहुप्रतीक्षित स्वतंत्रता दिवस सेल की घोषणा की है। क्रोमा के साथ इस स्वतंत्रता दिवस को वाकई खास बनाने के लिए तैयार हो जाइए। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स की एक विस्तृत श्रृंखला पर धमाकेदार डील्स और अब तक की सबसे बड़ी छूट दी जा रही हैं। 17 अगस्त 2025 तक इस सेल का लाभ उठाया जा सकता है। क्रोमा के देश भर में फैले 560 से ज़्यादा स्टोर्स में इस सेल में बंपर डील्स, बेहतरीन मूल्य, किफ़ायती दाम और बेजोड़ रेंज उपलब्ध हैं।

स्मार्टफोन से लेकर टीवी, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और कई अन्य उत्पादों को इस सेल में शामिल किया गया है। बेहतरीन कीमतों पर नवीनतम तकनीक में अपग्रेड करने का बेहतरीन मौका क्रोमा में मिल रहा है।

इन्फिनिटी रिटेल के प्रवक्ता ने कहा, इस स्वतंत्रता दिवस पर, क्रोमा ने अपनी अब तक के एक सबसे बड़ी सेल की शुरूआत की है, जिसमें कई श्रेणियों पर 50% तक की छूट दी जा रही है। इस सेल में 12,500 रुपये तक का एक्सक्लूसिव बैंक कैशबैक, आकर्षक एक्सचेंज बेनिफिट, ज़ीरो-कॉस्ट ईएमआई विकल्प और छात्रों के लिए विशेष ऑफर क्रोमा लेकर आया है। क्रोमा ने उपभोक्ताओं के लिए अपनी तकनीक को अपग्रेड करना और भी आसान बना दिया है। ये ऑफर क्रोमा के 560 से ज़्यादा स्टोर्स पर उपलब्ध हैं, जिससे पूरे भारत में ग्राहकों को एक सहज और सुविधाजनक खरीदारी का अनुभव प्राप्त होगा।

# दिमाग पे रखे लगाम सेंटर फ्रेश का नया टीवीसी ओवरथिंकिंग पर मज़ेदार तंज

परफेटी वैन मेल इंडिया के तहत आने वाला भारत का सबसे पसंदीदा च्यूइंग गम ब्रांड सेंटर फ्रेश एक ताज़गी भरा नया अभियान लेकर आया है, जो उपभोक्ताओं की ओवरथिंकिंग (ज़रूरत से ज़्यादा सोचने) की आदत पर आधारित है। यह आइडिया सेंटर फ्रेश के इंडिया ओवरथिंकिंग रिपोर्ट से प्रेरित है, जिसे यूगॉव के साथ साझेदारी में तैयार किया गया था। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि 81 प्रतिशत लोग रोज़ाना तीन घंटे से अधिक समय ओवरथिंकिंग में बिता देते हैं। इस इनसाइट पर मज़ेदार ट्विस्ट लाते हुए, नए विज्ञापन ÷दिमाग पे रखे लगाम के ज़रिए सेंटर फ्रेश को दिन में एक ताज़गी भरी टाइम आउट के रूप में पेश किया गया है एक आसान तरीका जो आपको ताज़गी के साथ फिर से वर्तमान में लौटा देता है। अनुराग अग्निहोत्री, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर वेस्ट, ओग्लिवी इंडिया, ने कहा हमने उन यूनिवर्सल ओवरथिंकिंग पलों को पकड़ने की कोशिश की, जिनसे लोग रोज़ाना चुपचाप जूझते हैं। जैसे डिलीट हुए मैसेज को लेकर ज़रूरत से ज़्यादा




सोचना, या यह सोचना कि आपकी अपनी नकदी कहीं रिश्वत जैसी तो नहीं लग रही – ये पल पूरी तरह दिखाते हैं कि कैसे सबसे छोटा ट्रिगर भी दिमाग को पूरी रफ़्तार से दौड़ा देता है। सेंटर फ्रेश अपनी ताज़गी के साथ वह छोटा लेकिन ताक़तवर पल बन जाता है, जो आपको हकीकत में लौटा देता है, आपके दौड़ते दिमाग पर ब्रेक लगा देता है। क्योंकि कई बार आपके ओवरथिंकिंग वाले दिमाग को बस एक 'रिफ्रेश' की ज़रूरत होती है। इस विज्ञापन फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी ने कहा जब मैंने इन विज्ञापनों का निर्देशन किया, तो सबसे रोमांचक बात यह थी कि ओवरथिंकिंग को दृश्य रूप में दिखाने का मौका मिला भीतर का अराजक माहौल, दिमाग का घूमता चक्र, और वे अजीब 'क्या हो अगर' वाले ख्याल, जो हम सबके पास होते हैं। इसे वास्तविक लेकिन हल्का-फुल्का रखना, पागलपन में हास्य ढूंढना, और इसे रिलेटेबल बनाना ही चुनौती थी। सेंटर फ्रेश का एक सरल बाधक के रूप में रोल एक छोटा सा पल जो आपको फिर से वर्तमान में लौटा दे इसमें खूबसूरती से फिट बैठता है। किसी ब्रांड का इनसाइट इतना समृद्ध और जुड़ाव भरा होना वाकई दुर्लभ है। इस अभियान के केंद्र में एक सरल लेकिन गहरी बात है ज्यादातर लोग छोटी-छोटी बातों पर भी ज़्यादा सोच लेते हैं। सेंटर फ्रेश दो नए और मज़ेदार टीवीसी लेकर आया है, जो रोज़मर्रा के लोगों को बेहद मामूली बातों पर ओवरथिंकिंग करते हुए हास्य और अपनापन के साथ दिखाते हैं।

# शेयर.मार्केट ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर जारी किए दिलचस्प आंकड़े

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर फोनपे के वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म शेयरडाटमार्केट ने भारत के युवा निवेशकों की म्यूचुअल फंड्स में बढ़ती भागीदारी पर दिलचस्प आंकड़े जारी किए हैं। हाल ही में 1 अगस्त 2024 से 31 जुलाई 2025 के बीच किए गए एनालिसिस के मुताबिक, कुल निवेशक में से 6 लाख निवेशक 18 से 30 वर्ष से उम्र के है, जो शेयरडाटमार्केट के निवेशको का 48% हिस्सा हैं डेटा से पता चलता है कि करीब 95% जेन ज़ी निवेशक म्यूचुअल फंड में अपने निवेश की शुरुआत इक्विटी फंड्स से करते हैं। इसका मतलब है कि युवा अब शॉर्ट टर्म सेविंग्स की जगह, ऐसे निवेश को ज़्यादा पसंद कर रहे हैं जिसमें जोखिम तो ज़्यादा है, लेकिन फ़ायदा भी ज़्यादा होने की उम्मीद है। इसके साथ ही, वे नियमित और अनुशासित ढंग से निवेश करना भी पसंद कर रहे हैं, जो उनके लंबे समय के फाइनेंशियल गोल्स के प्रति गंभीरता को दर्शाता है।युवा निवेशकों की भागीदारी के लिहाज़ से महाराष्ट्र (16%), उत्तर प्रदेश (11%) और कर्नाटक (8%) सबसे आगे हैं। ये आंकड़े दिखाते हैं कि देशभर में युवाओं के बीच निवेश को लेकर जागरूकता और रुचि तेज़ी से बढ़ रही है। लगभग 81% युवा निवेशक B30 (टॉप 30 शहरों के बाहर) जैसे जोधपुर, रायपुर, विशाखापट्टनम, गोरखपुर, मैसूर, जमशेदपुर और कोल्हापुर जैसे शहरों से आते हैं। यह बढ़ते हुए वित्तीय समायोजन और जागरूकता को दर्शाता है। लॉन्ग-टर्म के लिए वेल्थ बनाने के इरादे से, 92% युवा निवेशक हर महीने एसआईपी के ज़रिए निवेश करते हैं। इनका औसत निवेश लगभग 1000 है, जो 30 साल से ऊपर की उम्र वाले निवेशकों के मुकाबले करीब 18% कम है।लगभग 21% युवा निवेशकों ने कम से कम एक बार लंपसम निवेश का विकल्प चुना, जिसकी औसत राशि करीब 8000 रही। यह 30 वर्ष से अधिक आयु वाले निवेशकों की तुलना में लगभग 30% कम है।

# डीएसपी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया भारत का पहला फ्लेक्सीकैप इंडेक्स फंड

**लखनऊ।** डीएसपी म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए डीएसपी निफ्टी 500 फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 इंडेक्स नामक एक नया फंड लॉन्च किया है। यह फंड कम लागत वाली पहली फ्लेक्सीकैप निवेश रणनीति है। यह रणनीति केवल उच्च-गुणवत्ता वाले शेयरों में निवेश और गतिशील संकेतों (ट्रिगर) पर आधारित तेज़ गति वाले निवेश इन दोनों को जोड़ती है। भारत में पहली बार बनाए गए फ्लेक्सीकैप इंडेक्स का प्रदर्शन इस फंड की प्रगति में परिलक्षित होगा। इसे निवेशकों को लगातार बदलते शेयर बाजार में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। डीएसपी निफ्टी 500 फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 इंडेक्स फंड का न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 8 अगस्त, 2024 को निवेश के लिए खुला है और 22 अगस्त, 2025 को बंद होगा।

डीएसपी म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक और सीईओ कल्पेन पारेख ने कहा, निवेशकों के लिए चक्रीय विकास हासिल करने के लिए दो शर्तें महत्वपूर्ण हैं और वह है उचित मूल्यांकन पर उच्च गुणवत्ता वाली कंपनियों में निवेश करना। ये कारक समय के साथ मूल्य और गुणवत्ता के संदर्भ में काफी बदल जाते हैं। इस रणनीति के अनुसार, हम हमेशा फंड को तब लॉन्च करने में विश्वास रखते है जब स्टॉक अपने निम्नतम मूल्यांकन स्तर पर हों। इसलिए, हम पहला फ्लेक्सीकैप इंडेक्स फंड पेश कर रहे हैं और यह विविध बाजार पूंजीकरण वाली 30 उच्च गुणवत्ता वाली कंपनियों में निवेश करेगा।

डीएसपी म्यूचुअल फंड के पॅसिव्ह इन्व्हेस्टमेंट्स एवं प्रॉडक्ट्स विभाग के प्रमुख- सीएफए अनिल घेलानी ने कहा, डीएसपी निफ्टी 500 फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 इंडेक्स फंड एक पारदर्शी, नियम-आधारित दृष्टिकोण का इस्तेमाल करके गतिशील फ्लेक्सीकैप आवंटन और उच्च-गुणवत्ता वाले स्टॉक चयन को एकसाथ जोड़ता है। यह फंड बाजार में उतार-चढ़ाव के शोर से बचने, जटिलता को कम करने और निवेशकों को विभिन्न बाजार चक्रों में सार्थक रूप से भाग लेने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

डीएसपी म्यूचुअल फंड के मार्केट स्ट्रैटेजिस्ट और प्रोडक्ट्स प्रमुख साहिल कपूर ने कहा, ज़्यादातर निवेशकों को बाज़ार में अपने निवेश का समय तय करने और फंड आवंटन तय करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। फंड की रणनीति फ्लेक्सी-मोमेंटम-आधारित पुनर्संतुलन और अनुशासित गुणवत्ता स्क्रीनिंग के एक स्मार्ट संयोजन के माध्यम से निवेशकों के सामने आने वाली इन चुनौतियों का समाधान करती है, जिससे निवेश को गति और लचीलापन दोनों मिलता है।÷

इस फंड के साथ, निवेशकों को ध्यान में रखते हुए, कुशल, नियम-आधारित, लागत-प्रभावी तथा विभिन्न बाजार स्थितियों में काम करने के लिए तैयार की गई रणनीतियां प्रदान करके नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को डीएसपी और मजबूत कर रहा है।

डीएसपी निवेशकों को एसआईपी (SIP) के माध्यम से निवेश करने की सलाह देता है, क्योंकि मौजूदा समय में (खासतौर पर उच्च गुणवत्ता वाले स्मॉल और मिड-कैप शेयरों में) मूल्यांकन ऊंचे और अनिश्चित हो सकते हैं। एसआईपी से निवेशकों को समय के साथ औसत खरीद मूल्य पाने में मदद मिलती है, बाजार के उच्चतम स्तर पर खरीदारी के जोखिम को कम करती है, और इस फंड की निवेश फिलॉसफी–उच्च गुणवत्ता वाले व्यवसायों में अनुशासित, दीर्घकालिक निवेश–के अनुरूप रहती है। नया फंड इक्विटी निवेशकों के सामने आने वाली आम चुनौतियों का आसानी से समाधान करता है। उच्च-गुणवत्ता वाले शेयरों की पहचान करना और कम लागत पर लार्ज, मिड और स्मॉल कैप में स्वचालित रूप से इष्टतम आवंटन करना, ये प्रमुख चुनौतियाँ हैं जिनका यह फंड आसानी से समाधान करता है।

# उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ करने के उपायों पर प्रकाश डाला गया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक बाल शिक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। लखनऊ में एक उच्च स्तरीय राउंडटेबल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार की एकीकृत बाल विकास सेवा, सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट और मैरिको लिमिटेड शामिल हुए। इस कार्यक्रम का नाम था - ÷अर्ली फाउंडेशन्स, ब्राइट फ्यूचर्स÷। इसमें सरकार,सीएसआर, शिक्षा जगत और समाजिक संस्थाओं से जुड़े 80 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर राज्य में बच्चों के लिए आनंददायक, समावेशी और व्यापक प्रारंभिक शिक्षा मॉडल पर चर्चा की।

बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क 2022 के विचारों को आगे बढ़ाना था। इसमें खास ध्यान आंगनबाड़ी केंद्रों को खेल, सहयोग और उद्देश्य के माध्यम से बेहतर बनाना रहा।

श्रीमती लीना जौहरी, प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास, उत्तर प्रदेश ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्री-स्कूल शिक्षा एक नया विषय है। ऐसे संवाद बहुत जरूरी हैं, ताकि व्यवहारिक व प्रभावी रणनीतियां बन सकें। उन्होंने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर यानि ढांचा जरूरी है, लेकिन असली बदलाव तो तभी आएगा जब हम बच्चों के लिए जिज्ञासा जगाने वाला, माता-पिता को भरोसेमंद लगने वाला और अनुकूल वातावरण तैयार करें।

# लाखों माता-पिता की गोद सूनी होने के बाद मिली आजादी

**हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत 08 लाख झंडा वितरण करने की है योजना : डीएम**

**अवधनामा ब्यूरो**



तिरंगा यात्रा में शामिल मंत्री, डीएम व जिलाध्यक्ष



रामकोला में चेयरमैन सतीष चौधरी व पूर्व विधायक मदन गोविंद राव

**कुशीनगर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को जनपद स्तरीय तिरंगा मेला कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष बीज विकास निगम (दर्जा प्राप्त मंत्री) राजेश्वर सिंह एवं जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर तथा अन्य गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर दर्जा प्राप्त मंत्री राजेश्वर सिंह ने कहा कि इस तिरंगा मेले से सभी सभी युवाओं/छात्र/ छात्राओं एवं पूरे जनपद वासियों को देश के प्रति सच्ची सद्भावना देश के प्रति प्रेम व देश भक्ति का जज्बा जागृत करेगा। उन्होंने सभी से संकल्प लिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि इस देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी को आपस में मिल जुल कर देश के लिए एकजुटता पर बल दिया गया। उन्होंने देश की आजादी में वीर गति को प्राप्त करने वाले शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, शाहिद भगत सिंह, असफाकउल्लाह खान सहित अन्य वीर जवानों ने कम उम्र में देश की खातिर अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद कराया, इसके पीछे बहुत बड़ा त्याग/साहस रहा है। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि इस वर्ष पूरे देश में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर लगभग 05 करोड़ झंडा फहराया जाएगा। इसी क्रम में जनपद कुशीनगर में 08 लाख झंडे का वितरण कर जनपद के प्रत्येक घर में झंडा फहराने का कार्य किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि भारत देश एक सामान्य देश नहीं है, ये देवताओं द्वारा निर्मित देश है यहां राम, और कृष्ण, महादेव, ऋषि, मुनियों का देश है, ऐसे देश में हम सब पैदा हुए। उन्होंने कहा कि हजार वर्ष अपार संघर्ष के बाद आम जनमानस गुलामी को स्वीकार्य नहीं कर पाया अंततः गुलामी की जंजीरों से मुक्ति मिली इसके लिए लाखों माता-पिता की गोद सुनी होने के बाद आजादी मिली है।

## मोतीचक प्रमुख के नेतृत्व में निकाला गया तिरंगा यात्रा



**अवधनामा संवाददाता, मथौली बाजार, कुशीनगर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रमुख मोतीचक अर्चना सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक मुख्यालय से तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारे से पूरा क्षेत्र गूंजयमान हो उठा था। इस दौरान प्रमुख अर्चना ने कहा कि देश की आजादी में अपना सबकुछ न्यौछावर करने वाले शहीदों को भुलाया नहीं जा सकता है। तिरंगा यात्रा में खंड विकास अधिकारी मोतीचक श्वेता मिश्रा, एडीओ पंचायत रामायण गुप्ता, एपीओ संदीप, लिपिक हरिओम मिश्रा, भुवनेश्वर, रामू राव, कुंवर आकाश सिंह, मोहन सिंह, बंटी गुप्ता, सूर्य प्रताप सिंह, ब्रजेश गौंड, शिवेंद्र गुप्ता, सच्चिदानंद तिवारी, मुंजेश नारायण, राजकिशोर, विजय प्रताप सहित तमाम प्रधानगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बोदरवार की खाद घोडादेउर समिति से वितरित

**अवधनामा संवाददाता**




बंद पड़ा बोदरवार समिति

**बोदरवार, कुशीनगर।** बोदरवार परिक्षेत्र में यूरिया खाद के लिए हाहाकार मचा हुआ है ऐसे में बोदरवार समिति के लिए आवंटित खाद घोडादेऊर समिति से आनन फानन में वितरित कर दिया गया और बोदरवार समिति के मेंबरों को इसकी भनक तक नहीं लगने दिया गया जबकि यहां के किसान महंगे दामों पर यूरिया खरीदने के लिए विवश है।

सोमवार को हिन्दुस्तान टीम ने बोदरवार के आसपास क्षेत्रों में यूरिया के किल्लत पर जांच पड़ताल किया तो पता चला कि प्राइवेट दुकानों पर सुबह पांच बजे से आठ बजे तक और शाम को छः बजे से आठ बजे रात तक छः सौ रुपए प्रति बोरी के हिसाब से बिक रहा है। इस संबध में जब जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अगर इस तरह से दुकानदार मनमानी कर रहे है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होने आगे बताया कि बोदरवार समिति की खाद आवंटित थी और किसानों में वितरित कर दी गई। जब पूछा गया कि कब वितरित हुआ है यहां के मेंबर किसानों को कुछ पता ही नहीं है तो उनका कहना था कि इसकी पूरी जानकारी एआर कोआपरेटिव से लेकर बताती हूं। अंत में जब एआर कोआपरेटिव नीरज गोड से पूछा गया कि बोदरवार समिति की खाद आवंटित था तो कहां गया। इस पर उन्होंने कहा कि आपको कैसे पता है। उनसे बताया गया कि जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका सिंह ने बताया है तो कहने लगे कि बोदरवार समिति की पीओएस मशीन अपडेट न होने के कारण घोडादेऊर समिति से वितरित कराया गया है।

सबसे बडी बात है कि खाद बोदरवार समिति की थी और यहां के मेंबर किसानो को भी कानो कान खबर नहीं लगी। गुपचुप तरीके से निर्धारित मूल्य से ज्यादा दाम लेकर घोडादेऊर समिति से बेच दिया गया। किसानो का आरोप है कि बिना अधिकारियों के मिली भगत से ऐसा संभव नहीं था, जिलाधिकारी महोदय संज्ञान लेकर वितरण की पारदर्शिता की जांच कर उचित कार्रवाई करने का कष्ट करें ताकि किसानो तक उनके हक की खाद पहुंच सके।

# हाटा में तिरंगा यात्रा में दिखाई दिया देश भक्ति का जज्बा



**अवधनामा संवाददाता**

**हाटा, कुशीनगर।** सोमवर को हर घर तिंरगा के तहत सुबह 9 बजे एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष मुंशी सिंह के नेतृत्व में यह यात्रा हाटा के महाराणा चौक से निकली जहां सभी महापुरुषों की मूर्तियों की साफ-सफाई किया गया।

तत्पश्चात महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण, अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण, वीर अब्दुल हामिद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण, महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण तथा शहीद चौक पर माल्यार्पण किया गया।तथा इस यात्रा में सैकड़ों की सख्या में लोगो ने देश भक्ति का भाव लेकर सम्मलित हुवे। इस कार्यक्रम के संयोजक रामबचन सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश शाही, सह संयोजक संतोष श्रीवास्तव, सभासद मनीष रुगटा, सभासद प्रतिनिधी पन्नेलाल सिंह, श्रीराम मद्धेशिया, ऋषि त्रिपाठी, अश्वनी सिंह, अवधेश सिंह, विजय कुमार बरनवाल, आनन्द वर्मा, अनुराग कुशवाहा, प्रमोद सक्सेना, सुबास प्रसाद, प्रमोद शर्मा, अर्जुन गुप्ता, विशाल वर्मा, हरी गोंड, एवं सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल बगाही का किया निरीक्षण

**अमेठी/जगदीशपुर।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को गोवंश आश्रय स्थल बगाही का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संरक्षित गोवंशों की ईयर टैगिंग का काम अपूर्ण मिला।दो गोवंश बीमार भी मिले।

डी एम ने सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग कराने के साथ पशु चिकित्सा अधिकारी को गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश दिए। केयर टेकर ने बताया कि आश्रय स्थल में 200 से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। जिलाधिकारी ने सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बीमार गोवंशों की जानकारी लेते हुए पता चला कि वर्तमान में 2 गोवंश बीमार हैं, जिनका उपचार पशु चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है। चिकित्सक समय-समय पर आकर चिकित्सा सेवा प्रदान करते हैं। उन्होंने हरे चारे की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की और इसकी निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत, मचा कोहराम

**अवधनामा ब्यूरो**



**खड्डा थाना क्षेत्र के मठिया बुजुर्ग गांव की घटना**

**कुशीनगर।** खड्डा थाना क्षेत्र के मठिया बुजुर्ग गांव के रविवार दोपहर करीब दो बजे तालाब में स्नान के दौरान गांव के ही दो बच्चों सात वर्षीय हिमांशु और आठ साल की आफरीन की मौत हो गई। पोस्टमार्टम नहीं कराने के लिए करीब एक घंटे परिजनों ने पुलिस से बहस की। हालांकि बाद में वे तैयार हो गए। बच्चों की मौत से गांव में शोक की लहर है।

जानकारी के अनुसार, मठिया बुजुर्ग निवासी बुद्धिप्रकाश शर्मा का बेटा हिमांशु तथा उसके पड़ोसी अलहम अंसारी की बेटी आफरीन अन्य बच्चों के साथ रविवार दोपहर गांव के तालाब में स्नान करने गए थे। नहाने के दौरान हिमांशु और आफरीन गहरे पानी में चले गए और डूब गए। यह देख अन्य बच्चे डरकर तालाब से निकलकर भाग गए। उधर, काफी देर तक बच्चे नहीं दिखे तो परिजनों ने तलाश शुरू की, जब वे तालाब के पास पहुंचे तो दोनों का शव पानी में उतराया मिला।

इसकी जानकारी मिलते ही गांव वालों की भीड़ जुट गई। हिमांशु गांव के ही एक स्कूल में कक्षा एक का छात्र था। दो बच्चों की डूबने से मौत की सूचना पर थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पहले तो आफरीन के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। बाद में प्रधान तथा ग्रामीणों के समझाने-बुझाने पर राजी हुए।

# अमेरिका में आयोजित इंडिया डे परेड में शामिल हुए कुशीनगर विधायक पीएन पाठक

**अवधनामा संवाददाता**



अमेरिका शामिल हुए विधायक पीएन पाठक

**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने अमेरिका के नैशविले टेनिसी में आयोजित इंडिया डे परेड कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और इस कार्यक्रम की शुरुआत भारत और अमेरिका के राष्ट्रगान के साथ हुआ।

अमेरिका के नैशविले टेनिसी के सीनेटर व कांग्रेस मैंन ने विधायक पीएन पाठक को नेशनल फ्लैग देकर सम्मानित किया तथा विधायक पीएन पाठक ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा उन्हें भेट की। विधायक पीएन पाठक ने कहा कि उनके लिए गर्व की बात है, उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र कुशीनगर व भारत का प्रतिनिधित्व वैश्विक मंच पर किया। विधायक पीएन पाठक ने कहा अमेरिका के बोस्टन शहर में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ़ स्टेट लेजिस्लेचर्स (एनसीएसएल) सम्मलेन में 24 राज्यो और 21 राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 130 से अधिक भारतीय विधायकों के साथ पाठक ने कई महत्वपूर्ण वैश्विक सत्रों में भाग लिया और उन्होंने बताया की शासन व्यवस्था, दीर्घकालिक बुनियादी ढांचा, एआई, साइबर सुरक्षा और लोकतांत्रिक नवाचार के विषयों पर अध्यन मिला। विधायक ने बताया की यह यात्रा एक परिवर्तनकारी वैश्विक अनुभव वाला रहा। इस दौरान साथ में अटलांटा राज्य के राजदुत रमेश, ब्रदेश, विधायक रमेश चंद्र मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव सहित हजारों उत्तर भारतीय लोग उपस्थित रहें।

# पारिवारिक मामलों को चिन्हित कर, करें निस्तारण : प्रधान न्यायाधीश



**बद्री विशाल पाण्डेय**

**देवरिया।** माननीय अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया राम मिलन सिंह के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवरिया बद्री विशाल पाण्डेय के अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में पारिवारिक वादों के अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु प्री-ट्रायल बैठक आहूत किया गया।

माननीय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवरिया बद्री विशाल पाण्डेय के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत 13सितम्बर के सफलता हेतु प्री-ट्रायल बैठक में परिवार न्यायालयों में अधिक से अधिक संख्या में पारिवारिक वादों को चिंन्हित कर निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया। उनके द्वारा पारिवारिक वादों से संबंधित वादों पर चर्चा कर उसके निस्तारण हेतु बल दिया गया है जिससे पत्रावलियों को संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र के माध्यम से लगवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर लाभ उठाया जा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों का निस्तारण पक्षकारों के साथ आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा। इस बैठक में अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ब्रजेश मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## सचिव/अपर जिला जज ने किया राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण

**देवरिया।** आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम मिलन सिंह के मार्गदर्शन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व समय-समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जॉच व बच्चों को नियमित व्यायाम कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा राजकीय बाल गृह के परिसर, भण्डार कक्ष की साफ-सफाई हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया गया।

# विवेचना में लापरवाही, एसपी ने 6 विवेचकों को किया निलंबित

**अवधनामा ब्यूरो**

**छह विवेचकों की प्रारंभिक जांच के दिए आदेश**

**कुशीनगर।** पुलिस लाइन के कार्यालय में एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने खड्डा, पडरौना और कसया सर्किल में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा रविवार की रात को किया। इसमें विवेचना में लापरवाही बरतने वाले छह विवेचकों को लाइन हाजिर कर दिया और छह विवेचकों के खिलाफ प्रारंभिक जांच के लिए आदेश दिया है।

बताया जा रहा है कि एसपी ने चार थानों के 6 विवेचक को निलंबित किया है। इसमें थाना तुर्कपट्टी से 2, पडरौना से 1, कसया से 2, जटहां बाजार थाने से 1 विवेचक समेत 6 विवेचक हैं। इस कार्रवाई के बाद पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया है। गोष्ठी में सदर सर्किल से कुल 30 विवेचक, कसया से कुल 41 विवेचक, सर्किल खड्डा से कुल 26 विवेचक उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने विवेचकों को लंबित विवेचनाओं के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिए। सर्किल सदर के थाना कोतवाली पडरौना से 01 विवेचक को लाइन हाजिर, थाना तुर्कपट्टी से 02 विवेचकों को लाइन हाजिर व 02 विवेचकों के प्रारम्भिक जांच के आदेश दिए गये। थाना जटहा बाजार से 01 विवेचक को लाइन हाजिर किया गया। सर्किल खड्डा के थाना खड्डा से 01 व थाना नेबुआ नौरंगिया थाने के 01 विवेचक के प्रारम्भिक जांच के आदेश दिए। सर्किल कसया के थाना कसया के 02 विवेचकों को लाइन हाजिर करते हेतु उनके प्रारम्भिक जांच के आदेश दिए गये। एसपी द्वारा सभी विवेचकों को आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच, विधिक कार्यवाही, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जनपद स्तर पर चलाए जा रहे अभियानों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त, अवैध शराब और मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने, महिलाओं व बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, रात्रि गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

## जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**देवरिया।** देवरिया के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया।

पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओ को सुना गया और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया।

जिलाधिकारी देवरिया दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर द्वारा थाना कोतवाली में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना कोतवाली पर कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 02 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया।

# बस पर छूटे महिला के जेवर सहित बैग को ए आर एम ने वापस किया



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** अमेठी डिपो की बस में सवार छूटे एक महिला के बैग को महिला को बस स्टेशन पर बुलाकर वापस करके रोडवेज कर्मचारियों ने ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत किया है।बस स्टेशन के आसपास की सभी दुकानों पर ए आर एम काशी प्रसाद और रोडवेज कर्मियों की ईमानदारी की खासी चर्चा है।

शालिनी गुप्ता पत्नी ओम नारायण गुप्ता सुल्तानपुर प्रयागीपुर की रहने वाली है। अपने मायके शाहगंज से सुल्तानपुर आ रही थी, बस में उनका बैग छूट गया। जिसमें सोने के जेवरात नगद रुपया चांदी के पायल बिछुआ आदि सामान था जिसे उनके पति द्वारा फोन करके अवगत कराया गया । व्यवस्था लिपिक राजेंद्र कुमार द्वारा समस्त सामान बस से प्राप्त करके सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को उपलब्ध कराया गया सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा ओम नारायण गुप्ता को बस स्टेशन पर बुलाकर के सारा सामान उनको वापस दिया गया। उनके द्वारा उक्त खोया हुआ। सामान प्रकार के बड़ी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम अमेठी डिपो के चालक परिचालक सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक व व्यवस्था लिपिक केंद्र प्रभारी आदि को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कर्मचारी व अधिकारियों की सराहना की गई।

# प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पटल पर लहराया राष्ट्रीय गौरव और सम्मान का परचम : अमरेन्द्र सिंह पिंटू

**तिरंगा यात्रा निकाल भाजपा ने किया शहीदों का गुणगान**

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से स्थानीय ददन सदन तिराहे से डाक-बंगले तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच राष्ट्र प्रेम की भावना का संचार करते हुए आजादी के अमर शहीदों को नमन किया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता काशी तिवारी और पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने किया।

डाक-बंगले में बातचीत के दौरान पूर्व प्रमुख और भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने कहा कि राष्ट्र व्यापी तिरंगा यात्रा का मकसद अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए जनमानस को जागरूक करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए निरंतर प्रयास रत है। विश्व पटल पर राष्ट्रीय गौरव और सम्मान का परचम लहरा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विश्व गुरु के रूप में भारत की राष्ट्रीय पहचान को और मजबूत किया है। आपरेशन सिंदूर के बाद पड़ोसी देश अब भारत की तरफ तिरछी नजरों से देखने का साहस नहीं कर पा रहे हैं।

काशी प्रांत के वरिष्ठ भाजपा नेता काशी तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार शहीदों के सपनों को साकार कर रही है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से पूरा देश शहीदों को नमन कर रहा है। आपरेशन सिंदूर ने विघटन कारी ताकतों और आतंकवादी संगठनों को बड़ा संदेश दे दिया है।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह उर्फ डब्बू सिंह,देव? प्रकाश पाण्डेय,रवि प्रताप सिंह, विन्ध्येश्वरी प्रसाद दूबे,अजय कुमार तिवारी, राजीव सिंह, दर्शन यादव, विजय पाल उपाध्याय, अश्विनी कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह ,पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, गिरजा शंकर शुक्ल एंड, भूपेंद्र मिश्र, विवेक मिश्र, दिनेश तिवारी,इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, विजय पाल उपाध्याय, राजीव सिंह, दर्शन यादव आदि मौजूद रहे।

## सीएमओ ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की

**अमेठी।** सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत जनपद के सभी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल खिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर की।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित छात्राओं को कृमि से होने वाली विभिन्न बीमारियों के बचाव एवं लक्षण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक एल्बेंडाजॉल खिलाने से पहले खांसी, बुखार, सांस फूलना आदि लक्षणों की जांच कर लें और लाभार्थियों के कांटेक्ट हिस्ट्री के बारे में जान ले। जो बच्चे बीमार है या कोई दवाई ले रहे हैं उन्हें एल्बेंडाजॉल दवाई नहीं खिलाई जाएगी। जब बीमार बच्चे ठीक हो जाएगें तब उन्हें एल्बेंडाजॉल दवाई खिलाई जाएगी।

# सेंध काटकर एक ही रात दो घरों में चोरी

**बेटी की शादी के लिए रखा जेवर चोरी, पीड़ित रो रोकर हो जा रही बेहोश**

**अवधनामा संवाददाता**



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र में एक ही रात दो घरों में भीषण चोरी व एक घर में चोरी के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। रविवार की रात ग्राम पंचायत अजीजनगर में चोरों ने सेंध काटकर आभूषण व नगदी समेत लाखों का सामान चुरा लिए। इसके अलावा नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 9 में भी नगदी व आभूषण चोरी का मामला सामने आया है, जबकि एक घर में चोरी का प्रयास असफल रहा। एक ही रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। उधर लगातार गश्त के बावजूद भी चोरी से पुलिस के कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगा है।

जानकारी के अनुसार अजीजनगर गांव निवासी राम जनक यादव परिवार के साथ घर में सोए थे। देर रात चोर घर के पीछे दीवार में सेंध काटकर नकदी, आभूषण सहित लाखों का सामान उठा ले गए। सोमवार सुबह परिजन उठे तो दीवार में सेंध कटा देख दंग रह गए। सामान बिखरा हुआ देख परिवार के सदस्यों ने पुलिस को सूचना दी। राम जनक यादव के मुताबिक चोरों ने बॉक्स तोड़कर सोने का हार, नठिया, 15 हजार रुपए नगदी चुरा ले गये। उन्होंने बताया कि कुछ माह बाद बेटी की शादी तय थी उसी के लिए गहना खरीदकर रख रहा था। चोरी के बाद पीड़ित की पत्नी रो रोकर बेहोश हो जा रही थी। इसके अलावा उसी रात बगल के निवासी लतीफ के घर में भी चोरों ने सेंध काट रहे थे कि आज सुनकर परिजन उठ गए। जब तक उधर जाते की चोर फरार हो गए। रविवार की रात में ही नगर पंचायत मथौली के वार्ड नम्बर 9 रविंद्र नाथ टैगोर नगर निवासी सगीर रोजी रोटी के चक्कर में बाहर कमाने गये है। पत्नी सितारा अपने मायके गई थी। घर के मेन दरवाजा का ताला तोडकर चोर अन्दर घुस गए। घर में रखे बॉक्स को घर से लगभग 3 सौ मीटर दूर एक बागीचे में लेजाकर सोने का झुमका, मंगलसूत्र, चांदी का पाजेब, बच्चे का लाकेट सहित 4 हजार रूपया चुरा ले गये। सूचना पर पहुंचकर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। बता दें कि एक ही रात में तीन घरों में हुई चोरी से लोगों में दहशत का माहौल है। उधर पुलिसिया गश्त पर भी सवाल उठाए जा रहे है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कप्तानगंज चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि चोरी की घटना जानकारी हुई है, जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

# नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर

■ बिना चढ़ावा चढ़ाए नहीं होता कोई काम

**डा0अवधेश शुक्ला**

**सुल्तानपुर।** जनपद में नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विनियमित क्षेत्र शहरी क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत के कई निर्माण किया जा रहा है है। इन अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार शिकायतें दर्ज कराई गई, लेकिन कार्यवाही के नाम पर सब शून्य है।इससे साफ जाहिर होता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति की यहां खुल कर अनदेखी हो रही है।धारा 10 की नोटिस तो जैसे एक औपचारिकता बन कर रह गई है। इन इमारतों के मालिक न तो नोटिस से डरते हैं न ही कानून की परवाह करते है। इससे साफ संकेत मिलता है कि कही न कही नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारी भी इस पूरे भ्रष्ट तंत्र में शामिल हैं। यह पहली बार नहीं है, जब धारा 10 की नोटिस जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य जारी रहने की खबरें सामने आई हैं। पहले भी ऐसी अनेक खबरें मीडिया की सुर्खियां बन चुकी हैं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी कड़ी में एक ताजा मामला पयागीपुर चौराहे के निकट ट्रांसपोर्ट नगर में नगर पालिका सुल्तानपुर द्वारा व्यवसायिक दुकानों का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है।इस निर्माण के लिए न तो कोई मानचित्र स्वीकृत हुआ है न ही कोई वैध अनुमति ली गई है।

### क्या कहते हैं अवर अभियंता विनियमित क्षेत्र

अवर अभियंता विनियमित क्षेत्र उमेश चन्द्र का कहना है कि इस अवैध निर्माण के संबंध में उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी के आदेश पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुल्तानपुर को धारा 10 की नोटिस भेजी गई है।साथ ही कोतवाली पुलिस को भी निर्माण कार्य रोके जाने के लिए उपजिलाधिकारी सदर द्वारा लिखित रूप से सूचना भेजी जा चुकी है। लेकिन सूत्रों का दावा है कि इन अधिकारियों के बीच अंदरखाने समझौता हो चुका है। सवाल उठता है कि ,अगर अधिकारी वाकई अनभिज्ञ हैं, तो निर्माण खुले आम कैसे जारी है।और यदि इन अधिकारियों को जानकारी है, तो कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

## गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग ने सूची से हटाया

**फिरोजाबाद।** 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग ने सूची से हटाया साथ ही वर्ष 2019 से लगातार 6 वर्षों तक विधानसभा एवं लोकसभा का कोई भी चुनाव न लड़ने वाले और उत्तर प्रदेश में स्थित अपने पंजीकृत पते पर वजूद न रखने वाले 115 राजनीतिक दल यूपी के भी शामिल किए। ऐसे राजनीतिक दल लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 बी' एवं धारा 29 सी' के साथ पठित आयकर अधिनियम 1961 के सुसंगत प्राविधानों एवं चुनाव चिन्ह (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश 1968 के मिलने वाले लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगे। जनपद आगरा में भारत कल्याण पार्टी, ब्रज विकास पार्टी, लोकतांत्रिक युवा शक्ति पार्टी में शामिल किए गए।

भारत निर्वाचन आयोग ने 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को अपनी सूची से हटा दिया है।

# कांग्रेस नगर अध्यक्ष रामसेवक वैद्य का स्वागत



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** आज एटा रोड रिज कॉटेज रोटी बैंक के सामने नगर कांग्रेस कमेटी शिकोहाबाद द्वारा रामसेवक वैद्य नगर अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रामसेवक वैद्य ने कहा जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी आवाज को उठाने का काम करेगी नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर ज्ञापन से लेकर आंदोलन तक करने का कार्य किया जाएगा पूरी नगर पालिका भ्रष्टाचार का एक जाल बन चुकी है इस भ्रष्टाचार को जनता के सामने लाने का काम नगर कांग्रेस कमेटी करेगी नगर शिकोहाबाद की हर गली मोहल्ले में नगर कांग्रेस कमेटी भ्रमण करते हुए हर गली पानी बिजली की समस्या को उठाया जाएगा शहर में आज भी तमाम गलियां ऐसी हैं जिनमे जल भराव की समस्या हो जाती है लेकिन नगर पालिका मूक बदिर बनी रहती है इस मौके पर स्वागत समारोह में नगर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मुकेश उर्फ बाबा तिवारी ,मोहम्मद शादाब, जुल्फिक्कार अली, जगदीश वाल्मीकि, आजाद मोहम्मद, जय राम प्रजापति, अल्ताफ आलम, नत्थी लाल यादव, सोमेश तिवारी आजाद पार्टी असलम अहमद हरीश माथुर रामनाथ कठेरिया मोहम्मद रिजवान चौधरी सगीर कुरैशी प्रदीप कुलश्रेष्ठ फारूक उर्फ बड़ा लक्ष्मण तिवारी इमरान खान कमरुद्दीन बृजेश कुमार फाइन गुलशन समीम बाबू अमर सिंह एडवोकेट सुनील यादव अशरफ अहमद आदि उपस्थित रहे।

## बहन से राखी बंधवाने लखनऊ गए व्यापारी की दुकान से उड़ाए डेढ़ लाख का माल

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** बहन से राखी बंधवाने गए व्यापारी की दुकान से डेढ़ लाख रुपए की सामग्री गायब करने का मामला सामने आया है। रंजिश में पड़ोसी ने व्यापारी के दुकान की एक दीवार भी गिरा दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पूरा मामला सुल्तानपुर सिटी के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चौक घंटाघर इलाके से जुड़ा हुआ है। ठठेरी बाजार मोहल्ला निवासी विनोद सेठ रक्षाबंधन में बहन से राखी बंधवाने के लिए लखनऊ गए हुए थे। जब वह लौट कर आए तो रविवार की देर शाम अपनी दुकान से लगभग डेढ़ लाख का सामान गायब देखकर अवाक रह गए। आरोप के मुताबिक दुकान की एक दीवार भी गिरा दी गई है। नगर कोतवाली पुलिस ने प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर कोतवाल धीरज कुमार बोले, दीवार गिराने का प्रकरण सामने आया है। जांच पड़ताल कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार हुआ उजागर

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है,जिसकी पुष्टि एंटी करप्शन की टीम द्वारा करौंदी कला थाने के एक दरोगा को दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने से हुई। वैसे तो ये जग जाहिर है कि पुलिस बिना पैसा लिए कोई काम नहीं करती है। इसका जीता जागता उदाहरण सुल्तानपुर जनपद की पुलिस विभाग के दरोगा को जब एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों पकड़ा। यह तब देखने को मिला सरकारी घूसखोरी तब सार्वजनिक हुई जब दरोगा जी रंगे हाथ गिरफ्तार किए गए। करौंदीकला थाने में तैनात उपनिरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह को एन्टी करप्शन टीम ने दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। सीओ कादीपुर विनय गौतम ने उक्त मामले में गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

## त्योहार के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** आगामी त्यौहारों को लेकर कुड़वार थाने पर एसडीएम सदर विपिन कुमार चतुर्वेदी सीओ सिटी प्रशांत सिंह की अध्यक्षता में जन्माष्टमी और चेहल्लुम के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम सदर ने त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील लोगों से की। एसडीएम सदर ने लोगों से कहा कि किसी भी कार्यक्रम करने के पहले परमिशन जरूरी है । सीओ सिटी ने कहा कि दोनों त्योहार गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। इसको सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से शांति, आपसी भाईचारे और एकजुटता के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक में प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा को निर्देशित किया कि त्योहार में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में कानूनगो आरपी चौधरी एस आई अमरीश पाठक दीवान राम कुमार यादव, कांस्टेबल अभिषेक, कुड़वार पूर्व ग्राम प्रधान नौशाद अहमद खादर बसंतपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गोपाल सिंह, देबलपुर प्रधान गौरी शंकर यादव,गंजेहडी प्रधान हसीब खान , मडहा प्रधान राम मिलन, प्रधान राम मूरत दुबे सहित क्षेत्र के सैकड़ो संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## ढोल नगाड़ों के साथ सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** कलेक्ट्रेट परिसर में ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित था ,जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आभार व्यक्त किया गया।ज्ञापन में कहा गया कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश का मान-सम्मान बढ़ाया है और इसके लिए प्रधानमंत्री के प्रयास सराहनीय हैं। वहीं,अमेरिका के कथित तानाशाही रवैये पर लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देश की संप्रभुता और गरिमा के मामले में कोई भी बाहरी दबाव स्वीकार्य नहीं होगा। ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा गया।

# सोशल मीडिया पर बाँदा में माहौल खराब करने की साजिश

बाँदा , जब पूरे देश मे छांगुर बाबा के चर्चे जोरो पर चल रहे थे तभी बाँदा मे भी सोशल मीडिया मे आगरा कैटर्रर के नाम से संचालित स्ट्रीट फूड संचालक के नाम पर भी कुछ लोगो द्वारा आपत्ति उठायी गयी , जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल मामले को संज्ञान मे लेकर अपने स्तर से गहन जांच करवायी गयी , आरोप लगाने वालो ने तो इस मामले को देश की सुरक्षा से जोड दिया और होटल संचालक को रोहगिंया से जोड दिया गया। इस पूरे मामले मे सोशल मीडिया पर सुर्खियां बढने लगी तो स्थानीय पुलिस ने तत्काल एक्शन लेकर होटल संचालक से बात की गयी और उसके घर बिहार पुलिस से संपर्क किया गया , आगरा सहित जहां जहां पवन मुखर्जी उर्फ अशरफ अली ने काम किया था वहां से उसके बारे मे जानकारियां एकत्र की गयी और अंत मे अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह ने एक बयान जारी किया जिसमे सोशल मीडिया पर गलत बयानबाजी और माहौल खराब करने वालो को चेतावनी दी कि अब ऐसी किसी भी पोस्ट को वायरल करनेपर विधिक कार्यवाही की जायेगी ।

जबकि पवन मुखर्जी उर्फ अशरफ अली ने पूरे मामले मे अपना पक्ष रखते हुये बताया कि वो वास्तव मे मुस्लमान है और उसके होटल के सभी कागजो मे उसका नाम अशरफ अली ही है उसने कभी भी अपना नाम नही छिपाया है , उसके फूड लाइसेंस मे और गूगल पे मे भी अपना वास्तविक नाम ही रखा है , उसके द्वारा किसी भी प्रकार की धोखाधडी नही की गयी है, हिंदू नाम रखने के सवाल पर उसने बताया कि वो बचपन मे भाग गया था तो उसका पालनहार एक बंगाली द्वारा किया गया था जो उसे पवन के नाम से बुलाता था और उसी पिता तुल्य मुखर्जी ब्राह्मण ने उसको पवन नाम दिया , और आगरा सहित जहां भी वो रेस्टोरेंट मे काम करता था सभी उसे पवन के नाम पर ही बुलाते थे ।

इस पूरे प्रकरण पर बाँदा मे कई लोग जहां पवन उर्फ अशरफ के विरोध मे खडे है तो कई लोग उसके सर्मथन मे भी है जो कहते है कि पवन मुसलमान है और वो उसके साथ है , अब ऐसे मे बाँदा पुलिस अधीक्षक पलास बंसल की दूरगामी सोच के कारण बाँदा किसी नफरती आग मे जलने से बच गया , बाँदा के नागरिको ने पुलिस अधीक्षक की प्रशंसा की है और उनके कार्यशैली से खुश हैं ।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी 2024-25 की क्षतिपूर्ति राशि का राष्ट्रव्यापी वितरण

**बाँदा।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राजस्थान के झुंझुनू से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी 2024-25 मौसम की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान Nation-Wide DBT के माध्यम से किया। इस अवसर पर पूरे देश के साथ उत्तर प्रदेश राज्य से भी राज्यस्तरीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों ने लाइव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जनपद बाँदा में जिला स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक डॉ. अभय कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा एवं विनीत विश्वकर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में करीब 150 से अधिक कृषकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को योजना के लाभ, पारदर्शिता एवं समयबद्ध भुगतान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। ग्राम कटरा निवासी किसान रामस्वरूप ने कहा, ÷पिछले सीजन में ओलावृष्टि से हमारी सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ था, लेकिन समय पर मुआवजा मिलना हमारे लिए राहत की बात है। इसी प्रकार, किसान सुनीता देवी ने कहा, अब हमें भरोसा है कि प्राकृतिक आपदा के समय सरकार और बीमा योजना हमारे साथ है।

# सपा का जोरदार प्रदर्शन राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



■ खाद की किल्लत, बिजली संकट, बाढ़ राहत व टूटी सड़के रहा मुद्दा

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जनपद में सोमवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खां के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया इस दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता खिरनी बाग चौराहे पर एकत्र हुए और जोरदार प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में यूरिया खाद की किल्लत, वर्तमान में विद्युत संकट, क्षेत्र में आई बाढ़ से राहत और बरसात के समय में टूटी सड़के महानगर के अंदर आधे अधूरे नाला निर्माण को लेकर सपा कार्यकर्ताओं में रोष दिखाई दिया इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में खरीफ फसलों की बुवाई के साथ ही धान में यूरिया खाद की जरूरत है और किसान सहकारी समितियां पर 16-16 घंटे लाइन में खड़े होने के बावजूद खाद से वंचित है और सरकार किसान की आय दोगुनी करने का वादा कर रही है ज्ञापन में कहा गया की खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाकर किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए साथ ही जनपद में लगातार हो रही विद्युत कटौती को बंद कर कर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति और गर्रा खन्नौत रामगंगा नदियों में जलस्तर बढ़ने से प्रभावित क्षेत्र में राहत सामग्री उपलब्ध कराने और बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जाने की मांग उठाई गई ज्ञापन में कहा गया कि पिछले दो-तीन दिन से हुई बरसात के कारण मुख्य मार्गो से लेकर संपर्क मार्ग टूट रहे हैं जिन सड़कों का निर्माण हुआ है उनकी गुणवत्ता खराब है जिन सड़कों को दो-तीन महीने पहले बनाया गया वह पहली बरसात में टूट गई , जो भयंकर भ्रष्टाचार है ऐसे मामले में जांच करा कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और महानगर क्षेत्र में मोहल्ला तारीन जलालनगर में गंदे नाले को पाट कर सड़क बनाने का कार्य पिछले कई सालों से कछुआ गति से चल रहा है जिसके कारण नाले के किनारे निवास करने वाले लोग काफी परेशान हैं उनका आवागमन बाधित हो रहा है और आए दिन नाले में हादसा होता रहता है जिस काम को 1 साल में पूरा होना था उस काम में 6 वर्ष बीत चुके हैं उसे तत्काल पूरा कराया जाए जैसे मुद्दे उठाए गए।

# धूमधाम से निकली तिरंगा यात्रा सड़कों पर उमड़ा देश भक्ति का सैलाब

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालाबाद शाहजहांपुर** जलालाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा सुबह 11 बजे ग्रामीण क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौक याकूब पुर चौराहे से प्रारंभ हुई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति का संदेश प्रसारित करना और ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को श्रद्धांजलि देना था। यात्रा में महिला मोर्चा की महिलाएं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, ग्रामीण क्षेत्र व नगर के कार्यकर्ता और दिलों में देशभक्ति रखने वाले लोग एवं अन्य तमाम लोगों ने भाग लिया। जलालाबाद क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र महाराणा प्रताप चौक याकूबपुर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एकत्र हुए जहां से मुख्य अतिथियों ने तिरंगा यात्रा का आगमन किया और तिरंगा यात्रा कोला मोड पहुंची और वहां से वापस महाराणा प्रताप चौक पर संपन्न हुई, और भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई तिरंगा यात्रा में विशेष रूप से सहयोग और कई बार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रहे जितेंद्र प्रताप सिंह का रहा, तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि विनय शर्मा और अभिषेक सिंह ठिगरी भारत माता के उदघोष के साथ तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया, और तिरंगा यात्रा की व्यवस्था को भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री और भाजपा महामंत्री अजय सिंह चंदेल ने तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकत्रित किया और तिरंगा यात्रा निकाली और तिरंगा यात्रा में मौजूद देवेश पांडे, दिनेश सिंह राठौड़, केशव मिश्रा, गौरव प्रताप राघव, भाजपा महामंत्री ग्रामीण मंडल गौतम शर्मा, महिला मोर्चा सुनीता , रोशनी सिंह, प्रीती देवी, रूबी देवी, अर्चना देवी, गुड्डी देवी, ऊषा देवी, प्रमोद सागर उर्फ गुड्डू प्रधान, राजीव शर्मा प्रधान पति, पुष्पेंदर तिवारी, आस्तोष गुप्ता, सतेंद्र सिंह, सोनू भारतद्वाज, मोहित श्रीवास्तव, अनंतराम सागर, मनोज शर्मा, श्यामवीर राठौर, विमलेश दुबेदी प्रधान, राजीव अग्निहोत्री, सतेंद्र तिवारी, दीपक सिंह, रंजीत सिंह रघुवंशी, रुद्रप्रताप सिंह, आरेंद्र प्रधान , शिवम् सिंह उर्फ गोल्डी, अनुराग प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, अंकित कश्याप, राधारमन पाठक , अवनीश वर्मा, कुलदीप दुबे, वीरेश, शर्मा, शिवू सक्सेना गुनारा, अनिल वर्मा, विपिन छोटू , अभिषेक सिंह मीडिया प्रभारी निवर्तमान विधायक शरदवीर सिंह, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला शान्ति समिति की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, श्रीगणेश चतुर्थी पूजा, चेहल्लुम व अन्य त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि बुजुर्गों द्वारा कायम की गई साम्प्रदायिक सौहार्द की परम्परा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी लोगों की है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अच्छे संस्कार, विचार एवं आचरण के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी समाज के बुजुर्गों एवं धर्म गुरूओं की है। डीएम श्री त्रिपाठी ने जनपदवासियों से अपील की है कि आसन्न त्यौहारों को साम्प्रदायिक सौहार्द को कायम रखते हुए हंसी खुशी के साथ मनायें। जिला प्रशासन की ओर से बिजली, पानी एवं साफ-सफाई के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बेहतर से बेहतर प्रबन्ध किये जायेंगे। डीएम ने कहा कि बैठक के दौरान संभ्रान्तजनों एवं आयोजकों की ओर से जो भी सुझाव प्राप्त हुए उनका अनुपालन कराया जायेगा।

# “हर घर तिरंगा” अभियान अन्तर्गत आयोजित हुआ तिरंगा महोत्सव



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से जनपद में 15 अगस्त तक संचालित होने वाले ‘‘हर घर तिरंगा’’ अभियान अन्तर्गत कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट ‘उत्थान’ (आडिटोरियम) में आयोजित तिरंगा महोत्सव/मेला/कल्चरल इवेन्ट का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा पंजीकृत सांस्कृतिक कलाकारों एवं स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में ओडीओपी, आईसीडीएस, ग्रामोद्योग बोर्ड व सहेलदेव एग्रो फार्मर प्रोडयूसर कम्पनी लिमिटेड के स्टाल लगाये गये थे जबकि गुलाब व फूल महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तिरंगा सिलाई केन्द्र के स्टाल लगाये गये थे। समारोह के दौरान विकास खण्ड तेजवापुर के उ.प्रा.वि. बेहटाभया के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यकम, ब्लाक फखरपुर प्रा.वि. अजीजपुर के बच्चों द्वारा हमार देशवा सोने के चिरइया की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। ब्लाक चित्तौरा के उ.प्रा.वि. कमोलिया के बच्चों द्वारा वन्दे मातरम, ब्लाक तेजपापुर संविलियन विद्यालय यादवपुर के बच्चों द्वारा सारे जहां से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा तथा संस्कृति विभाग की ओर से पंकज कुमार एण्ड पार्टी द्वारा देशभक्तिपूर्ण नृत्य तथा सुश्री फाल्गुनी सिन्हा एण्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुत किये गये लोकगीतों को दर्शकों द्वारा सराहा गया।

## नारायण महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा साइकिल रैली निकाली



**शिकोहाबाद, अवधनामा संवाददाता।** आज नारायण महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा साइकिल रैली निकाली गई। रैली को कॉलेज के प्राचार्य प्रो विजय कुमार सिंह ने झंडा दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि यह तिरंगा रैली आमजनों के मन में देशभक्ति की भावना जगाने का कार्य करेगी। तिरंगा रैली कॉलेज से प्रारंभ होकर बस स्टैंड से होते हुए तहसील तिराहा तक निकाली गई। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने देश भक्ति से ओतप्रोत नारे भी लगाए और आमजनों के मध्य देश भक्ति की भावना जगाने का कार्य किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य प्रो0 मनोज यादव, प्रो0 कविता यादव, प्रो संगीता पांडे, डॉ0 मनमोहन राजपूत, डॉ0 अरविंद सेंगर, विनोद, पृथ्वीराज, ओमकार, संतोष सानू, मोहन, मोहित, हरिमोहन एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# नारायण कालेज से स्वामी नगर तक निकाली तिरंगा यात्रा

■ डीसेंट पब्लिक स्कूल पर ध्वजारोहण कर हुआ समापन किया



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** भारतीय किसान यूनियन भानू के विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा सुबह 11 बजे से निकाली गई। यात्रा नारायण इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर स्वामी नगर स्थित डीसेंट पब्लिक स्कूल पर जाकर समापन हुई। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रभारी निरीक्षक ने ध्वजारोहण कर यात्रा का समापन किया। स्वतंत्रा दिवस से पूर्व देश में देशभक्त का माहौल बनाने के उद्देश्य से रविवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं तथा आम जनता ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा नारायण इंटर कॉलेज के समीप रोडवेज बस स्टैंड से प्रारंभ होकर तहसील तिराहा, नारायण तिराहा होते हुए पालीवाल चौराहा, लेबरकालोनी होते हुए नहरपुल से स्वामी नगर स्थित डीसेंट पब्लिक स्कूल पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा में सभी लोग हाथों में तिरंगा ध्वज लेकर भारत माता की जय, बंदे मातरम आदि के उदघोष करते हुए चल रहे थे। तिरंगा यात्रा के साथ भारी पुलिस फोर्स भी रहा। वहीं शाम साढ़े पांच बजे भारतीय जनता पार्टी द्वारा एटा रोड स्थित चौमुखी महादेव मंदिर से एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और आम जनता ने भाग लिया। सभी लोग हाथों में तिरंगा लेकर सड़क पर निकले तो पूरा माहौल देश प्रेम से ओतप्रोत हो गया। इस दौरान चेयरमैन रानी गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता, नगर अध्यक्ष शिवम दीक्षित, पूर्व नगर अध्यक्ष विशाल गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, विपिन गर्ग, सतीश यादव, अवधेश पाठक, सोनी गंभीर, प्रिन्स जैन, अतुल गुप्ता, अरुण गुप्ता, कुलदीप गुप्ता जौनू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा प्रियवृत यादव, योगेश यादव, ओमवीर यादव, अनिल यादव, सुनील, मुगेन्द्र, विवेक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## न्यायालय सूचना

न्या. मा. सिविल जज जू.डि (नगर)सहारनपुर प्र0वाद संख्या- 2220 सन् 2024 मूल वाद सं.1680 सन् 2023 राजकुमार आदि बनाम सादा आदि....नोटिस बनाम... 1:- सादा पुत्र मौहम्मद हसन 2:- अब्दुल मालिक पुत्र इमामुदीन उर्फ इमामी 3. इसहाक पुत्र इमामुदीन उर्फ इमामी (मृतक दौरान वाद) निवासीगण मौहल्ला खानआ लमपुरा मन्दिर वाली गली, घोसियो का मौहल्ला प. तह.व जिला सहारनपुर। मृतक दौरान वाद 3/1:- करीम 3/2:- अब्दुल रहीम 3/3:-बारिक पुत्रगण स्व. इसहाक नि.खान आलमपुरा मन्दिर वाली गली घोसियो की, तहसील व जिला सहारनपुर (विपक्षीगण) चूंकि उपरनामांकित श्री राजकुमार आदि द्वारा मूल वाद संख्या 1680/23 पुर्नस्थापित किये जाने हेतू आवेदन किया है अतएव आप को एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ संदर्शित करने के लिये 2025 के 10 के 7 दिवस को 10.00 बजे पूर्वाह्न में स्वंय या संम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपनें अधिवक्ता द्वारा उपसजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधा रित किया जायेगा.मेरे असल हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित दि.7.8.25 को जारी हुआ।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज नगर (जूडि) सहारनपुर**

## सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है शाही जामा मस्जिद रायपुर सोसाइटी, निकट मदरसा फैजे हिदायत रहीमी रायपुर, तहसील-बेहट जिला-सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु आनलाइन आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें उक्त सोसाइटी में निम्न पदाधिकारी/सदस्य दर्शाए गए हैं।1. मुबीन अहमद अध्यक्ष 2. इरफान अहमद उपाध्यक्ष 3. उबैदुर रहमान प्रबन्धक 4. राव साईम अहमद उप प्रबन्धक 5. श्री सुहैल उर रहमान कोषाध्यक्ष 6.श्री नौमान सदस्य 7.श्री राव तारिक उसमान सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है यदि उक्त प्रश्नगत मस्जिद की सोसाइटी के पंजीकरण के विरुद्ध किसी को कोई भी आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित अधोह स्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है निर्धारित तिथि के बाद आपत्ति पत्र पर विचार करना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मस्जिद के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी किया गया है।

**अज्ञा से (शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**

सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, सहारनपुर

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली** के अन्तर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए **ई-निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 56255622 | Main Compressor (OIL Lubricated) with onboard Mounting Accessories along with Motor (Wound with corona Resistance wire) Capacity 1745 LPM to Specification:- (1) RDSO/2018/EL/SPEC/0137 REV O (2) SPEC/E-10/3/09 (Motor) with Amendment Nos.01,02,03,04,05 & 06. | 14 Nos | 05.09.25 |

**निविदा शर्तें.** 1. विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

**निविदा नोटिस सं.: ईपीएस/ 56/ 2025 ईमेल आईडी: dycmmcb15@gmail.com**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

2447/2025

## महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने हेतु एक्शन एड द्वारा POSH एक्ट जागरूकता निशा कुरैशी



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** एक्शन एड इंडिया द्वारा दिनांक 11 अगस्त को सोनभद्र जनपद के विकाश खंड रॉबर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत बिजौंली में POSH एक्ट (2013) कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम पर आधारित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में स्थानीय महिला, ग्राम पंचायत सदस्य , संगठन साथी, तथा मानवाधिकार रक्षक ने भाग लिया। पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013, जिसे आमतौर पर पीओएसएच अधिनियम (POSH Act) कहा जाता है, एक्शन एड सोनभद्र से निशा कुरैशी ने बताया कि भारत में महिलाओं के लिए कार्यस्थल को सुरक्षित बनाने के लिए बनाया गया एक कानून है। इसका मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न को रोकना, निषेध करना और उसका निवारण करना है। तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न को रोकना और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना है। यौन उत्पीड़न में शारीरिक संपर्क, यौन संबंध बनाने की मांग, यौन टिप्पणी करना, अश्लील साहित्य दिखाना, या किसी भी प्रकार का अवांछित यौन व्यवहार शामिल है। इसके लिए प्रत्येक 10 या अधिक कर्मचारियों वाले संगठन को एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना आवश्यक है, जो यौन उत्पीड़न की शिकायतों की जांच करेगी। प्रत्येक जिले में, जिला अधिकारी को एक स्थानीय शिकायत समिति का गठन करना होता है, जो उन मामलों की जांच करती है जहां आंतरिक समिति का गठन नहीं किया गया है या शिकायत नियोक्ता के खिलाफ है कोई भी पीड़ित महिला या उसका कानूनी उत्तराधिकारी तीन महीने के भीतर लिखित रूप में शिकायत दर्ज करा सकती है। अधिनियम में यौन उत्पीड़न की शिकायत की जांच, सुनवाई और निवारण के लिए प्रक्रिया निर्धारित की गई है । निशा कुरैशी ने ये भी बताया कि अधिनियम कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, गरिमापूर्ण और भेदभाव रहित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा मे अधिनियम की गहरी समझ विकसित करना, तथा समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाना था।

## तिरंगा यात्रा को नपा अध्यक्ष ने किया रवाना



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सोमवार को राबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र के विवेकानंद प्रेक्षागृह परिसर से नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने स्कूली बच्चों के तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि हर घर तिरंगा के संकल्प के साथ 15 अगस्त तक तिरंगा जनसंपर्क अभियान जुलूस निकाला जाना है। इसी क्रम में सोमवार को नगर स्थित विवेकानंद प्रेक्षागृह परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर के विवेकानंद प्रेक्षागृह से निकली यात्रा शीतला चौक से होते हुए स्वर्ण जयंती चौराहा पर पहुंची। यहां बच्चो ने देशभक्ति नारा लगाया। बाद महिला तिराहा होते हुए नगर पालिका कार्यालय पहुंच कर यात्रा का समापन हुआ। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी,जेई राज कुमार, सभासद अनवर अली, मनोज चौबे, प्रदीप, हीरावती, अजीत सिंह, विमलेश कुमार, राजीव कुमार, संत सोनी,सूरज आदि मौजूद रहे।

## तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और गौरव का है प्रतीक



**सोनभद्र/चोपन, अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को चोपन सब्जी मंडी से चोपन पीडब्ल्यूडी बैरियर तक भारतीय जनता पार्टी जनजाति मोर्चा के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल करीब दो सौ कार्यकर्ताओं ने हाथो में तिरंगा लेकर नगर का भ्रमण किया। भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री नागेश्वर प्रसाद गोंड़, चोपन मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, विकास चौबे, मंडल महामंत्री हिमांशु प्रियदर्शी के अलावा विजय कुमार चेरो, रामबिलास गोंड़, देवनारायण गोंड़, मुन्नी लाल खरवार, फुलमती खरवार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। देश की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को सदैव इसके सम्मान के लिए तत्पर रहना चाहिए। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया।

## बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र देने में हीलाहवाली न करें

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन के लिए दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने कर्मचारियों को निर्देश किया कि बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र देने में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली करने पर कार्यवाही की जायेगी। कहा कि जन्म प्रमाण पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है ,जो बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठाने में मदद करता है। इसीलिए, उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे जन्म प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया में तेजी लाएं और इसमें पारदर्शिता और ईमानदारी का पालन करें। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 2. नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 5, नगर पंचायत रेनुकूट में 4, नगर पंचायत पिपरी में 3. पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

## तिरंगा बाइक रैली को डीएम ने किया रवाना

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से तिरंगा बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस तिरंगा बाइक रैली में पुलिस विभाग, जिला पंचायती, नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मलित रहे। तिरंगा बाइक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ होकर सोनभद्र नगर के स्वर्ण जयतीं चैक होते हुए रामलीला मैदान पर पहुंची।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियो से अपील की है कि प्रत्येक नागरिक अपने आवास/स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में तिरंगा झण्डा को सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराए। कहा कि झण्डा फहराते समय सदैव केशरियां रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए, झण्डे को यदि सरकारी परिसर में फहराया जाता है, तो सूर्योदय के उपरान्त ध्वजारोहण किया जाना चाहिए तथा सूर्यास्त के बाद सम्मान के साथ उतारना चाहिए।

# भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन ने इटावा सांसद जितेन्द्र दोहरे व मशहूर शायर रौनक इटावी को किया सम्मानित

- शिक्षा ही समाज की कुरीतियों को ख़त्म करने का माध्यम : गुड्डू मंसूरी
- बैठक में शफी अहमद बालक ने मंसूरी समाज की पुस्तक के प्रकाशन की प्रगति पटल पर रखी

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन कार्य समिति की बैठक होटल मेजवान, चौखर कुआं में आयोजित हुई, जिसमें जनपद के विभिन्न कस्बों व ग्रामीण क्षेत्र के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी मुईनुद्दीन(गुड्डू)मंसूरी ने की। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज को शिक्षित करना आवश्यक है। शिक्षित समाज अपने अधिकारों के प्रति सजग होता है तथा कुरीतियों को समाप्त करने में सहयोग प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में वर्तमान में मैय्यत के घर में खाना का जो रिवाज बन गया है, हम सबको इस कुरीति को समाप्त करने के लिए आगे आना होगा।

बैठक का संचालन एसोसिएशन के महासचिव शफी अहमद मंसूरी(बालक) ने किया। उन्होंने उपस्थित कार्यसमिति के पदाधिकारियों को विगत बैठकों में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन पर रौशनी डालते हुए अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की। उन्होंने मंसूरी समाज की पुस्तक के प्रकाशन की प्रगति भी पटल पर रखी।

बैठक के अंत में भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन ने इटावा सांसद जितेन्द्र दोहरे व मशहूर शायर इंतखाब आलम अशरफी रौनक इटावी को प्रतीक चिन्ह देकर व शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर इटावा सांसद जितेन्द्र दोहरे ने एसोसिएशन का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आपके द्वारा मुझे हमेशा प्यार और सम्मान दिया गया और आज आपने फिर मुझे जो सम्मान दिया उसका मैं तहे दिल से शुक्रगुजार हूँ और आपको आश्वस्त करते हैं कि आपके इस विश्वास को सेवक के तौर पर हमेशा बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग के कार्य किये जा रहे हैं और वह हमेशा इटावा लोकसभा की जनता के बीच सेवक की भांति उपस्थित रहते हैं और जब भी आपको हमारी आवश्यकता हो आप बिना किसी संकोच के हमें आदेश करें आपका सेवक आपके द्वार खड़ा दिखाई देगा। बैठक में शमशेर खां मंसूरी, हाजी हबीब मंसूरी, नसीर मंसूरी, हाजी लड्डन अहमद, हाजी समीउद्दीन मंसूरी, हाजी फैज़ अहमद, हाजी शमीम मंसूरी, हाजी सलीम मंसूरी, हाजी जमीरुद्दीन मंसूरी, हाजी अनवर मंसूरी, सोनकदीन मंसूरी, शमशुद्दीन मंसूरी, तसलीम मंसूरी, मुख्तार अहमद(बंटी), शहर अध्यक्ष शकील अहमद 'पापे', शाहबाज मंसूरी, हामिद मंसूरी, ईशान मंसूरी, शकील मंसूरी, असरार अहमद (टिंकू), अजीम मंसूरी, मुन्ना मंसूरी, शोएब मंसूरी, नूरैन मंसूरी, परवेज मंसूरी(मुन्नू चौधरी), अख़्तर मंसूरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आज़ादी की लड़ाई की सांझी विरासत को बचाने के लिए फिर से सड़कों पर उतरने की ज़रूरत: शिवपाल



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** मुल्क को आजाद कराने में हिंदू और मुसलमानों ने मिलकर आज़ादी की जो लड़ाई लड़ी थी, उस सांझी विरासत को बचाने के लिए फिर एक बार उसी इंकलाबी जज्बे के साथ सड़कों पर उतरने की जरूरत है। ये बात मौलाना आज़ाद सामाजिक एकता समिति उ.प्र. के तत्वावधान में शनिवार को चौधरी होटल के सभागार में आयोजित हुए ÷अगस्त क्रांति दिवस समारोह÷में समाजवादी नेता और प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि जो लोग आजादी की लड़ाई के वक्त अंग्रेजों से मिले हुए थे, वही आज फिर देश में फिरकापरस्ती और नफरत को बढ़ावा देकर समाज की बांटने में लगे हुए हैं। इसलिए यह जागने का वक्त है, यदि हम सोए रहे तो हमारे क्रांतिकारियों ने जो सपने देखे थे, वे चूर चूर हो जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद मो.अदीब ने कहा कि फिरंगी सत्ता को हिलाने के लिए गांधी, मौलाना जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने मिलकर जो संघर्ष किया था, और आज़ाद मुल्क का जो सपना देखा था, वो हिंदुस्तान बना तो आज दिखाई नहीं दे रहा है। आज मायूसी के हालात है। गांधी का हिंदुस्तान, गोडसे का हिंदुस्तान बनता जा रहा है, इसलिए ये वक्त फैसले का है कि एक इंकलाब फिर से शुरू होना चाहिए ताकि सांझी विरासत वाला हिन्दुस्तान बचा रह सके। अमर शहीद अशफाकुल्ला के पौत्र अशफाकुल्ला ने कहा कि गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए पं.राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाकुल्ला ने जो लड़ाई लड़ी थी, वो दोस्ती आज कहां खो गई है?उसी दोस्ती को बचाए रखने के लिए शिवपाल सिंह, मो.अदीब और जमील कुरैशी जैसे अमन पसन्द लोग आपके बीच आकर हिंदू मुस्लिम एकता की लड़ाई लड़ रहे हैं। कार्यक्रम में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी मो.अनीस अंसारी, अंजारुल हसन, मो. इलियास एवं मो.रिजवान अहमद ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए विचार रखे। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के पूर्व महाधिवक्ता राज बहादुर सिंह यादव एडवोकेट ने की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के अध्यक्ष और संयोजक जमील कुरैशी ने आज़ादी के आंदोलन के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा सभी का आभार जताया।

## एस.एम.जी.आई.के धैर्य अग्रवाल बी.सी.ए. परीक्षा में बने टॉपर

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के अन्तर्गत संचालित विवेकानन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी (सम्बद्व सी.एस.जे.एम.यू., कानपुर) में अध्ययनरत् बी.सी.ए.के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर अपने शानदार परीक्षा परिणाम से अपनी श्रेष्ठता साबित की है। संस्था के डायरेक्टर डा. उमा शंकर शर्मा एवं प्राचार्य ने बताया कि हर वर्ष की तरह ही सी0एस0जे0एम0 यू0कानपुर द्वारा घोषित बी.सी.ए.के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम इस बार भी शतप्रतिशत रहा है। बी.सी.ए.द्वितीय सेमेस्टर में धैर्य अग्रवाल ने 84.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, भूमि पाल ने 80.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, प्रखर दीक्षित ने 79.16 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, आयुश रौशन ने 76.6 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं शिवादित्य चतुर्वेदी ने 76.0 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया है। सर मदनलाल ग्रुप के चेयरमैन डा. विवेक यादव ने संस्थान के छात्रों के इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा. उमाशंकर शर्मा विभागाध्यक्षा नीतू सक्सेना सहित समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डीएम ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया

- हर घर तिरंगा अभियान

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत तिरंगा यात्रा राजकीय इंटर कॉलेज से शास्त्री चौराहा होते हुए नुमाइश पंडाल में पहुँची, जिसमें 250 हृष्ट कैडेट तथा 300 भूतपूर्व सैनिक सम्मिलित हुए। जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया गया। यात्रा में नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0राजेश कुमार, राष्ट्र राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ दीपक सक्सेना, डॉ0मुकेश तथा भूतपूर्व सैनिक कल्याण के कर्नल हयात उल्लाह सम्मिलित हुए। उक्त के पश्चात हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत वीरों को नमन, तिरंगा महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम नुमाइस पंडाल में जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन संस्कृति परिषद द्वारा संपन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान 02 अगस्त, 2025 से 15 अगस्त, 2025 तक तीन चरणों में संचालित किया जायेगा। जिसमें प्रथम चरण 02 अगस्त, 2025 से 08 अगस्त, 2025 तक द्वितीय चरण 09 अगस्त, 2025 से 12 अगस्त, 2025 तक तथा तृतीय चरण 13 अगस्त, 2025 से 15 अगस्त, 2025 तक होगा। उक्त कार्यक्रम हर घर तिरंगा अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत नुमाइस पण्डाल में विभिन्न स्कूल /कालेजों के शिक्षक/शिक्षिकाओं, छात्र/छात्राओं एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, विभिन्न स्कूल /कालेजों से आये शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर राष्ट्रीय ध्वज से सजाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ पर हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत स्वतन्त्रता दिवस को भव्यता के साथ मनायें। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं बच्चों और युवाओं में भारतीय सेनाओं के प्रति जागरूकता हेतु छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं नुक्कड नाटक आदि प्रस्तुत किये गये। तिरंगा रैली के मुख्य आयोजक जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हयात उल्लाह ने बताया कि तिरंगा रैली का मुख्य उद्देश्य हर घर तिरंगा अभियान 2025 के युवाओं में भारतीय सशस्त्र बलों के बारे में जागरूकता और हमारी सशस्त्र सेनाओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर (07 मई 2025 से 10 मई 2025) की महान सफलता को प्रदर्शित करना था। उन्होंने बताया कि तिरंगा रैली में इटावा के विभिन्न पूर्व सैनिक संगठनों के अध्यक्ष, जिला प्रशासन के अधिकारी और शहीद विधवाएँ भी उपस्थित रही। कमांडर हयात उल्लाह ने रैली के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# जहां चाह वहां राह... बीहड़ से राष्ट्रपति भवन तक का सफर

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** के.आर.गर्ल्स इण्टर कॉलेज लखना की विज्ञान शिक्षिका श्रीमती प्रीति यादव के हौसले की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है उनके जज्बे के कारण विद्यालय में अध्ययनरत छात्राएं रूपाली, अविका, जिया, अंशिका त्रिपाठी, अनामिका को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति महोदया से मिलने का सुअवसर प्राप्त हुआ। आपकी इस मुहिम से लाखों बालिकाओं को ऊर्जा मिलेगी। यह जनपद इटावा के लिए गौरव की बात है, आपका अपने कार्यों के प्रति समर्पण, सक्रियता, लगन एवं नवाचार अनुकरणीय है। आप इसी तरह आगे बढ़ती रहें। पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा इटावा साथ ही अन्य शिक्षक कर्मचारी संगठनों ने हार्दिक बधाई दी है।

**सादगी और साहस से भरी हुई शख्सियतें ही असली ताकत होती हैं**

इटावा। 9 अगस्त 2025 को (के.आर.गर्ल्स इण्टर कॉलेज लखना, इटावा)की छात्राओं एवं पूरे देश के कोने-कोने से आए हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के साथ सेलिब्रेट करने का अद्भुत अवसर मिला। मेरे लिए यह अवसर अविस्मरणीय रहा। मुझे भारत की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के विचारों को साक्षात सुनने का अवसर मिला। यह अनुभव मेरे लिए एक विशेष महत्व रखता है और जीवन में कुछ बड़ा और सार्थक करने की प्रेरणा देता है। शुभ रक्षाबंधन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने रक्षाबंधन को न केवल भाई-बहन के त्यौहार का हिस्सा बताया, बल्कि पूरे देश से पूरी प्रकृति जीव, जंतु, मानव एवं पेड़-पौधों को जोड़कर समझाया और पर्यावरण को भी रक्षा के सूत्र में बांधने के लिए प्रेरित किया। उनसे मिलकर मुझे यह अहसास हुआ कि सादगी और साहस से भरी हुई शख्सियतें ही असली ताकत होती हैं। उनका व्यक्तित्व, उनका दृष्टिकोण और देश के प्रति उनका समर्पण देखकर मैं बेहद प्रभावित हई। इस मुलाकात ने मुझे यह सिखाया कि अपने संघर्षों और समर्पण से किसी भी ऊंचाई तक पहुंचा जा सकता है।

**विज्ञान शिक्षिका प्रीति यादव**
**(के.आर.गर्ल्स इंटर कॉलेज लखना, इटावा)**

**छात्रा अविका–** द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात अविका के जीवन का एक यादगार क्षण बन गया। उनके सादगीपूर्ण व्यवहार और संघर्षों से भरे प्रेरणादायक जीवन ने अविका को गहराई से छू लिया।

**रूपाली–** द्रौपदी मुर्मू जी से हुई मुलाकात ने रूपाली के मन में एक नई चेतना और आत्मबल का संचार किया। राष्ट्रपति जी के संघर्षों और सादगीपूर्ण जीवन से प्रेरित होकर रूपाली ने यह महसूस किया कि मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास से किसी भी सपने को सच किया जा सकता है।

**ज़िया–** द्रौपदी मुर्मू जी से मिलना जिया के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। उनके जीवन संघर्ष, सरलता और दृढ़ निश्चय ने जिया को यह सिखाया कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, अगर मन में हौसला हो तो कोई भी मुकाम पाया जा सकता है।

**अंशिका–** द्रौपदी मुर्मू जी से मिलने का अवसर अंशिका के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव रहा। राष्ट्रपति जी के जीवन में आए संघर्षों और उनकी सादगी से अंशिका ने यह सीखा कि कठिनाइयाँ जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें पार करके आगे बढ़ना ही सच्ची सफलता है।

**अनामिका–** द्रौपदी मुर्मू जी से मिलना अनामिका के लिए न सिर्फ एक गौरवपूर्ण पल था, बल्कि एक गहरी प्रेरणा का स्रोत भी बना। राष्ट्रपति जी की विनम्रता, संघर्षों भरा जीवन और देश सेवा की भावना ने अनामिका को यह सिखाया कि आत्मविश्वास और मेहनत से असंभव भी संभव हो सकता है।

## राहत सामग्री न मिलने पर बाढ़ पीड़ितों का चक्का जाम, एसडीएम के आश्वासन पर खुला मार्ग



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** बाढ़ ग्रस्त डिग्गी मोहल्ला के दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने राहत सामग्री न मिलने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर सड़क पर चक्का जाम कर दिया। अचानक हुए इस प्रदर्शन से आवागमन बाधित हो गया। सूचना पाकर पुलिस व उपजिलाधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। एसडीएम ने कहा कि जिन लोगों को राहत सामग्री नहीं मिली है, उनकी सूची उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें मदद पहुंचाई जा सके। आश्वासन के बाद लोगों ने जाम समाप्त किया और यातायात बहाल हुआ।

## राहत सामग्री से वंचित डिग्गी निवासी, कलेक्ट्रेट गेट पर हाईवे जाम



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** डिग्गी मुहाल के बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री किट न मिलने से नाराज लोगों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट गेट के बाहर कालपी स्टेट हाईवे जाम कर दिया। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर पहुंचे एसडीएम के.डी. शर्मा और सदर कोतवाल राकेश कुमार ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। स्थानीय निवासी अरविंद के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि जिन घरों में बाढ़ का पानी नहीं पहुंचा, वहां भी किट का वितरण किया गया, जबकि उनके घरों में कमर तक पानी भरने के बावजूद उन्हें किट नहीं मिली। एसडीएम ने वंचित लोगों की सूची बनवाकर जल्द राहत सामग्री किट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में प्रियंका शुक्ला, अमित नारायण शुक्ला, संगीता, शिवशंकर, निशा, सुमन, शीला, टिर्रा यादव, सर्वेश यादव, अर्चना यादव, गुरुचरण वर्मा, रविकरण वर्मा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## शस्त्र प्रदर्शन व धार्मिक नारों के बीच गूंजी हिन्दू राष्ट्र की हुंकार



**मौदहा हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** कस्बे में सोमवार को हिन्दू राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सैनी गेस्ट हाउस से प्रारंभ हुई इस शोभायात्रा में जमकर शस्त्रों का प्रदर्शन हुआ और धार्मिक नारे गूंजे। निरंजनी अखाड़े के संत मधुराम दास के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा देवी चौराहा, मलीकुआ चौराहा होते हुए बड़ी देवी मंदिर तक पहुंची। यात्रा के दौरान संतों ने सनातन धर्म में फैल रही नशाखोरी और नाच-गाने की परंपरा को समाप्त करने का आह्वान किया। जुलूस में उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, कोतवाली प्रभारी, नायब तहसीलदार समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा। शोभायात्रा धार्मिक अनुष्ठान के साथ शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई।

## गुटखा थूकने का विरोध करने पर दबंग ने वृद्ध महिला को छत से फेंका, गंभीर घायल



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** राठ कोतवाली क्षेत्र के सरसई गाँव में गुटखा थूकने का विरोध करने पर एक दबंग युवक ने 65 वर्षीय महिला को दूसरी मंजिल से पहली मंजिल की छत पर फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। रविवार शाम करीब 6:30 बजे घटना के समय महिला ताराानी पत्नी स्वामी प्रसाद ने युवक को अपनी छत पर पान मसाला थूकने से मना किया था। आरोप है कि नाराज युवक ने गाली-गलौज करते हुए महिला को धक्का देकर नीचे गिरा दिया। घायल महिला को डायल 112 पुलिस की मदद से सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया। महिला के पुत्र का कहना है कि आरोपी युवक से पुराना जमीनी विवाद चल रहा है और वह पहले भी मारपीट कर चुका है। राठ कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## बैंकों व सार्वजनिक स्थलों पर चला सघन चेकिंग अभियान

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूट धाम परिक्षेत्र, बांदा राजेश एस एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न बैंकों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की गहन जांच की। बैंक परिसर, एटीएम और अन्य संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया गया। मौके पर उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।चेकिंग के दौरान पुलिस ने आमजन को बैंकिंग धोखाधड़ी, साइबर अपराध और संदिग्ध गतिविधियों से सतर्क रहने की सलाह दी। अधिकारियों ने बैंक कर्मियों और सुरक्षा गार्डों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि सभी सीसीटीवी कैमरे सही तरीके से कार्य कर रहे हैं।

## आज निकलेगी तिरंगा बाइक रैली, सीडीओ ने की तैयारियों की समीक्षा

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत 12 अगस्त को सुबह 9:30 बजे तिरंगा बाइक रैली निकाली जाएगी। सीडीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि रैली लक्ष्मीबाई तिराहा से शुरू होकर यमुना घाट, कालपी चौराहा, रमेड़ी तिराहा, महिला थाना, पशु चिकित्सालय, बस स्टैंड, कोतवाली, हाथी दरवाजा, राजकीय इंटर कॉलेज, आकिल तिराहा और पंजाब नेशनल बैंक होते हुए नगर भ्रमण कर राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में समाप्त होगी। कार्यक्रम की सफल आयोजन हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करेंगे। रैली में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों सहित भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न

**हमीरपुर।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम निर्धारण को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक हुई। डीएम ने बताया कि इस बार स्वतंत्रता दिवस के साथ ही संविधान अंगीकरण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनपद में ÷हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान÷ थीम पर प्रभात फेरियां, तिरंगा रैलियां, महिला सशक्तिकरण व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह और 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भी मनाया जाएगा। डीएम ने सभी कार्यालयों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सपा प्रमुख की गिरफ्तारी पर सपाई आक्रोशित



■ कहा एस आई आर के नाम पर मतदाता सूंची में की जा रही गड़बड़ी का सड़क से लेकर सदन तक करेंगे विरोध

**अवधनामा ब्यूरो**

**प्रयागराज/लखनऊ।** एस आई आर के नाम पर मतदाता सूंची में की जा रही गड़बड़ी पर नाराज विपक्ष के नेताओं के चुनाव आयोग जाकर विरोध जताने से पहले ही रास्ते में रोक कर सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित तमाम नेताओं की गिरफ्तारी पर स्थानीय सपा जनों ने आपात बैठक कर इस घटना पर आक्रोश जताते हुए सरकार एवं चुनाव आयोग की तीखी आलोचना की है। सपा नेताओं ने गिरफ्तारी की कार्रवाई को तानाशाही एवं लोकतंत्र विरोधी करार देते हुए कहा है कि जिस तरह से चुनाव आयोग एस आई आर के नाम पर मतदाता सूंची में मनमानी तरीके से गड़बड़ी कर रहा है ऐसा बर्दास्त नहीं किया जायेगा।. सपा नेताओं का आरोप है कि सत्ता के इशारे पर चुनाव आयोग विपक्ष से मिलकर बात नहीं करना चाहता है जबकि विपक्षी नेताओं के पास मतदाता सूची में गड़बड़ किये जाने के पर्याप्त साक्ष्य मौजूद है। इसका ताज़ा उदाहरण है कि उत्तर प्रदेश में कुछ माह पहले संपन्न विधानसभा के उपचुनाव के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा 18000 लोंगो के नाम विलोपित किये जाने की सूची हालफनामा के साथ चुनाव आयोग को सौंपी थी मगर आज तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई सरकार और आयोग तय नहीं कर पाया है। सपा कार्यालय पर आहूत आपात बैठक में नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिये पूरा पीडीए समाज आगे आ चुका है और सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने को तैयार है। सपाजनों ने अखिलेश यादव सहित गिरफ्तार नेताओं की शीघ्र रिहाई न किये जाने पर बड़े आंदोलन के लिये बाध्य होने की जानकारी देते हुए कहा है कि इसके लिये सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार होगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, रविन्द्र यादव एडवोकेट, संदीप यादव पूर्व प्रत्याशी, दान बहादुर मधुर, राम अवध पाल, आर एन यादव, योगेश पाल, सचिन श्रीवास्तव, नाटे चौधरी, रोहित यादव एडवोकेट, भोला कुशवाहा, संजय सम्राट, स्वतंत्र यादव, मेहरबान सिंह, अमित मुलायम, हरिश्चन्द्र यादव, विनोद, शैलेन्द्र पाल आदि मौजूद रहे।

## अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में सड़क पर उतरे सपाई

■ किया विरोध प्रदर्शन, चक्का जाम, यातायात ठप




दिल्ली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुलिस ने हिरासत में लिए जाने के बाद पूरे प्रदेश में सियासत गर्मा गई है। विरोध में सोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेशभर में सड़कों पर उतर आए और जगह-जगह प्रदर्शन करने लगे।

प्रयागराज में भी इस गिरफ्तारी का व्यापक विरोध देखने को मिला। सुभाष चौराहे पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और नेता एकत्र हुए और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ता पुलिस प्रशासन से टकराव की स्थिति में पहुंच गए, जब उन्होंने विरोध स्वरूप पुतला जलाने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने पुतला जलाने से रोक दिया, जिसके बाद आक्रोशित कार्यकर्ता सड़क पर ही बैठ गए और चक्का जाम कर दिया।

इस दौरान सुभाष चौराहे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने समझाने की कोशिश की, लेकिन सपा कार्यकर्ता अपने नेता के समर्थन में अड़े रहे और लगातार नारे लगाते रहे तानाशाही नहीं चलेगी अखिलेश यादव जिंदाबाद और लोकतंत्र बचाओ जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा।

सपा नेता संदीप यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वर्तमान सरकार पूरी तरह से तानाशाही रवैया अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जताने और ज्ञापन देने का अधिकार छीना जा रहा है।

उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक अखिलेश यादव को रिहा नहीं किया जाता और लोकतांत्रिक अधिकारों की गारंटी नहीं दी जाती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर हटाया, जिससे यातायात बहाल हो सका। हालांकि, सपा कार्यकर्ताओं ने साफ कहा कि यह विरोध केवल शुरुआत है और आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# काकोरी गोलीकांड: मुख्य आरोपी गुड्डू और सचिन ने कोर्ट में किया सरेंडर

■ पैसों के विवाद में दोस्त को गोली मारने का मामला

■ पुलिस की दबिश के चलते मुख्य आरोपी समेत दो अन्य ने किया आत्मसमर्पण



**अवधनामा ब्यूरो**

**काकोरी लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में सोमवार को एक बड़ी खबर सामने आई है। बीते शनिवार को मोहीउद्दीनपुर गांव में पैसों के विवाद को लेकर हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपी गुड्डू उर्फ शैलेंद्र और एक अन्य आरोपी सचिन ने सोमवार को लखनऊ की एक स्थानीय अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस की लगातार दबिश और बढ़ते दबाव के कारण यह आत्मसमर्पण हुआ। इस घटना में अपने ही दोस्त अनिल कुमार गौतम को गोली मारी गई थी, जो अब भी ट्रॉमा सेंटर में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। पुलिस ने रविवार को ही इस मामले के दो अन्य आरोपियों अंकित और बउवा को गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद अब इस घटना से जुड़े सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं।

यह मामला शनिवार, अगस्त 9, को सुबह करीब 11:30 बजे सामने आया था। मोहीउद्दीनपुर गांव निवासी अनिल कुमार गौतम (25) अपने दोस्त गुड्डू उर्फ शैलेंद्र और अंकित के साथ मौजूद थे। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि अनिल ने अंकित से अपने उधार के पैसे मांगे थे, जिस पर गुड्डू भड़क गया और अनिल के साथ उसकी कहासुनी हो गई। यह विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर गुड्डू अपने घर से अपने पिता हरिराम की लाइसेंसी डबल बैरल 12 बोर बंदूक ले आया और उसने अनिल पर गोली चला दी। गोली अनिल की पीठ में लगी थी, जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने अनिल को अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

# समाजवादी पार्टी का बीजेपी पर हमला

■ लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए प्रदर्शन

■ लखनऊ में हजरतगंज चौराहे पर सपाइयों का प्रदर्शन, सरकार पर तानाशाही का आरोप

■ पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया, रिहाई की मांग



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में समाजवादी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर हमला बोला है। सपा ने सरकार की कार्रवाई को तानाशाही करार देते हुए संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए देशव्यापी प्रदर्शन का ऐलान किया है। इसी क्रम में सोमवार को लखनऊ के हजरतगंज में पार्टी के छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में नौजवानों और महिला कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए, जिनमें पीडीए ने ठाना है, स्ढ्ढक्र वापस करवाना है और लोकतंत्र की हत्या बंद करो, श्री अखिलेश यादव को रिहा करो शामिल थे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बीजेपी और चुनाव आयोग पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए वोट चोरी का मुद्दा भी उठाया। छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए समाजवादी नौजवानों का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की लाठी और गिरफ्तारी से उनका मनोबल नहीं तोड़ा जा सकता है। प्रदर्शन में महेंद्र कुमार यादव के साथ राज साहनी, दीपक छतवारा, आकाश यादव, विवेक सिंह, आलोक प्रताप, हिमांशु संघर्षी, अंकित यादव, मोहित पाल, अंकित शेरा, रवि प्रकाश, आशीष यादव, अनुज रावत, युवराज सिंह, राजीव यादव, प्रवेश यादव और सुजीत कुमार जैसे प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, महिला सभा की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वंदना चतुर्वेदी के नेतृत्व में रंजना वर्मा पटेल, प्रीति सिंह, रामावती यादव और रंजना शर्मा ने भी विधानभवन के सामने प्रदर्शन कर गिरफ्तारी दी।

# बच्चों को खिलाई गयी एल्बेंडाजाल कृमि नाशक दवा



**अवधनामा ब्यूरो**

**अयोध्या/लखनऊ।** अयोध्या राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर आज 11 अगस्त को शिक्षा क्षेत्र मया के अन्तर्गत स्थित बीना सबीना पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोशाईगंज, मया अयोध्या में सभी बच्चों को खिलाई गयी एल्बेंडाजाल कृमि नाशक दवा।और बच्चों को पेट के कीड़े के बारे में बताया गया की कृमि नाशक एलबेंडाजाल 6 महीने में एक बार जरूर खाना चाहिये। नहीं तो पेट के कीड़े लीवर पर अटैक कर देते हैं, जिसकी वजह से बच्चों को पेट दर्द,भूख न लगना,आंतों में रुकावट, वजन घटना, उल्टी,दस्त एवं चिड़चिड़ापन जैसी गम्भीर एवं जटिल संक्रमण के शिकार हो जाते हैं, जिसके कारण बच्चों का पढ़ने में बिल्कुल मन नहीं लगता हैं। इसलिए 1 साल से 19 साल तक के बच्चों को सभी विद्यालयों में सरकार द्वारा एल्बेंडाजोल की दवा साल में दो बार अगस्त और फरवरी महीने में खिलाई जाती हैं,ताकि बच्चों के पेट में कीड़े की रोकथाम पर काबू पाया जा सकें। लेकिन एल्बेंडाजाल की गोली को चबाकर ही खाना चहिये,एवं उसके बाद एक गिलास पानी जरूर पीना चाहिये। प्रभारी प्रधानाध्यक एम.ए. इदरीशी ने सभी बच्चों को एल्बेंडाजाल कृमि नाशक दवा खाने के बारे में एवं उसके फायदे के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

# अजाए हजरत इमाम हुसैन एक अजीम इबादत है : मौलाना जैगम अब्बास

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** कर्बला के शहीदों की याद में शहर के इमामबाड़ों, कर्बलाओं, रौजों और घरों में मजलिसों-मातम और शब्बेदारियों का सिलसिला जारी है। यूनिटी प्लाजा महताबबाग फर्स्ट में मजलिस को मौलाना जैगम अब्बास जैदी ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि अजाए सय्यदु शोहदा एक अजीम इबादत है। यह इबादत सम्पूर्ण वाजिब इबादतों की हिफाजत करे हुए है। उन्होंने कहा कि यह मुमकिन नहीं है कि कोई अजादार फर्श-ए-अजा हुसैन पर आए और फर्श-ए-मुसल्ला-ए-इबादत पर न पहुँचे। उन्होंने कहा कि अजाए सय्यदु शोहदा हमें बताती है कि हमें वाजिबात किस तरह अंजाम देना हैं। मौलाना ने इमाम हुसैन की बहन हजरत जैनब के मासूम बच्चों हजरत औन व हजरत मोहम्मद की दर्दनाक शहादतों को बयान किया तो अजादार रोने लगे। मजलिस से पूर्व नूरैन रिजवी, मुजफ्फर काजिम, अब्बास रजा और मास्टर मुर्तुजा ने पेशख्वानी की। मजलिस बाद नूरैन रिजवी ने नौहा पढ़ा तीरों के मुस्लल्ले पर वह सज्दा ए शुकराना,शब्बीर ने सिखलाया इस्लाम पर मर जाना सुनकर अजादारों की आंखे नम हो गई।



### इमामबाड़ा उम्मुल बनीन में मजलिस शुरू

शहीदाने कर्बला के चेहलुम के सिलसिले में इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में सोमवार से चार दिवासीय मजलिसों का आयोजन हो गया। मजलिस को मौलाना शाहिद रजा ने मजलिस को खिताब किया। अन्यमजलिसों को मौलाना शाकिर हुसैन , मौलाना सलमान अली और मौलाना अफजाल रिजवी रात 8 बजे खिताब करेंगे।

### अंजुमन शब्बीरिया की शब्बेदारी का समापन

**लखनऊ।** अंजुमने शब्बीरिया की शीशमहल में तीन दिन से चल रही सालाना तरही शब्बेदारी का अलविदाई अलम उठने के बाद समापन हो गया। अजादारों के अलविदाई अलम अपने कंधों पर इमामबाड़ा अज्जु साहब से निकाला और नौहाख्वानी व सीनाजनी करते हुए अलम को शीशमहल में गश्त कराकर अजादारों को जियारत करायी। इसके बाद अलम पत्थर वाली मस्जिद ले जाया गया।

### लखनऊ में रोजगार मेले का आयोजन आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश में 06 से 13 अगस्त, 2025 तक संचालित 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान' के अंतर्गत कल 12 अगस्त, 2025 को डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ में दिव्यांगजन हेतु एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में 21 प्रतिष्ठित कंपनियों, जिनमें Billions of Mind, Agaes Federal Life, SEDAC, Media Pvt. Ltd, Amazon इत्यादि प्रमुख हैं, की भागीदारी संभावित है। आयोजन का समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में जनपद भर से 1000 से अधिक दिव्यांगजन युवाओं की प्रतिभागिता अपेक्षित है, जिनमें से न्यूनतम 500 दिव्यांगजनों को सवेतन रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही एमएसएमई विभाग के अधिकारी भी रोजगार मेले में उपस्थित रहेंगे, जो स्वरोजगार में रुचि रखने वाले बेरोजगार दिव्यांगजनों को मार्गदर्शन एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सहयोग प्रदान करेंगे।

# स्वतंत्रता दिवस पर शीला एड मेकर्स कम कीमत पर उपलब्ध कराएगा तिरंगा झंडा

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** आजादी का जश्न और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा संकल्प के अंतर्गत लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए शीला एड-मेकर्स तिरंगे झंडे को कम कीमत पर उपलब्ध कराएगा। राजधानी के हसनगंज गुड़मंडी डालीगंज स्थित शीला एड-मेकर्स के प्रमुख अजय अग्रवाल ने बताया की राष्ट्रीय पर्व के मौके पर बाजार में तिरंगे के अलावा स्टीकर, बैच, रिस्ट-बैंड, पगड़ी, टोपी, टी-शर्ट, साड़ी की बहुत मांग है। राजधानी के सभी सरकारी कार्यालय, मकान, प्रतिष्ठान, रेस्तरां, शॉपिंग मॉल्स स्वतंत्रता दिवस को लेकर तिरंगे के रंग में रंगने शुरू हो चुके हैं। अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को साकार करने के लिए शीला ऐड मेकर ने हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के झंडे और इससे संबंधित अन्य सामान की कीमत, शहर में अन्य बिकने वाले झंडे से एकदम कम रखी है, ताकि हर वर्ग का व्यक्ति तिरंगा झंडा खरीद कर इस अभियान का हिस्सा बन सके और स्वतंत्रता दिवस को उत्साहपूर्वक मना सके। उन्होंने बताया कि शीला एड-मेकर्स तिरंगे झंडे को मैनुफ़ैचरिंग रेट पर उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था ने पेपर झंडा 5 रूपए से 25 रूपए प्रति पीस, बाइक झंडा 15 रूपए से 70 रूपए, कपड़ा झंडा 20 रूपए से 150 रुपए, बैच 3 रूपए से 50 रुपए तक की कीमत रखी है। उन्होंने बताया कि अनुमान है कि इस साल करीब 600 करोड़ रुपए का तिरंगा झंडा बिक्री की उम्मीद है, जिससे 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। अजय अग्रवाल ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान अपील के चलते राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री बढ़ गई है। आयोजित होने वाली तिरंगा गौरव यात्रा, सार्वजनिक सभा और सम्मेलनों के लिए हमारे यहां राष्ट्रीय ध्वज की खरीदारी के लिए ऑनलाइन सेवा भी उपलब्ध है, डिजिटल इंडिया की राह चलते हुए शीला एड मेकर्स ऑर्डर मिलने पर माल की सप्लाई कुछ घंटों में छोटे से छोटे और बड़े से बड़े शहरों में ऑर्डर के अनुरूप आपूर्ति, संबंधित व्यक्ति और संस्था को 12 से 18 घंटे में प्रदान करेगा।

## उत्तर प्रदेश में बिजली निजीकरण का विफल प्रयोग बंद करने की मांग, संघर्ष समिति ने सांसदों-विधायकों को भेजा पत्र

# गरीब जनता पर निजीकरण थोपने का हो रहा विरोध

■ ग्रेटर नोएडा और आगरा की व्यवस्था सरकारी क्षेत्र में लेने की मांग

■ कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने सरकार के सामने रखे आंकड़े



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने राज्य के सभी सांसदों और विधायकों को एक पत्र भेजकर मांग की है कि बिजली के निजीकरण का असफल प्रयोग प्रदेश की गरीब जनता पर न थोपा जाए। समिति ने आग्रह किया है कि ग्रेटर नोएडा और आगरा में निजीकरण के तहत चल रही बिजली वितरण व्यवस्था को वापस पावर कॉर्पोरेशन के अधिकार में लिया जाए।

संघर्ष समिति ने अपने पत्र में विस्तार से बताया है कि बिजली का निजीकरण उड़ीसा समेत कई अन्य राज्यों में पूरी तरह विफल हो चुका है। उत्तर प्रदेश में भी ग्रेटर नोएडा और आगरा में निजीकरण के कारण पावर कॉर्पोरेशन को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। समिति ने जोर देकर कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश के विजन के लिए सबसे जरूरी है कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण का फैसला तुरंत रद्द किया जाए और ग्रेटर नोएडा तथा आगरा की बिजली वितरण व्यवस्था को सरकारी नियंत्रण में लाया जाए।

आगरा में टॉरेंट पावर कंपनी की फेंचाइजी का जिक्र करते हुए समिति ने 2010 से 2024 तक का हर साल का विवरण दिया है। पत्र के अनुसार, पावर कॉर्पोरेशन महंगी दरों पर बिजली खरीदकर टॉरेंट पावर को सस्ती दरों पर बेचता रहा है, जिससे उसे लगातार भारी घाटा हो रहा है। समिति ने सवाल उठाया कि यह कैसा निजीकरण है, जिसमें निजी क्षेत्र को बिजली की आपूर्ति करने में ही पावर कॉर्पोरेशन को 2434 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। समिति का दावा है कि यह नुकसान असल में लगभग 10,000 करोड़ रुपये का है।

पत्र में बताया गया है कि 2023-24 में पावर कॉर्पोरेशन ने 5.55 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदकर टॉरेंट पावर को 4.36 रुपये प्रति यूनिट की दर पर बेची। इससे कॉर्पोरेशन को एक साल में 274 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। वहीं, आगरा एक औद्योगिक शहर होने के कारण वहां बिजली की बिक्री दर 7.98 रुपये प्रति यूनिट है। इस तरह, टॉरेंट पावर ने केवल एक साल में लगभग 800 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। अगर यह व्यवस्था सरकारी हाथों में होती, तो यह मुनाफा पावर कॉर्पोरेशन को मिलता, जिससे एक साल में लगभग 1000 करोड़ रुपये का घाटा होने से बच जाता।

समिति ने यह भी बताया कि 1 अप्रैल 2010 को आगरा शहर में पावर कॉर्पोरेशन का 2200 करोड़ रुपये का बकाया था। समझौते के अनुसार, टॉरेंट पावर को यह रकम वसूल कर कॉर्पोरेशन को लौटानी थी। इसके बदले कॉर्पोरेशन को 10 प्रतिशत इंसेंटिव देना था।

# 79 किलो लड्डू के साथ मनेगा आजादी का महा उत्सव

■ 12 अगस्त को होगा वृक्षारोपण और शाम को होगा देश भक्ति का आयोजन

■ 13अगस्त को शहीद स्मारक पर वीर शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

■ 14 अगस्त को शहर में लगी शहीदों और महापुरुषों की मूर्तियों की होगी साफसफाई



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस धूम धाम से मनाने को लेकर जश्न ए आजादी ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया में संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता जश्न ए आजादी ट्रस्ट के संरक्षक मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा,महामंत्री निगहत खान मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन जुबैर अहमद ने किया।इस अवसर पर अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह से सभी धर्मो के लोग अपने मुख्य त्योहार होली दिवाली,बकरीद, गुरु पर्व,क्रिसमस को मनाते हैं उसी तरह से हम सब लोगो को राष्ट्रीय पर्वो का जश्न भी धूमधाम से मनाना चाहिए।

15 अगस्त और 26 जनवरी हमारे राष्ट्रीय पर्व हैं। श्री मुरलीधर ने जश्न ए आजादी ट्रस्ट के कार्यक्रम के बारे में बताया कि 9 अगस्त को ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने काकोरी काण्ड के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि आर्पित की। 10 अगस्त को योग गुरु के डी मिश्रा ने जनेश्वर मिश्र पार्क मे योग शिविर मे लोगों को योग के गुण सिखाए। आज 11 अगस्त को स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का निशुल्क आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व वेदव्रत बाजपेई राष्ट्रीय कवि/प्रबंधक मैरीटो कान्वेंट स्कूल एवं डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी अध्यक्ष डॉक्टर हैनीमैन चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया। कल 12 अगस्त को शहर के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण होगा एवं ओपन जिम का उद्घाटन किया जाएगा। इसका नेतृत्व साकेत शर्मा पूर्व पार्षद वरिष्ठ भाजपा नेता की देखरेख मे होगा। शाम को संगीत नाटक अकादमी गोमती नगर में एक शाम वतन के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है यह इवेंट सन्मार्ग इवेंट एक्सपर्ट द्वारा किया जाएगा। 13 अगस्त को उत्तर प्रदेश ज़िला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के नेतृत्व में वीर शहीदों की याद में एक शाम वीर शहीदों के नाम तथा पीएसी बैंड द्वारा देशभक्ति के तराने पेश किए जाएंगे साथ ही 79 दीप जलाकर शहीद स्मारक कारगिल पार्क में स्थापित वीर शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। 14 अगस्त को शहर के विभिन्न स्थानों पर शहीद महापुरुषों की पूर्तियों की साफ सफ़ाई और उस पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि आर्पित की जाएगी। इसका नेतृत्व मुर्तजा अली अध्यक्ष पीस एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट और कुदरत उल्ला खान अध्यक्ष इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी की देख रेख मे हो रहा है।

